3 **राजधानी**
सदन की मर्यादा तार-तार अब शुरू हुआ पोस्टर वार

6 **प्रादेशिकी**
बरसाना में मनेगी लट्ठमार होगी

10 **विदेश**
पौडेल का नेपाल का राष्ट्रपति बनना लगभग तय

11 **राष्ट्रीय**
नक्सलियों से मुठभेड़ में तीन पुलिसकर्मी शहीद

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 113
नई दिल्ली, रविवार, 26 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



टीम में सांस्कृतिक परिवर्तन के लिए स्वयं पर गर्व
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# शांति प्रक्रिया में योगदान को भारत तैयार: मोदी

**यूक्रेन संघर्ष**

● प्रधानमंत्री और जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज ने स्वच्छ ऊर्जा, कारोबार, रक्षा और नई प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ करने पर चर्चा की

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली

**यूक्रेन-रूस** के बीच जारी संघर्ष पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को किसी भी शांति प्रक्रिया में योगदान देने की बात कही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज से वार्ता के बाद कहा कि भारत यूक्रेन में घटनाक्रम शुरू होने के समय से ही संवाद और कूटनीति के माध्यम से विवाद को सुलझाने पर जोर दिया है और वह किसी भी शांति प्रक्रिया में योगदान देने के लिए तैयार है। वहीं, जर्मनी के चांसलर शोल्ज ने इस संकट पर संयुक्त राष्ट्र में देशों को अपना रूख स्पष्ट करने की जरूरत बताई।

प्रधानमंत्री मोदी और चांसलर शोल्ज की वार्ता में रूस-यूक्रेन संघर्ष के एक वर्ष पूरे होने पर इसके कारण खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा जैसे प्रभावों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने स्वच्छ ऊर्जा, कारोबार, निवेश, रक्षा और नई प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ करने पर चर्चा की। बैठक के बाद संयुक्त बयान में जर्मनी के चांसलर शोल्ज ने कहा कि यूक्रेन के खिलाफ रूस का आक्रमण बड़ी आपदा है और इसका दुनिया पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट करना बेहद जरूरी है कि हम संयुक्त राष्ट्र सहित इस विषय पर दृढ़ है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय संबंध ही वैश्विक संबंधों को संचालित करते हैं। जर्मनी के चांसलर ने कहा कि यूक्रेन में युद्ध के कारण भारी नुकसान हुआ, बुनियादी ढांचे और ऊर्जा ग्रिड नष्ट हो गए। युद्ध मूलभूत सिद्धांतों का उल्लंघन करता है, जिससे हम सभी सहमत हैं, आप हिंसा के माध्यम से (देशों की) सीमाओं को नहीं बदल सकते। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कोविड महामारी और यूक्रेन संघर्ष के प्रभाव पूरे विश्व पर पड़ा है। विकासशील देशों पर इसका विशेष रूप से नकारात्मक प्रभाव रहा है। हमने इस बारे मे अपनी साझा चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हम इस बात से सहमत हैं कि इन समस्याओं का समाधान संयुक्त प्रयासों से ही संभव है और जी20 की अध्यक्षता करने के दौरान भी भारत इस दिशा में प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यूक्रेन में घटनाक्रम शुरु होने के समय से ही भारत ने संवाद और कूटनीति के माध्यम से इस विवाद को सुलझाने पर जोर दिया है। उन्होंने भारत किसी भी शांति प्रक्रिया



नई दिल्ली में जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

में योगदान देने के लिए तैयार है। जर्मनी के चांसलर शोल्ज ने कहा कि जर्मनी चाहता है कि भारत और यूरोप के बीच कारोबारी संबंध और गहरे हों।

उन्होंने कहा कि दोनों तरफ से कारोबार एवं निवेश से आगे बढ़ते हुए भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता को अंतिम रूप देने की ओर बढ़ें। शोल्ज ने सुझाव दिया कि वह भारत और यूरोपीय संघ के बीच बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौता और निवेश संरक्षण समझौते को जल्द अंतिम रूप देने में भूमिका निभाएंगे। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, चांसलर ओलाफ शोल्ज के साथ सार्थक वार्ता की। हमारी बातचीत भारत-जर्मनी सहयोग को मजबूत बनाने और कारोबारी संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने पर केंद्रित रही। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही थे जिन्होंने पिछले वर्ष सितंबर में समरकंद में खुले तौर पर कहा था कि यह युद्ध का युग नहीं है। चर्चा में इसे दोनों के एक दूसरे के परिप्रेक्ष्य के बारे में समझ के रूप में देखते हैं। क्वात्रा ने कहा कि यूक्रेन संघर्ष पर वार्ता पर ध्यान इस बात पर रहा कि भारत और जर्मनी किस प्रकार से शांति स्थापना में सहयोगी बन सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक अन्य ट्वीट में कहा, चांसलर शोल्ज और मैंने शीर्ष सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारियों) से मुलाकात की और हमारे देशों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने के रास्तों पर चर्चा की।

बैठक में डिजिटल परिवर्तन, फिनटेक, सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार जैसे विषय उठे। जर्मनी के चांसलर दो दिवसीय यात्रा पर शनिवार को भारत पहुंचे। दिसंबर, 2021 में जर्मनी का चांसलर बनने के बाद शोल्ज की यह पहली भारत यात्रा है। शोल्ज ने कहा, खाद्य और और ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि एशिया, अफ्रीका, अमेरिका के देशों पर आक्रामक युद्ध का नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़े। प्रधानमंत्री ने कहा कि चांसलर शोल्ज़ के साथ आए कारोबारी शिष्टमंडल और भारतीय उद्योगपतियों के बीच एक सफल बैठक हुई, और कुछ अच्छे समझौते, बड़े महत्वपूर्ण समझौते भी हुए। मोदी ने कहा कि आज मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान की वजह से भारत में सभी क्षेत्रों में नए अवसर खुल रहे हैं और इन अवसरों ( शेष पेज 8 )

# भाजपा को लाभ पहुंचाएगा तीसरा मोर्चा: खड़गे

● महाधिवेशन में बोले कांग्रेस अध्यक्ष- लोकसभा चुनाव में जीत के लिए समान विचारधारा वाले दलों से तालमेल को तैयार

**पायनियर समाचार सेवा।** रायपुर/नई दिल्ली

**आगामी** लोकसभा चुनाव में तीसरा मोर्चा बनाकर अलग ताल ठोकने की तैयारियों में जुटे तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, भारत राष्ट्र समिति समेत अन्य दलों को कांग्रेस ने शनिवार को सीधा राजनीतिक संदेश दिया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रायपुर में चल रहे महाधिवेशन के मंच से कहा कि आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में तीसरे मोर्चे जैसा कोई भी प्रयास भारतीय जनता पार्टी को लाभ पहुंचाएगा। संप्रग का सहयोगी होने के बावजूद तृणमूल कांग्रेस लगातार कांग्रेस पर निशाना साधती रहती है, जबकि बीआरएस प्रमुख और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव नया मोर्चा बनाने की कोशिशों में जुटे हैं।

कांग्रेस के 85वें महाधिवेशन में अपने संबोधन में खड़गे ने कहा कि उनकी पार्टी अगले लोकसभा चुनाव में केंद्र की जनविरोधी भाजपा सरकार से छुटकारा पाने के लिए एक ठोस विकल्प देने के मकसद से धर्मनिरपेक्ष क्षेत्रीय दलों समेत समान विचारधारा वाली सभी ताकतों के साथ तालमेल



रायपुर में कांग्रेस के महाधिवेशन में बोलते कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे

करना चाहती है। इसके लिए वह कोई भी कुर्बानी देने को तैयार है। महाधिवेशन में तैयार राजनीतिक मसौदा प्रस्ताव में कहा गया कि कांग्रेस 2024 के लिए सबसे बड़े जनसंपर्क कार्यक्रम के बाद एक दृष्टि दस्तावेज तैयार करेगी, जिसमें बेरोजगारी, गरीबी उन्मूलन, मुद्रास्फीति, महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा कठिन परिस्थितियों में कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सक्षम और निर्णायक नेतृत्व प्रदान कर सकती है। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 तक कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन ने देश के लोगों की प्रभावी ढंग से सेवा की। खड़गे ने कहा कि हम एक बार फिर जनविरोधी और अलोकतांत्रिक भाजपा सरकार को हराने के लिए समान विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन करके एक व्यवहार्य विकल्प बनाने के लिए तत्पर हैं। खड़गे ने कहा कि हम अपने देश के लोगों के कल्याण के लिए लगातार प्रयास करेंगे और इसके लिए जो भी बलिदान की आवश्यकता होगी, वह देंगे।

राज्यों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए हमारे लक्ष्य बिल्कुल स्पष्ट है। विपक्षी दलों को एकजुट करने की कोशिशों के बीच कांग्रेस अध्यक्ष की यह टिप्पणी काफी महत्वपूर्ण है। पूर्ण सत्र के लिए मसौदा प्रस्ताव राजनीतिक मामलों के उप-समूह द्वारा तैयार किया गया था, जिसकी अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री एम वीरप्पा मोइली और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण कर रहे हैं। मसौदा प्रस्ताव में कहा गया है कि धर्मनिरपेक्ष और ( शेष पेज 8 )

# अब भाजपा में नहीं हो सकेगी नीतीश की एंट्री: अमित शाह

**भाषा।** लौरिया

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को आरोप लगाया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी प्रधानमंत्री पद की महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए भारतीय जनता पार्टी का साथ छोड़कर कांग्रेस और राजद से हाथ मिलाया है। शाह ने कहा कि नीतीश कुमार की यह महत्वाकांक्षा प्रत्एक तीन वर्ष में जोर पकड़ लेती है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने पश्चिम चंपारण जिले के लौरिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि कुमार राजद नेता तेजस्वी यादव को अगला मुख्यमंत्री बनाने के लिए सहमत हो गए हैं और कहा कि उन्हें घोषणा करनी चाहिए कि वह वह ऐसा कब करना चाहते हैं। बाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में शाह ने कुमार पर बिहार को जंगल राज में धकेलने का आरोप लगाया जिसके लिए वह पूर्ववर्ती कांग्रेस और राजद शासन को दोषी ठहराया करते थे। शाह ने कहा, आया राम, गया राम अब बहुत हुआ,



नीतीश कुमार के लिए पार्टी के दरवाजे अब हमेशा के लिए बंद हैं। उन्होंने कहा, जय प्रकाश नारायण के दिनों से कांग्रेस और जंगलराज के खिलाफ जीवन भर संघर्ष करने के बाद अब नीतीश कुमार बिहार में जंगलराज लाने वाले लालू प्रसाद की गोद में और सोनिया गांधी के चरणों में बैठ गए हैं।

वह प्रधानमंत्री पद की अपनी महत्वाकांक्षा के लिए विकासवादी से अवसरवादी बन गए हैं। उन्होंने कहा, बहुत हुआ आया राम, गया राम, नीतीश कुमार के लिए भाजपा के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो गए हैं। शाह ने कुमार की पार्टी पर नए गठबंधन सहयोगी ( शेष पेज 8 )

# एमसीडी की स्थायी समिति के पुन: चुनाव पर कोर्ट की रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति के छह सदस्यों के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जाने पर शनिवार को रोक लगा दी। निगम सदन में तीन दिन लगातार हंगामे और मारपीट के बाद शुक्रवार को महापौर शैली ओबरॉय ने यह चुनाव 27 फरवरी को दोबारा कराने की घोषणा की थी। हाई कोर्ट ने सदन सीसीटीवी फुटेज भी संरक्षित करने के आदेश दिए हैं, जिनमें तीनों दिनों का हंगामा कैद है। अदालत के फैसले पर भाजपा ने खुशी जाहिर की है। न्यायमूर्ति गौरंग कंठ ने अदालत की छुट्टी के दिन मामले में विशेष सुनवाई करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि 24 फरवरी को हुए चुनाव के परिणाम घोषित किए बगैर महापौर सोमवार को नए सिरे से चुनाव करा रही हैं, जो नियमों का उल्लंघन है। उल्लेखनीय है कि महापौर निर्वाचन अधिकारी भी हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि ( शेष पेज 8 )

# माफिया कोई हो, उसे मिट्टी में मिला देंगे: आदित्यनाथ



● प्रयागराज की घटना पर विधानसभा में विपक्ष पर गरजे यूपी के सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** सभा में शनिवार को प्रयागराज में पूर्व विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह और उसके एक सुरक्षाकर्मी की हत्या के मामले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के बीच तीखी नोकझोंक हुई। नेता सदन व सीएम योगी ने कहा कि माफियाओं और अपराधियों को प्रश्रय समाजवादी पार्टी ने दिया और अब चाहे कोई भी माफिया हो यह सरकार उसे मिट्टी में मिला देगी। उन्होंने कहा कि अतीक अहमद को समाजवादी पार्टी ने ही कई-कई बार एमपी व एमएलए बनवाया है। इस पर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव वेल में आ गए और उनके साथ सपा के अन्य सदस्य भी वेल में आ गए।

विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के आग्रह करने के बाद सपा सदस्य वापस अपने आसन पर गए। विधानसभा में शनिवार को सुबह 11 बजे जैसी सत्र की कार्यवाही शुरू हुई वैसे ही सपा के मुख्य सचेतक मनोज कुमार पांडेय ने प्रयागराज की घटना पर चर्चा कराने की मांग की। इस बीच नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रयागराज में गवाह और एक सुरक्षाकर्मी की जिस तरह गोलियां बरसाकर हत्या ( शेष पेज 8 )

# सोनिया के बयान से उपजा भ्रम, कांग्रेस ने दी सफाई



● कहा-खुशी है कि भारत जोड़ो यात्रा के साथ मेरी पारी का अंत हो सका, पार्टी बोली, उनका आशय अध्यक्ष पद की पारी पूरी होने से था

**पायनियर समाचार सेवा।** नवा रायपुर

**कांग्रेस** की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी प्रमुख के रूप में अपने कार्यकाल का उल्लेख करते हुए शनिवार को कहा कि सबसे बड़ी खुशी है कि भारत जोड़ो यात्रा के साथ उनकी पारी का अंत हो सका। उन्होंने पार्टी के 85वें महाधिवेशन में यह टिप्पणी की। मीडिया के एक हिस्से में उनके बयान को राजनीति से संन्यास के रूप में पेश किया गया, जिसका पार्टी ने खंडन किया है। सोनिया गांधी की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने कहा, सोनिया जी की टिप्पणी का मतलब अध्यक्ष पद की पारी पूरी होने को लेकर था, राजनीति से पारी के पूरी होने के बारे में नहीं था। कांग्रेस के सूत्रों ने ( शेष पेज 8 )

## सोनिया गांधी के भाषण में हताशा दिखी: रविशंकर

● बलूनी बोले, कांग्रेस का महाधिवेशन उसकी नकारात्मकता और द्वेष का प्रतीक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सभी** संस्थाओं पर भाजपा सरकार के कब्जा कर लेने संबंधी बयान को लेकर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की आलोचना करते हुए केंद्र में सत्तारूढ़ दल ने शनिवार को कहा कि यह इन संस्थाओं की स्वायत्ता और संस्थागत सम्मान पर हमला है। भाजपा नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि नवा रायपुर में अपनी पार्टी के महाधिवेशन में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा दिया गया



भाषण हताशापूर्ण है तथा उसमें इस अहसास का अभाव है कि विपक्षी दल की अपील इतनी सीमित क्यों है। प्रसाद ने कहा कि यदि देश के लोग कांग्रेस के लिए मतदान नहीं करते हैं, तो उन्हें (सोनिया को) निर्वाचन आयोग पर क्यों आरोप लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सोनिया और उनका परिवार यह तथ्य स्वीकार करने को अनिच्छुक है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के तहत समाज के सभी वर्गों को विकास का लाभ प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा ( शेष पेज 8 )

**बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,463 | |
| निफ्टी | 17,465 | |
| सोना | 55,840 | /10g |
| चांदी | 64,517 | /kg |

**क्विक न्यूज**

### बंगाल में केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक की कार पर हमला

**दिनहाटा।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशीथ प्रमाणिक ने शनिवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के समर्थकों ने पश्चिम बंगाल में कूचबिहार जिले के दिनहाटा में उनके काफिले पर हमला किया। हालांकि, राज्य में सत्तारूढ़ टीएमसी ने आरोपों को बेबुनियाद करार दिया है। प्रमाणिक के आवास के पास टीएमसी द्वारा दिन भर धरना दिए जाने के बाद एक हफ्ते के अंदर यह हमला हुआ है। प्रमाणिक ने दावा किया, न सिर्फ मेरे काफिले पर पथराव किया गया, बल्कि गोलियां भी चलाई गईं। बम भी फेंके गए। पूरी घटना पुलिस के सामने हुई और वह मूकदर्शक बनी रही। मंत्री के काफिले पर उस वक्त हमला किया गया, जब वह भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए एक कार्यक्रम मे जा रहे थे।

# आईएसआईएस के आठ सदस्य दोषी ठहराए गए

**भाषा।** नई दिल्ली

**लखनऊ** में एक विशेष अदालत ने आतंकी साजिश के मामले में आईएसआईएस के आठ संदिग्ध सदस्यों को दोषी करार दिया है। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। एनआईए अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध आतंकियों की दोषसिद्धि वैश्विक आतंकी समूह के सदस्यों के खिलाफ उसकी राष्ट्रव्यापी कार्वाई में एक बड़ी सफलता है।

संघीय जांच एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि विशेष एनआईए अदालत सोमवार को सजा सुनाएगी। उन्होंने बताया कि सात मार्च 2017 को भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन में हुए एक विस्फोट में इन दोषियों की संलिप्तता थी। इस घटना में 10 लोग घायल हो गए थे। ट्रेन में विस्फोट की घटना का मामला अभी अदालत में विचाराधीन है। उल्लेखनीय है कि आठों दोषियों को आतंकी गतिविधियों की साजिश रचने से जुड़े कानपुर षडयंत्र मामले में 2017 में गिरफ्तार किया गया था। भारतीय दंड संहिता, गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था।

एनआईए की जांच में यह खुलासा हुआ कि दोषियों ने आईईडी बनाई और उनमें से कुछ का परीक्षण किया तथा उन्हें उत्तर प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर लगाने की कोशिश की थी। प्रवक्ता ने बताया कि आतंकी समूह ने कई स्थानों से कथित तौर पर अवैध हथियार और विस्फोटक सामग्री जुटाई थी। अधिकारी ने बताया कि आईएसआईएस की साजिश का मामला उस वक्त सामने आया, जब कानपुर नगर निवासी मुख्य आरोपी मोहम्मद फैसल ( शेष पेज 8 )

# संस्थानों से कहां गलती हुई कि छात्र दे रहे जान : सीजेआई

**आईआईटी छात्र खुदकुशी**

● प्रधान न्यायाधीश ने विद्यार्थियों की आत्महत्या की घटनाओं पर जताई चिंता

**एजेंसी।** हैदराबाद

**भारत** के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने छात्रों द्वारा कथित तौर पर आत्महत्या किए जाने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए शनिवार को कहा कि आखिर संस्थानों से कहां गलती हुई है कि विद्यार्थी खुद की जान लेने के लिए मजबूर हो गए हैं।

मुंबई स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी-बॉम्बे) में पिछले दिनों एक छात्र की कथित आत्महत्या के संदर्भ में उन्होंने कहा कि मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति वह संवेदना व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि वह इस बात से चकित हैं कि संस्थानों ने कहां गलती की है जिसके चलते छात्र अपनी जान



लेने को मजबूर हैं। हाल ही में आईआईटी बॉम्बे में एक दलित छात्र की कथित आत्महत्या की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्ग के लोगों द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटनाएं आम होती जा रही हैं। प्रधान न्यायाधीश ने यहां द नेशनल एकेडमी ऑफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च (एनएएलएसएआर) में आयोजित दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक परिवर्तन के लिए अदालतों के अंदर और बाहर समाज से संवाद स्थापित करने में न्यायाधीशों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा, हाल ही में मैंने आईआईटी बॉम्बे में एक दलित छात्र की आत्महत्या के बारे में पढ़ा। इसने मुझे पिछले साल ओडिशा में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में एक जनजातीय छात्र की आत्महत्या की घटना याद दिला दी। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मैं इन छात्रों के परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं।

लेकिन मैं यह भी सोच रहा हूं कि हमारे संस्थानों ने कहां गलती की है, जिसके चलते छात्रों को अपना बहुमूल्य जीवन खत्म करने को मजबूर होना पड़ रहा है। गुजरात के रहने वाले प्रथम वर्ष के छात्र दर्शन सोलंकी ने कथित तौर पर 12 फरवरी को आईआईटी बॉम्बे में आत्महत्या कर ली थी। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ये कुछ उदाहरण हैं, जिनसे पता चलता है कि पिछड़े समुदायों में आत्महत्या की घटनाएं आम हो रही हैं। ये संख्याएं सिर्फ आंकड़े नहीं हैं। ये कभी-कभी सदियों के संघर्ष की कहानियां बयां करती हैं। मेरा मानना है कि अगर हम इस समस्या का समाधान करना चाहते हैं तो पहला कदम समस्या को स्वीकार करना ( शेष पेज 8 )

## तेलंगाना में एमबीबीएस के छात्र ने की आत्महत्या

**निजामाबाद (तेलंगाना)।** एमबीबीएस अंतिम वर्ष के एक छात्र ने अपने छात्रावास के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि हर्ष (एमबीबीएस छात्र) बीती रात कमरे में गया और सुबह बाहर नहीं निकला। उसके दोस्तों ने दरवाजा तोड़ा तो उसका शव फंदे से लटका मिला। उन्होंने तुरंत अधिकारियों को सूचना दी। मेडिकल कॉलेज के एक अधिकारी ने बताया कि हर्ष एक होशियार छात्र था और अंतिम वर्ष के दो पेपर पहले ही ( शेष पेज 8 )

# मप्र में तीन खड़ी बसों को ट्रक ने मारी टक्कर, 14 की मौत

**भाषा।** भोपाल

**मध्य** प्रदेश में रीवा और सतना जिलों की सीमा पर शुक्रवार रात को एक ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी तीन बसों को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मृतक संख्या बढ़कर 14 हो गई है, वहीं इसमें कम से कम 60 अन्य घायल भी हुए है। अधिकारियों ने यह जानकारी शनिवार को दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि हादसा शुक्रवार रात करीब नौ बजे बरखड़ा गांव के पास सुरंग के बाहर हुआ और बसों में सवार लोग सतना शहर में कोल महाकुंभ से लौट रहे थे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शबरी माता जयंती के अवसर पर दिन में इस कार्यक्रम को संबोधित किया था। जिस जगह पर हादसा हुआ वह भोपाल से करीब 500 किलोमीटर दूर है। अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) डॉ. राजेश राजोरा ने बताया, 14 लोगों की मृत्यु हो गई और 60 अन्य घायल हो गए। घायलों ( शेष पेज 8 )

# रैपिड रेल का टिकट एप से मिलेगा

## ऑनलाइन पैसा देकर मिलेगा क्यूआर कोड, स्कैन कर यात्री स्टेशन पर करेंगे प्रवेश

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



देश की पहली रीजनल रैपिड रेल का टिकट पाने के लिए लोगों को लाइन में नहीं लगना होगा। टिकट पूरी तरह पेपर लैस होगा। एप्लीकेशन डिजाइन कर रहा है। इस एप से ऑनलाइन पैसा देकर एक कोड मिलेगा। स्टेशन पर लगी मशीन के सामने इस कोड को स्कैन करके यात्री एंट्री कर सकेगा। रोजाना के यात्री चाहें तो मेट्रो की तर्ज पर प्लास्टिक कार्ड जारी करवा सकते हैं।

अधिकारियों ने शुक्रवार को साहिबाबाद स्टेशन का दौरा करने के बाद मीडियाकर्मियों को अब तक हुए कामकाज की जानकारी दी। प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि जून पहले फेज में साहिबाबाद से दुहाई के बीच रैपिड रेल चलने की उम्मीद है। करीब 17 किलोमीटर में पांच स्टेशन हैं। इनका काम तेजी से पूरा होने की तरफ है। स्टेशनों के नीचे नीले रंग की फसाड लाइट लगाई जा रही है। प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर लगाने का काम तेजी से जारी है। रीजनल रैपिड रेल की महत्वपूर्ण बात एक और है। मेट्रो ट्रेनों की तरह रैपिड रेल के सभी स्टेशनों पर सारे गेट ऑटोमेटिक नहीं खुलेंगे। एंट्री-एग्जिट के लिए यात्री को खुद बटन प्रेस करना होगा। यानि यात्री जिस गेट पर बटन दबाएगा, वही गेट खुलेगा। बाकी अन्य गेट बंद रहेंगे।

ऐसा इसलिए किया जा रहा है, जिससे रैपिड रेल के कोच की कूलिंग बनी रहे और बिजली की खपत कम से कम हो। जब तक गेट बंद नहीं होगा, तब तक रैपिड रेल आगे नहीं बढ़ेगी। छह कोच वाली इस ट्रेन में एक प्रीमियम कोच है। प्रीमियम कोच में एक वेंडिंग मशीन लगी होगी।

यात्री चाहें तो सिक्का डालकर इस मशीन से कॉफी या चाय का स्वाद ले सकते हैं। इस कोच में हर सीट पर मोबाइल या लैपटॉप चार्जिंग पॉइंट मिलेगा। इसके अलावा स्ट्रेचर और व्हीलचेयर खड़ी करने की भी सुविधा है।

# फास्टैग से जुड़ेंगीं मल्टी लेवल पार्किंग



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● स्मार्ट पार्क एप से स्लॉट करना होगा बुक, कंपनी के साथ किया जाएगा समझौता

**पहले चरण में इन पार्किंग को जोड़ा जाएगा**

| स्थान | क्षमता | खर्च |
|---|---|---|
| 1. सेक्टर38ए | 7000 वाहन | 580 करोड़ |
| 2. सेक्टर-एक | 534 वाहन | 47 करोड़ |
| 3. सेक्टर-तीन | 565 वाहन | 62 करोड़ |
| 4. सेक्टर-पांच | 262 वाहन | 32 करोड़ |
| 5. सेक्टर-18 | 3000 वाहन | 243 करोड |
| 6. सेक्टर-16ए | 1292 वाहन | 110 करोड़ |

**नोट: दूसरे चरण में सरफेस पार्किंग को भी कर सकेंगे बुक**

नोएडा की मल्टी लेवल पार्किंग को टोल पार्किंग में तब्दील किया जा रहा है। अब यहां पार्किंग के लिए कोई पर्ची नहीं लेनी होगी।

कार पर लगे फास्टैग से पैसा कट जाएगा इसकी जानकारी आपके अकाउंट में शो हो जाएगी। ये वहीं फास्टैग है जो हाइवे और एक्सप्रेसवे पर टोल देते समय इस्तेमाल होते है। इसका संचालन स्मार्ट पार्क एप के जरिए होगा। मसलन मल्टी लेवल पार्किंग में स्लाट बुक करने के बाद आपको यहां बैरियर से होकर जाना होगा। बैरियर में लगे कैमरे ऑटोमैटिक फास्ट टैग को डिटेक्ट कर लेंगे।

इसके बाद जब वापस जाएंगे तो घंटे के हिसाब से पैसा कट जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण पार्क स्मार्ट टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू साइन करने जा रहा है। ये एमओयू इसी सप्ताह हो जाएगा। प्राधिकरण ने बताया कि इस प्रोजेक्ट का लाइव डेमों किया जा चुका है। एमओयू साइन होते ही इसे शहर की सभी मल्टी लेवल पार्किंग में लागू कर दिया जाएगा। प्राधिकरण ने बताया कि पार्किंग में फास्टैग सिस्टम लागू करने के तीन स्टेप है। पहला टेक्नोलॉजी दूसरा नेशनल पेमेंट काउंसिल ऑफ इंडिया तीसरा प्राधिकरण। एनपीसीआई से परमिशन मिलने के बाद नियमानुसार तीन दिन के अंदर फास्टैग से कटा पूरा पैसा प्राधिकरण के खाते में जाएगा।

मल्टीलेवल पार्किंग को स्मार्ट पार्क एप से जोड़ दिया गया है। शहर में कही से भी मोबाइल एप के जरिए पार्किंग की बुकिंग की जा सकेगी। गूगल मैप के जरिए पार्किंग तक पहुंचना भी जा सकेगा।

Piramal
Capital & Housing Finance

**पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड**

(पूर्वतः दीवान हाउसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के नाम से ज्ञात) सीआईएन : L65910MH1984PLC032639
पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन,फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई – 400 070–टी +91 22 3802 4000
शाखा पता : प्लॉट नंबर 6, ब्लॉक ए, सेक्टर–2, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201 301
सम्पर्क व्यक्ति : 1. निशांत गौतम – 9899216466 2. नवीन कपूर – 9810854841 3. रोशन सावंत – 9833143013

**ई–नीलामी बिक्री सूचना–अनुवर्ती बिक्री**

पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः डीएचएफएल के नाम से ज्ञात) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर्जदार/रों से बकाया राशि की वसूली के लिए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अधोहस्ताक्षरी द्वारा यहां नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति का कब्जा लिए जाने के अनुसरण में उसके "जैसा है जहां है आधार" "जो है जैसा है" तथा "जो भी है वहां है आधार" पर क्रय हेतु ऑफर्स आमंत्रित हैं। सम्पत्ति का विवरण नीचे दिया गया है।

| ऋण कोड/ शाखा/ कर्जदार(रों) /सह–कर्जदार(रों)/ गारंटर(रों) का नाम | मांग सूचना तिथि एवं राशि | सम्पत्ति पता–अंतिम | सुरक्षित मूल्य | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (आरपी की 10 प्रतिशत) | कुल बकाया राशि (15–02–2023) |
|---|---|---|---|---|---|
| (ऋण कोड संख्या 25500000283, नेताजी सुभाष प्लेस (शाखा), अजय कुमार भल्ला, (कर्जदार), अंजू भल्ला (सह कर्जदार 1) अरूण कुमार (गारंटर 4) | 26–10–2017, रू. 13,01,557/– (रूपए तेरह लाख एक हजार पांच सौ सत्तावन मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : फ्लैट नंबर 184, द्वितीय तल, ब्लॉक एन, संजय नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201002 चौहद्दी – उत्तर : रोड (नीचे), दक्षिण : प्रवेश, पूरब : रोड (नीचे), पश्चिम : फ्लैट नंबर 191 | रू. 8,01,900/– (रू. आठ लाख एक हजार नौ सौ मात्र) | रू. 80,190/– (रू. अस्सी हजार एक सौ नब्बे मात्र) | रू. 14,35,811.52/– (रू. चौदह लाख पैंतीस हजार आठ सौ ग्यारह तथा पैसे बावन मात्र) |
| (ऋण कोड संख्या 19000000246, राज नगर (शाखा), लियाना टूअरिज्म प्रा. लि., (कर्जदार), अर्चना शिशोदिया (सह कर्जदार 1) प्रदीप शिशोदिया (सह कर्जदार 2) | 28–08–2018, रू. 19,00,385/– (रूपए उन्नीस लाख तीन सौ पिचासी मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : दुकान नंबर 23, प्रथम तल, आरडीसी राज नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201001 | रू. 18,00,000/– (रू. अठारह लाख मात्र) | रू. 1,80,000/– (रू. एक लाख अस्सी हजार मात्र) | रू. 25,19,964.04/– (रू. पच्चीस लाख उन्नीस हजार नौ सौ चौंसठ तथा पैसे चार मात्र) |
| (ऋण कोड संख्या 13100001531, नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस (शाखा), राशिद सैफी (कर्जदार), निशा (सह कर्जदार 1) | 29–01–2019, रू. 27,50,345/– (रूपए सत्ताईस लाख पचास हजार तीन सौ पैंतालीस मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर सी–144, ब्लॉक सी, गली नंबर 12, खसरा नंबर 685/442, कांति नगन एक्स, ग्राम उलधानपुर, शाहदरा, दिल्ली, नई दिल्ली–110051 चौहद्दी – उत्तर : प्लॉट का भाग, दक्षिण : प्लॉट का भाग, पूरब : प्लॉट का भाग, पश्चिम : गली | रू. 34,42,500/– (रू. चौंतीस लाख बयालीस हजार पांच सौ मात्र) | रू. 3,44,250/– (रू. तीन लाख चौवालीस हजार दो सौ पचास मात्र) | रू. 33,10,934.02/– (रू. तेतीस लाख दस हजार नौ सौ चौंतीस तथा पैसे दो मात्र) |
| (ऋण कोड संख्या 19700044112, गुरूग्राम – सोहना रोड (शाखा), भावना (कर्जदार), चंद्र शेखर गांधी (सह कर्जदार 1) | 30–04–2021, रू. 31,78,071/– (रूपए इकतीस लाख अठहत्तर हजार इकहत्तर मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 08, प्रथम तल, केएच नंबर 7/2, ग्राम मटियाला, गली नंबर 01, ब्लॉक एफ, गुरूद्वारा रोड, ओम विहार एक्स, उत्तम नगर, नई दिल्ली–110059 | रू. 21,00,000/– (रू. इक्कीस लाख मात्र) | रू. 2,10,000/– (रू. दो लाख दस हजार मात्र) | रू. 32,18,859.32/– (रू. बत्तीस लाख अठारह हजार आठ सो उनसठ तथा पैसे बत्तीस मात्र) |
| ऋण कोड संख्या : 26600000814, दिल्ली राजौरी गार्डन (शाखा) शिवराम सिंह यादव (कर्जदार) वीना देवी (सह कर्जदार 1) | 30–04–2021, रू. 44,14,382/– (रूपए चौवालीस लाख चौदह हजार तीन सौ बयासी मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति सं. 173, द्वितीय तल, पाकेट–11, सेक्टर–24, रोहिणी, नई दिल्ली–110085 चौहद्दी – उत्तर : प्रवेश, दक्षिण : प्लॉट नंबर 183, पूरब : प्लॉट नंबर 172, पश्चिम : प्लॉट नंबर 174 | रू. 35,23,500/– (रू. पैंतीस लाख तेईस हजार पांच सौ मात्र) | रू. 3,52,350/– (रू. तीन लाख बावन हजार तीन सौ पचास मात्र) | रू. 44,86,344.64/– (रू. चौवालीस लाख छियासी हजार तीन सौ चौवालीस तथा पैसे चौंसठ मात्र) |
| (ऋण कोड संख्या 19000001455, राज नगर (शाखा), कृष्ण कुमार गुप्ता (कर्जदार), उपासना गुप्ता (सह कर्जदार 1) | 26–07–2019, रू. 77,20,254/– (रूपए सतहत्तर लाख बीस हजार दो सौ चौवन मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति सं. एम–16, तृतीय तल, ब्लॉक एम, वेस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली–110008, चौहद्दी – उत्तर : रोड, दक्षिण : फ्लैट नंबर 17, पूरब : रोड, पश्चिम : फ्लैट नंबर 175 | रू. 44,55,000/– (रू. चौवालीस लाख पचपन हजार मात्र) | रू. 4,45,500/– (रू. चार लाख पैंतालीस हजार पांच सौ मात्र) | रू. 87,77,149.50/– (रू. सतासी लाख सतहत्तर हजार एक सौ उन्चास तथा पैसे पचास मात्र) |
| ऋण कोड संख्या : 19600042776, दिल्ली सफदरजंग (शाखा) प्रीति वर्मा (कर्जदार) अन्वेषा अपैरल्स प्रा. लि. (सह कर्जदार 1) | 23–04–2019, रू. 1,05,42,072/– (रूपए एक करोड़ पांच लाख बयालीस हजार बहत्तर मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 100, चतुर्थ तल, ब्लॉक डी, सेक्टर–8, द्वारका, नई दिल्ली–110075 चौहद्दी – उत्तर : प्लॉट नंबर डी–99, दक्षिण : प्लॉट नंबर डी–101, पूरब : अन्य प्लॉट, पश्चिम : प्रवेश/रोड | रू. 94,00,000/– (रू. चौरानवे लाख मात्र) | रू. 9,40,000/– (रू. नौ लाख चालीस हजार मात्र) | रू. 1,08,68,688.54/– (रूपए एक करोड़ आठ लाख अड़सठ हजार छह सौ अठासी तथा पैसे चौवन मात्र) |
| (ऋण कोड संख्या 25500001521, नेताजी सुभाष प्लेस (शाखा), मोहम्मद शेजी, (कर्जदार), प्रेरणा कौल (सह कर्जदार 1) | 30–04–2021, रू. 46,00,315/– (रूपए छियालीस लाख तीन सौ पंद्रह मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर एच 1, तृतीय तल, छत के अधिकार सहित, केएच 480, ब्लॉक एच, मोहन गार्डन, ग्राम नवादा, उत्तम नगर, नई दिल्ली–110059, चौहद्दी – उत्तर : 20 फीट रोड, दक्षिण : अन्य सम्पत्ति, पूरब : प्लॉट का भाग , पश्चिम : प्लॉट नंबर एच 2 | रू. 35,00,000/– (रू. पैंतीस लाख मात्र) | रू. 3,50,000/– (रू. तीन लाख पचास हजार मात्र) | रू. 46,76,916.28/– (रू. छियालीस लाख छहत्तर हजार नौ सौ सोलह तथा पैसे अठ्ठाईस मात्र) |
| ऋण कोड संख्या : 26600000791, दिल्ली (शाखा) अलंकार सिन्हा (कर्जदार) अभिषेक राज (सह कर्जदार 1) | 19–12–2019, रू. 44,78,203/– (रूपए चौवालीस लाख अठहत्तर हजार दो सौ तीन मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर आरजैड–672/3, द्वितीय तल, गली नंबर 27 एफ, साध नगर, पालम कालोनी, केएच 660 ग्राम नसीरपुर, नई दिल्ली–110045 चौहद्दी – उत्तर : आरजैड–672/3 ए, दक्षिण : आरजैड–672/2 ए, पूरब : रोड, पश्चिम : अन्य की सम्पत्ति | रू. 32,21,500/– (रू. बत्तीस लाख इक्कीस हजार पांच सौ मात्र) | रू. 3,22,150/– (रू. तीन लाख बाईस हजार एक सौ पचास मात्र) | रू. 49,93,228.46/– (रू. उन्चास लाख तिरानवे हजार दो सौ अठ्ठाईस तथा पैसे छियालीस मात्र) |
| (ऋण कोड संख्या 25500000298, नेताजी सुभाष प्लेस (शाखा), संतोष सिंह, (कर्जदार), राज रानी (सह कर्जदार 1) | 22–05–2021, रू. 1,10,02,442/– (रूपए एक करोड़ दस लाख दो हजार चार सौ बयालीस मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति सं. सी–17/1, प्रथम तल, बंगला रोड, आदर्श नगर, नई दिल्ली–110033 | रू. 35,00,000/– (रू. पैंतीस लाख मात्र) | रू. 3,50,000/– (रू. तीन लाख पचास हजार मात्र) | रू. 99,69,849.50/– (रू. निन्यानवे लाख उनहत्तर हजार आठ सौ उन्चास तथा पैसे पचास मात्र) |
| (ऋण कोड संख्या 18900000045, बहादुरगढ़ (शाखा), अरविंद आहूजा (कर्जदार), सुपर्णा आहूजा (सह कर्जदार 1) | 31–07–2019, रू. 1,87,86,675/– (रूपए एक करोड़ सतासी लाख छियासी हजार छह सौ पचहत्तर मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 136, तृतीय तल, अम्बिका विहार, पश्चिम विहार, नई दिल्ली–110087 | रू. 1,47,,00,000/– (रू. एक करोड़ सैंतालीस लाख मात्र) | रू. 14,70,000/– (रू. चौदह लाख सत्तर हजार मात्र) | रू. 2,14,83,630.44/– (रूपए दो करोड़ चौदह लाख तिरासी हजार छह सौ तीस तथा पैसे चौवालीस मात्र) |
| ऋण कोड संख्या : 24900000034, दिल्ली जनकपुरी (शाखा) नीलम गर्ग (कर्जदार) रवि गर्ग (सह कर्जदार 1) | 24–05–2021, रू. 20,93,044/– (रूपए बीस लाख तिरानवे हजार चौवालीस मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 177, प्रथम तल, पाकेट 2, सेक्टर–25, रोहिणी, नई दिल्ली–110001 | रू. 17,91,000/– (रू. सत्रह लाख इक्यानवे हजार मात्र) | रू. 1,79,100/– (रू. एक लाख उनासी हजार एक सौ मात्र) | रू. 21,43,864.76/– (रू. इक्कीस लाख तेतालीस हजार आठ सौ चौंसठ तथा पैसे छहत्तर मात्र) |

**ई–नीलामी की तिथि : 14–03–2023, पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक (5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार के साथ)**

**बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 13–03–2023, अप. 4.00 बजे से पूर्व**

नीलामी के नियम और शर्तें : बिक्री निम्नवर्णित नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी :–

1. सम्पत्ति सुरक्षित मूल्य से नीचे नहीं बेची जाएगी।
2. एकल बोलीदाता के मामले में, बोलीदाता/क्रेता को 3 करोड़ तक आरपी की सम्पत्ति के लिए रू. 10,000/– की न्यूनतम बोली वृद्धि के साथ बोली लगानी होगी और 3 करोड़ से अधिक आरपी की सम्पत्ति के लिए न्यूनतम बोली वृद्धि रू. 1,00,000/– होगी।
3. नीलामी/बोलीदान केवल सेवा प्रदाता अर्थात कम्पनी नाम : नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड, प्रतिनिधि का नाम : क्लाइंट सर्विस डिलीवरी ; सम्पर्क नंबर : 9810029926 ; साइट : CSD@DisposalHub.com के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड" द्वारा होगी।
4. यहां इसमें उपरोक्त अनुसूची में प्रतिभूत आस्तियों के पर्याप्त विवरण शामिल करने का ध्यान रखा गया है। इस उद्घोषणा में हुई या होनेवाली किसी त्रुटि, मिथ्या कथन या चूक के लिए प्राधिकृत अधिकारी उत्तरदायी नहीं होंगे।
5. इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोलियां जमा करने और ई–नीलामी बिक्री कार्यवाहियों में भाग लेने से पहले ई–नीलामी बिक्री के लिए निर्धारित विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए पोर्टल https://DisposalHub.com देखें और सम्पत्ति के समक्ष यहां इसमें ऊपर वर्णितानुसार संबंधित सम्पत्ति हेतु संबंधित प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।
6. नीलामी का प्रारंभ आरक्षित मूल्य से अधिक होनेवाले एक वृद्धिदान पर होगा और बोलीदातागण यहां इसमें ऊपर बताई गई न्यूनतम वृद्धिशील राशि के साथ अपने प्रस्ताव में सुधार करके पारस्परिक बोली लगाने के लिए स्वतंत्र होंगे।
7. 10 प्रतिशत धरोहर राशि जमा (ईएमडी) डीडी 13–03–2023 को या उससे पहले सायं 4:00 बजे से पहले, पद्नामित खाते में 'पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में केवाईसी– क) भारत सरकार द्वारा जारी फोटोग्राफ और आवासीय पता युक्त पहचान तथा पैन कार्ड की स्व–सत्यापित सत्यप्रति, दस्तावेज की मूल प्रति संबंधित प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सत्यापन के लिए उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ख) इच्छुक बोलीदता का मोबाइल नंबर और ई–मेल पता, परिपूरित बोली प्रपत्र और निर्धारित निविदा प्रपत्रों में निविदा/सीलबंद बोली/ऑफर के साथ जमा करना होगा।
8. जिन बोलीदाताओं को लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई–बोली प्रक्रिया पर प्रशिक्षण आदि में सहायता की आवश्यकता है, वे क्लाइंट सर्विस डिलीवरी, सम्पर्क नंबर : 9810029926 ; ; हेल्प लाइन ई–मेल आईडी: https://DisposalHub.com से संपर्क कर सकते हैं और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान पीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी – निशांत गौतम – 9899216466 से किसी भी कार्यदिवस को कार्यालय समय में संपर्क कर सकते हैं।
9. सक्षम क्षेत्राधिकार के किसी भी उच्च न्यायालय द्वारा बिक्री या वसूली की कार्यवाही की रोक के मामले में, नीलामी ऐसे आदेश के अनुपालन में बिना किसी भावी सूचना के स्थगित/निरस्त की जा सकती है और बिक्री में भाग लेने वाले व्यक्तियों को इस तरह के स्थगन/निरसन इत्यादि के लिए हर्जाना, मुआवजा या लागत का दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा।
10. केवल वैध यूजर आईडी और पासवर्ड धारक और डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान की पुष्टि करनेवाले बोलीदाताओं को ऑनलाइन ई–नीलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। प्राधिकृत अधिकारी किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। इसके अलावा, प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए नीलामी प्रक्रिया के समापन से पहले किसी भी समय नीलामी को स्थगित करने या रद्द करने या मुल्तवी करने या बंद करने या नीलामी की शर्तों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं और इस संबंध में उनका निर्णय अंतिम होगा।
11. सफल बोलीदाता को खरीद राशि का 25 प्रतिशत राशि का भुगतान उसके पक्ष में बोली छूटने से 24 घंटे के भीतर (पहले से भुगतान की गई बयाना राशि सहित) ऊपर खंड 7 में निर्धारित अनुसार करना होगा। खरीद मूल्य की शेष राशि का भुगतान उसी तरीके से करना होगा जैसा कि ऊपर निर्धारित किया गया है, और उन्हें सूचित किए गए अनुसार बिक्री की स्वीकृति/पुष्टि के 15 दिनों के भीतर करना होगा। चूक के मामले में, तब तक जमा की गई सभी राशियों को धरोहर राशि सहित जब्त कर लिया जाएगा।
12. बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जमा करने मात्र से सफल बोलीदाता अपने पक्ष में बिक्री की पुष्टि करने का हकदार नहीं होगा। बिक्री इस ई–नीलामी नोटिस पर लागू नियमों और शर्तों के अधीन होगी और उस प्रभाव के लिए प्रतिभूत लेनदार द्वारा पुष्टि की जाएगी।
13. असफल बोलीदाता की ईएमडी (ब्याज के बिना) ई–नीलामी बिक्री कार्यवाही बंद होने के तीसरे दिन वापस कर दी जाएगी।
14. ई–नीलामी के दौरान, यदि नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में कोई बोली लगाई जाती है, तो समापन समय स्वतः ही 5 मिनट के लिए बढ़ा दिया जाएगा।
15. बिक्री, पीसीएचएफएल द्वारा पुष्टि के अधीन है। यदि कर्जदार/गारंटर इस नोटिस के प्रकाशन से पहले पीसीएचएफएल को देय पूरी राशि का भुगतान कर देता है, तो कोई बिक्री नहीं की जाएगी।
16. सभी वैधानिक देय/अनुषंगी प्रभार/पंजीकरण शुल्क, स्टांप शुल्क, कर इत्यादि सहित अन्य देय राशि का भुगतान क्रेता को वहन करना होगा।
17. बिक्री प्रमाणपत्र, उच्चतम सफल बोली लगाने वाले को और उसी नाम से जारी किया जाएगा जिसमें बोली प्रस्तुत की जाती है।
18. संपत्ति, "जैसी है जहां है" और "जैसी है जो है" आधार पर बेची जा रही है और प्राधिकृत अधिकारी या पीसीएचएफएल ई–नीलामी संपत्तियों के संदर्भ में, सरकार या किसी अन्य को किसी भी शुल्क, ग्रहणाधिकार, भार, या किसी अन्य देय राशि के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि वे बोली जमा करने से पहले संपत्ति कर, बिजली बकाया इत्यादि की वैधानिक देनदारियों सहित संपत्ति से संबंधित भार, खोज परिणामों और अन्य राजस्व अभिलेखों के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच कर लें और खुद को संतुष्ट कर लें।
19. ऊपर वर्णित संपत्तियों का प्रस्तावित बोलीदाताओं द्वारा निरीक्षण संबंधित शाखा प्रबंधक या प्राधिकृत अधिकारी या इस प्रयोजन के लिए चिन्हित किसी अन्य अधिकारी के साथ भेंट का समय पूर्व निर्धारित कर, 13–03–2023 से पहले किसी भी कार्य दिवस को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक साइट पर किया जा सकता है।
20. पीसीएचएफएल के पास इस प्रकार प्राप्त किसी या सभी प्रस्ताव(वों) या बोली(लियों) को स्वीकार/अस्वीकार करने या बिना कोई कारण बताए बिक्री को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
21. यदि हिंदी संस्करण या अंग्रेजी संस्करण के प्रकाशन में कोई विसंगति पाई जाती है तो ऐसी स्थिति में व्याख्या के उद्देश्य के लिए अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। अंतिम मिनट और सेकंड में बोली लगाने वालों को अपने हित में ऐसे बोली लगाने से बचना चाहिए। विक्रेता की ओर से किसी भी विफलता/चूक (बिजली की विफलता, इंटरनेट विफलता आदि) के लिए न तो पीसीएचएफएल और न ही सेवा प्रदाता जिम्मेदार होगा। ऐसी स्थिति को रोकने के लिए बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्थाएं/विकल्प जैसे बैकअप बिजली आपूर्ति आदि की व्यवस्था करें ताकि वे ऐसी स्थिति को रोकने में सक्षम हों और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग लें।
22. यह उत्तरदायित्व सफल बोलीदाता का होगा कि वह उस स्थिति में, धारा 194 1–ए के तहत लागू 1 प्रतिशत की दर से टीडीएस जमा करे, यदि इस तरह के प्रतिफल के लिए जमा या भुगतान की गई राशि का योग रु. 50 लाख या अधिक होता है। टीडीएस को फॉर्म 26क्यूबी भरकर और फॉर्म 16बी में जारी किए जाने वाले टीडीएस प्रमाणपत्र को ऑनलाइन दाखिल किया जाना चाहिए। क्रेता को ई–नीलामी के 15 दिनों के भीतर सरकारी खाते में आयकर जमा किए जाने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

**कर्जदार/गारंटर/बंधकदाता को सरफासी ऐक्ट के तहत बिक्री के संबंध में 15 दिन कानूनी नोटिस**

उपरोक्त उल्लिखित कर्जदार/गारंटर को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि वे धारा 13(2) सूचना में उल्लिखितानुसार राशि का नीलामी की तिथि से पूर्व दिनांक तक उपार्जित ब्याज के साथ संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान कर दें। भुगतान करने में विफल रहने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, की वसूली कर्जदार/गारंटर से ब्याज व लागत के साथ की जाएगी।

हस्ता./–
(प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

दिनांक : 26–02–2023
स्थान : दिल्ली

## एक साथ पांच गाय मरी मिली, इलाके में तनाव

**गाजियाबाद।** बीती रात मसूरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मटियाला व ननकागढ़ी गांव के पास खेत में एक साथ पांच गायों का शव मिलने से इलाके के लोगों में आक्रोश और तनाव बना हुआ है।

सूचना मिलने पर कमिश्नरेट पुलिस के आला अफसर एवं प्रशासनिक अधिकारी, एसीपी मसूरी निमीष पाटिल, एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव, एसडीएम विनय कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक मसूरी रविंद्र चंद्र पंत व एसओ थाना मधुबन बापूधाम डॉ नीरज तोमर भी घटनास्थल पर कई थानों की फोर्स के साथ पहुंच गए।

इसी बीच हिन्दू संगठनों ने भी मौके पर पहुंचकर विरोध शुरू कर दिया। एसीपी निमीष पाटिल ने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ सख्त धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके उनकी गिरफ्तारी के लिए 8 टीमे बनाई गई हैं।

# पुलिस प्रताड़ना से आहत किशोर ने लगाई फांसी, चौकी प्रभारी व कांस्टेबल निलंबित

● लूट के मामले के आरोपी के भाई को दनकौर पुलिस लाई थी थाने

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट की एक बड़ी लापरवाही से एक घर का चिराग बुझ गया है। लूट के एक मामले में संदिग्ध बदमाश के नाबालिग भाई को थाना दनकौर पुलिस ने उठा लिया। पूछताछ के बाद थाने से आने के बाद नाबालिग ने फांसी लगाकर जान दे दी।

वहीं परिजनों का आरोप है कि पुलिस की प्रताड़ना की वजह से किशोर ने आत्महत्या की है। इस मामले में कार्रवाई करते हुए चौकी प्रभारी व एक कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है। ग्राम इमलियाका निवासी गोविंद ने शुक्रवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने इस मामले में पुलिस प्रताड़ना का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि लूट के एक मामले में पूछताछ के नाम पर थाना दनकौर के बिलासपुर चौकी प्रभारी विकास बालियान व कांस्टेबल विनीत नाबालिग गोविंद को थाने ले गए थे। पूछताछ करने के बाद उसे शुक्रवार को छोड़ा गया। थाने से आने के बाद गोविंद ने अपने घर में फांसी लगा ली। गोविंद द्वारा फांसी लगाई जाने की जानकारी मिलने पर कमिश्नरेट पुलिस के हाथ पांव फूल गए। ग्रामीणों के हंगामे की आशंका को देखते हुए थाना दनकौर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। रात्रि में ही शव का पोस्टमार्टम कराया गया तथा शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। पुलिस की मौजूदगी में शव का दाह संस्कार भी करा दिया गया है। बता दें कि थाना दनकौर क्षेत्र में गत 8 फरवरी को हथियारबंद बदमाशों ने बाघपुर भट्टा के पास कनारसी निवासी एक व्यक्ति से लूट की वारदात को अंजाम दिया था। बदमाशों ने हथियार के बल पर बाइक, मोबाइल, पैसे व चेन लूट ली और फरार हो गए थे। इस मामले में पुलिस को पता चला था कि इमलिया का गांव निवासी चीकू की संलिप्ता है। इस जानकारी के आधार पर थाना दनकौर पुलिस चीकू की तलाश में उसके घर गई। चीकू के न मिलने पर पुलिस उसके भाई गोविंद को पूछताछ के लिए थाने ले आई थी। डीसीपी साद मियां खान ने पुलिस प्रताड़ना के आरोपों से साफ इनकार किया है।

# चोरी के फोन के पार्ट्स से बनाते थे आईफोन

● 2 करोड़ कीमत के 350 मोबाइल फोन बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना सेक्टर 20 पुलिस ने एक ऐसे गैंग का खुलासा किया है जो पुराने आईफोन व अन्य कीमती मोबाइल फोन को तोड़कर दोबारा से उसे असेंबल करता था और विदेशों से आयात कर नया फोन बनाकर बाजार भाव से आधे दामों पर बेच देता था।

इनके पास से 2 करोड़ कीमत के 350 अवैध मोबाइल फोन, 01 लैपटॉप व रिपेयरिंग का सामान मिला है। इसकी पहचान दिवाकर शर्मा पुत्र राकेश कुमार शर्मा निवासी अलीगढ़ हुई है। ये नोएडा के थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के सेक्टर-8 के बी-21 में



डिब्बे में बंद जब्त मोबाइल फोन

इनफोर्सल टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी चला रहा था। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि ये काम करीब पांच साल से किया जा रहा था।

इससे पहले ये एचसीएल, डेल आदि कंपनी के अधिकृत सर्विस सेंटर के तौर पर लैपटॉप रिपेयरिंग का कार्य करता था। उक्त कंपनी के मालिक सौमित्र गुप्ता, डायरेक्टर अरूण भा दास है। उन्होंने बताया कि आरोपी विदेशों से विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोनों को आयात करते थे। इसके बाद कंपनी की डिटेल व एमआरपी प्रिंट किए बिना ही अपनी कंपनी इनफोर्सल टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड का ब्रांड नेम एक्स्ट्रा कवर की पैकिंग में बिना बिल के बेचते थे।

ये लोग एनसीआर में बिना आईडी व बिल के पुराने फोन खरीदकर उनके पार्टस से नया मोबाइल बनाते थे और बेचते थे। इन मोबाइल की ये गारंटी नहीं देते थे। जो भी मोबाइल यहां से खरीदे जाते थे। उनकी सर्विस मोबाइल कंपनियों के अधिकृत सर्विस सेंटर पर नहीं होती है, बल्कि ग्राहकों को इन्हीं के सर्विस सेंटर पर आना पड़ता था। इनके पास से एक रजिस्टर बरामद हआ है। जिसमें एनसीआर से अवैध मोबाइल खरीदे जाने वालों का केवल नाम अंकित है। संभवत: यह सभी मोबाइल कही न कहीं लूट, चोरी के हैं।

# यशोदा अस्तपाल में डॉ महेंद्र नाथ पांडेय से मिले वीके सिंह

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

यशोदा हॉस्पिटल कौशाम्बी में भर्ती केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय का स्वास्थ्य हाल चाल लेने जनरल वी.के सिंह यशोदा हॉस्पिटल पहुँचे।

अस्पताल के सीएमडी डॉ. पीएन अरोड़ा ने वीके सिंह का स्वागत किया और डॉ महेंद्र नाथ पांडेय के चिकित्सा वार्ड में उन्हें साथ ले कर गए, जहां जनरल सिंह ने उनका हाल चाल जाना। डॉ पांडेय ने बताया कि वह अब पहले से अच्छा महसूस कर रहे हैं और घुटना प्रत्यारोपण के बाद चल फिर भी पा रहे हैं। डॉक्टरों की टीम ने बताया उनकी रिकवरी अच्छे से हो रही है और उन्हें हॉस्पिटल से जल्द ही छुट्टी दे दी जाएगी।

ऑपरेशन के दौरान डॉ महेंद्र नाथ लगातार मंत्रों का उच्चार करते रहे। डॉ पांडेय ने डॉ अरोड़ा का आभार प्रकट किया। उन्होंने फिजियोथिरैपी टीम की भी बहुत तारीफ की। उनके दाहिने घुटने में बाएं से ज्यादा दर्द था, इसीलिए पहले दायां घुटना बदला गया था, लगभग 5 महीने पहले और पिछले हफ्ते बायां घुटना बदला गया।



केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय का हालचाल लेते वीके सिंह, साथ में पीएन अरोड़ा।

# बाबू को जेई बनाकर करोड़ों के बिल पर कराये हस्ताक्षर

● नियमों के खिलाफ कराया जा रहा था काम, निगम ने भी मानी चूक

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




नगर निगम का एक नया कारनामा सामने आया है। निगम का उद्यान विभाग एक बाबू से अवर अभियंता का काम ले रहा है। ऐसा करना जहां निगम एक्ट के खिलाफ है, वहीं प्रशासनिक नियम के भी विरुद्ध है।

स्थिति यह है कि अभी तक उद्यान विभाग में तैनात बाबू दिनेश चंद्र शर्मा अभी तक करीब कई करोड़ों के विकास कार्यों की एमबी पर साइन भी कर चुके हैं। नगर निगम के उद्यान विभाग के प्रभारी डॉ अनुज सिंह का कहना है कि नगर निगम में स्टाफ की कमी है। इसका मतलब यह है कि नगर निगम में किसी भी इंजीनियर की कोई जरूरत नहीं है।

इंजीनियरों का कार्य बाबूओं से लिया जा सकता है, मगर इसके लिए न तो नगर निगम बोर्ड से कोई प्रस्ताव पास है और न ही शासन ने इसके लिए नगर निगम के उद्यान विभाग को इसके लिए अधिकृत किया है। निगम के एक सीनियर अधिकारी ने भी माना कि यह एक बड़ी चूक है। ऐसे में माना जा रहा है कि इस प्रकरण में जल्दी ही जांच हो सकती है, जिस दिनेश चन्द्र शर्मा निगमकर्मी से नगर निगम का उद्यान विभाग अवर अभियंता का काम ले रहा है असल में उनका प्रमोशन कर अधिकृत तौर पर बड़े बाबू बनाया गया है। बड़े बाबू को जो कार्य है वह पत्रावली आदि को पूरा करने का कार्य होता है। मगर दिनेश चंद्र शर्मा की निगम में नियुक्ति संघ लोकसेवा आयोग की परीक्षा पास करने के बाद इंजीनियर के पद पर नहीं हुई है।

इसके बाद भी नगर निगम के उद्यान प्रभारी डॉ अनुज सिंह किस अधिकार और नियम के तहत एमबी पर बड़े बाबू दिनेश चंद्र शर्मा से इंजीनियर के नाते हस्ताक्षर करा रहे है। सूत्रों का कहना है कि प्रति वर्ष कई करोड़ रुपये की पत्रावली पर अवर अभियंता के नाते दिनेश चंद्र शर्मा हस्ताक्षर कर रहे है।

अधिष्ठान प्रभारी अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव का कहना है कि नगर निगम में दिनेश चंद्र शर्मा द्वितीय श्रेणी के लिपिक के पद पर थे। उनका प्रमोशन कर उन्हें प्रथम श्रेणी लिपिक बनाया गया है। उनसे कौन विभाग क्या काम ले रहा है यह उनकी जिम्मेदारी है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 26 फरवरी, 2023



# निगम हंगामाः सदन की मर्यादा तार-तार, अब शुरू हुआ पोस्टर वार

## आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी को भाजपा ने बताया खलनायिका, जवाबी पोस्टर में आप ने जारी किया 'बैलेट चोर, मचाए शोर' लिखा पोस्टर

## स्थायी समिति के लिए लगातार तीन दिन हंगामे, मारपीट, आरोप-प्रत्यारोप के बाद दोनों ही दलों ने सोशल मीडिया में एक दूसरे पर उछाली कीचड़

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




निगम सदन में स्थायी समिति के चुनाव को लेकर लगातार तीन तक शर्मसार कर देने वाले हंगामे, मारपीट और आरोप-प्रत्यारोपों के बाद अब भाजपा और आप नेताओं में पोस्टर वार शुरू हो गया है। भारतीय जनता पार्टी ने जहां एक पोस्टर जारी कर आम आदमी पार्टी की विधायक आतिशी मर्लेना को खलनायिका बताया, वहीं जवाबी पोस्टर में सत्ताधारी पार्टी ने भाजपा नेताओं पर बैलेट चोर, मचाए शोर लिखा पोस्टर जारी कर तंज कसा है।

आप और भाजपा, दोनों ही दल निगम में लोकतांत्रिक व्यवस्था का मान रखते हुए सदन चलाने के बजाय अभी भी आरोप-प्रत्यारोप में उलझे हैं। भाजपा ने शनिवार को आप की विधायक आतिशी पर एमसीडी की छह सदस्यीय स्थायी समिति के चुनाव के दौरान मारपीट की साजिश रचने का आरोप लगाया और उन्हें खलनायिका करार दिया।

भाजपा की दिल्ली इकाई ने शनिवार को ट्विटर पर एक पोस्टर साझा किया है, जिसमें आतिशी के अलावा आप विधायक दुर्गेश पाठक और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की महापौर शैली ओबेरॉय की तस्वीर है। इस ट्वीट में 'सदन में मारपीट और तानाशाही करवाने वाली आप की खल-नायिका' लिखकर आप और निगम की राजनीति के उसके प्रमुख चेहरों पर निशाना साधा गया है। इसके साथ जारी पोस्टर के कैप्शन में लिखा गया है- आप फिल्म्स प्रस्तुत करता है 2023 की सबको चौंका देने वाली नौटंकी अरविंद केजरीवाल कृत 'खल-नायिका'। मालूम हो कि शुक्रवार को महापौर शैली ओबेरॉय द्वारा नगर निगम की स्थायी समिति के छह सदस्यों के चुनाव में एक मत को अवैध घोषित किए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आप के सदस्यों के बीच जमकर हाथापाई हुई और लात-घूंसे चले थे।

इस दौरान महिला पार्षदों के बाल तक खींचे गए और धक्का-मुक्की में पार्षद अशोक मनु गिर गए थे और उन्हें समीप के अस्पताल भर्ती कराना पड़ा था। हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही 27 फरवरी तक स्थगित कर दी गई थी। इसके बाद शनिवार को दोनों ही दलों ने नई रणनीति अपनाई और एक-दूसरे को घेरने के लिए अदालत और सोशल मीडिया का सहारा लिया।

भाजपा के पोस्टर के जवाब में आप ने पलटवार करते हुए ट्वीटर पर ही पोस्टर जारी किया। किसी फिल्मी पोस्टर से दिखने वाले इस पोस्टर पर सांसद मनोज तिवारी, गौतम गंभीर, हरीश खुराना और महापौर प्रत्याशी रेखा गुप्ता के चित्र छापे गए हैं। इस पोस्टर में सबसे ऊपर बीजेपी प्रजेंट्स- 'बैलेट चोर, मचाए शोर' लिखकर भाजपा और निगम की राजनीति को प्रभावित करने वाले उसके प्रमुख नेताओं पर तंज कसा गया है।



शुक्रवार को दिल्ली नगर निगम सदन में आप और भाजपा पार्षदों में जमकर लात-घूसे चले। फाइल फोटो

### पुलिस आयुक्त से नहीं हुई शैली की मुलाकात



*सदन में भारी हंगामे और मारपीट के बाद नवनियुक्त महापौर शैली ओबरॉय भाजपा पार्षदों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए कमला मार्केट थाने गईं। उन्होंने वहां अधिकारियों से अपनी सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कहा कि उन पर हमला करने की कोशिश की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि स्थायी समिति के चुनाव भाजपा की मांग के मुताबिक कराए गए, लेकिन इसके बावजूद उनके पार्षदों ने सदन में हंगामा किया और मुझ पर हमला करने के लिए स्टेज पर चढ़ गए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शुक्रवार को भाजपा सदस्यों ने आप की महिला पार्षदों पर शारीरिक हमला भी किया। ओबेरॉय शनिवार को शाम पांच बजे दिल्ली पुलिस कमीश्नर से मुलाकात करने वाली थीं, लेकिन अज्ञात कारणों से यह मुलाकात नहीं हो सकी। ज्ञात हो कि शुक्रवार को दिल्ली नगर निगम में आप और भाजपा पार्षदों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसके दोनों तरफ के लोगों को चोट आई। साथ ही आरोप प्रत्यारोप भी शुरू हो गया। भाजपा ने शनिवार को सुबह से ही तेज तेवरों के साथ आप पर हमला किया।*

# हमारी मांगें वैध, हाई कोर्ट के फैसले का स्वागत : भाजपा

● समिति चुनाव पर तक्नीकी रिपोर्ट को स्वीकार करें महापौर : वीरेंद्र सचदेवा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थाई समिति के छह सदस्यों के लिए 27 फरवरी को नए सिरे से चुनाव कराए जाने पर रोक लगाने संबंधी दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश का शनिवार को स्वागत किया। साथ ही, कहा कि यह न्याय की दिशा में एक कदम है। इससे यह भी साबित होता है कि हमारी मांगें जायज हैं।

भाजपा की दिल्ली इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि महापौर शैली ओबेरॉय ने नए सिरे से यह चुनाव कराने की शुक्रवार को गलत, अनैतिक और असंवैधानिक घोषणा की थी। अब, उच्च न्यायालय ने इस असंवैधानिक कदम पर रोक लगा दी है। और, यह एक अच्छा फैसला है, जो लोकतंत्र को कायम रखेगा। हम इस रोक का स्वागत करते हैं। सच्चाई की जीत होगी। भाजपा की पार्षद एवं इस चुनाव में पार्टी के तीन उम्मीदवारों में शामिल कमलजीत सहरावत ने कहा कि अदालत की रोक का यह मतलब है कि हमारी मांगें वैध हैं। भाजपा ने शनिवार को मांग की थी कि एक दिन पहले तकनीकी विशेषज्ञ द्वारा की गई गणना के तहत दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थाई



समिति के लिए भगवा पार्टी और आम आदमी पार्टी (आप) के तीन-तीन सदस्यों का निर्वाचन होना चाहिए और महापौर को परिणामों को स्वीकार कर उसकी घोषणा करनी चाहिए। दिल्ली में शनिवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेव ने आरोप लगाया कि छह सदस्यीय स्थाई समिति का दोबारा चुनाव कराने का महापौर शैली ओबरॉय का आह्वान अलोकतांत्रिक और अंसवैधानिक है। उन्होंने कहा कि भाजपा सदस्य सोमवार को सदन में जाएंगे। हो सकता है कि महापौर हमारी मांग से सहमत हो जाएं, लेकिन हम अपनी मांगों को लेकर कानूनी विकल्पों पर भी विचार कर रहे हैं। महापौर ने कहा कि स्थायी समिति के सदस्य के लिए मतदान की प्रक्रिया दोबारा होगी, क्योंकि शुक्रवार को मतपत्रों और अन्य दस्तावेजों को फाड़ दिया गया था या वे खो गए हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता हर्षदीप मल्होत्रा और सचदेव ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान दस्तावेज दिखाए, जिसके मुताबिक वरीयता मतदान के तहत आप और भाजपा के तीन-तीन सदस्य निर्वाचित हुए हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे दस्तावेजों पर कथित तौर पर तकनीकी विशेषज्ञ ने हस्ताक्षर किए हैं।

हालांकि, 24 फरवरी के दस्तावेज की सत्यता को निकाय प्राधिकार ने प्रमाणित नहीं किया है। मल्होत्रा ने कहा कि तकनीकी विशेषज्ञ की इस रिपोर्ट के मुताबिक आप उम्मीदवार सारिका चौधरी को सबसे कम मत मूल्य प्राप्त हुए।

उन्होंने कहा कि महापौर को परिणाम घोषित करने चाहिए और आरोप लगाया कि वह एक मत को अमान्य करार देने पर अड़ी हुई हैं। आप ने स्थाई समिति के लिए अमिल मलिक (श्रीराम कॉलोनी वार्ड), रमिंदर कौर (फतेह नगर वार्ड), मोहिनी जायसवाल (सुंदर नगरी वार्ड) और सारिका चौधरी (दरियागंज वार्ड) को अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने कमलजीत सहरावत (द्वारका बी वार्ड), पंकज लूथरा (झिलमिल वार्ड) को प्रत्याशी बनाया है। निर्दलीय निर्वाचित और बाद में भाजपा में शामिल गजेंद्र सिंह दराल भी स्थाई समिति के दावेदार हैं। सचदेव ने दावा किया कि महापौर तकनीकी विशेषज्ञ द्वारा बताए गए परिणाम को केवल घोषित कर सकती हैं। हालांकि, आप विधायक आतिशी ने शुक्रवार की घटना पर संवाददाताओं से कहा कि महापौर सदन की पीठासीन अधिकारी हैं और उन्हें मत को आमन्य करार देने का अधिकार है और भाजपा सदस्य इससे असहमत हैं तो वे अदालत में चुनौती दे सकते हैं, लेकिन उन्होंने हिंसा का सहारा लिया।

# आनंद पर्वत में ट्रक पलटने से मासूम बच्चे समेत 4 की मौत

● रात में सड़क निर्माण कार्य कर रहे थे मजदूर, पास खेल रहा था बच्चा

● एमसीडी का तेज रफ्तार ट्रक संतुलन बिगड़ने से पलटा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मध्य दिल्ली के आनंद पर्वत इलाके में शुक्रवार देर रात दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का एक ट्रक पलट गया। इसके नीचे दबकर चार साल के बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई। हादसे के शिकार लोग रात में सड़क निर्माण के कार्य में लगे थे जबकि बच्चा वहीं खेल रहा था।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस को देर रात करीब डेढ़ बजे सूचना मिली कि आनंद पर्वत की गली नंबर 10 में एक ट्रक पलट गया है और उसमें मजदूरों समेत कुछ लोग दब गए हैं। पुलिस उपायुक्त (मध्य) संजय कुमार सेन ने कहा कि एमसीडी के ट्रक को क्रेन की मदद से उठाया गया और मौके पर ही मृत तीन व्यक्तियों तथा गंभीर रूप से घायल एक युवक को बाहर निकाला गया।

पुलिस ने कहा कि किल्लू (40) नामक घायल व्यक्ति को पास के जीवन माला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। डीसीपी ने बताया कि मृतकों में रमेश (30) एवं सोनम (25) तथा किल्लू का चार साल का बेटा अनुज भी शामिल है। सभी मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ के रहने वाले थे। अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जो सड़क निर्माण कार्य में लगे मजदूरों पर पलट गया।

वाहन के चालक सुमन कुमार को पकड़ लिया गया है। शवों को राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल के शवगृह में रखा गया है।

### डीटीसी बस से कुचलकर महिला की मौत

**नई दिल्ली।** वसंत कुंज में शुक्रवार को डीटीसी बस से कुचलकर महिला की मौत हो गई। महिला रेनू शुक्रवार को मसूदपुर फ्लाईओवर के नीचे रूट नंबर 717 बी के डीटीसी बस की चपेट में आ गई थी। हादसे के बाद महिला को अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। महिला नांगल राय की निवासी थी। मृतक महिला के पति के हवाले से बताया कि रात 9.30 बजे महिला छतरपुर से वापस लौट रही थी।

# पाकिस्तान जाने की योजना बना रहे दो लोग गिरफ्तार

● प्रशिक्षण लेने जा रहे थे पड़ोसी देश : पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

हथियारों के प्रशिक्षण के लिए कथित तौर पर पाकिस्तान जाने की योजना बना रहे दो लोगों को दिल्ली में लाल किले के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान महाराष्ट्र के रहने वाले 21 वर्षीय खालिद मुबारक खान और तमिलनाडु के रहने वाले 26 वर्षीय अब्दुल्ला उर्फ अब्दुर रहमान के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि दोनों को पाकिस्तान में बैठे आका द्वारा सोशल मीडिया पर कट्टरपंथी बनाया गया था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दोनों व्यक्ति अवैध रूप से सीमा पार करने के तरीकों पर अपने आका से निर्देश प्राप्त कर रहे थे। उनके कब्जे से दो पिस्तौल, 10 कारतूस, एक चाकू तथा एक तार कटर बरामद किया गया है। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने एक जानकारी के आधार पर गिरफ्तारियां कीं। जानकारी में बताया गया था कि कुछ लोगों को सोशल मीडिया पर पाकिस्तान में बैठे आकाओं द्वारा कट्टरपंथी बनाया जा रहा है और उन्हें भारत में आतंकी हमलों को अंजाम देने से पहले पाकिस्तान में हथियार प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष प्रकोष्ठ के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राजीव रंजन सिंह ने बताया कि 14 फरवरी को सूचना मिली थी कि कुछ कट्टरपंथी व्यक्ति किसी अवैध गतिविधि को अंजाम देने के लिए मुंबई के रास्ते दिल्ली आएंगे और आगे अपने पाकिस्तान में बैठे आका की मदद से आतंकवादी प्रशिक्षण के लिए पाकिस्तान जाएंगे।

### दिल्ली दंगों में तोड़फोड़ व आगजनी के 4 आरोपी बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के दौरान भागीरथी विहार में भीड़ द्वारा दंगा, तोड़फोड़ और आगजनी करने के मामले में चार व्यक्तियों को यह कहते हुए बरी कर दिया कि आरोपी संदेह के लाभ के हकदार हैं।

अदालत दिनेश यादव, साहिल, संदीप और टिंकू के खिलाफ एक मामले की सुनवाई कर रही थी, जिनपर 25 फरवरी 2020 को कुछ दुकानों में लूट और आगजनी में शामिल होने का आरोप था।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमचाला ने आदेश में कहा, इस मामले में आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ लगाए गए आरोप संदेह से परे साबित नहीं हुए हैं।

# सीबीआई ने सिसोदिया से पूछताछ को तैयार किए कड़े सवाल

● आबकारी नीति मामले में जांचकर्ताओं के समक्ष आज हो सकते हैं पेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के लिए एक विस्तृत प्रश्नावली तैयार की है। गिरफ्तारी की आशंका के बीच आबकारी नीति मामले में पूछताछ के लिए जांचकर्ताओं के समक्ष उनके रविवार को पेश होने की संभावना है।

सिसोदिया के पास वित्त विभाग भी है। उन्हें मूल रूप से पिछले रविवार को तलब किया गया था, लेकिन बजट संबंधी तैयारियों का हवाला देते हुए उन्होंने पूछताछ टालने का अनुरोध किया था। इसके बाद सीबीआई ने उनसे 26 फरवरी को पेश होने को कहा था। सिसोदिया ने यह अंदेशा जताया है कि जांच एजेंसियां उन्हें गिरफ्तार कर सकती हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सिसोदिया से इससे पहले पिछले साल 17 अक्टूबर को पूछताछ की गई थी, जिसके एक महीने पहले जांच एजेंसी ने सात लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था।

## संक्षिप्त समाचार



गजल व पार्श्व गायक मोहम्मद वकील को सम्मानित करते राजदूत नारंग।

### गायक मोहम्मद वकील का ओमान में सम्मान

**नई दिल्ली।** देश के प्रसिद्ध गजल व पार्श्व गायक मोहम्मद वकील को मस्कट, ओमान में द प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया। मस्कट में 24 फरवरी को आयोजित 'द डेजर्ट स्टोरीज अवार्ड समारोह' में मुख्य अतिथि भारतीय राजदूत एचई अमित नारंग और महामहिम सैय्यद मोहम्मद बिन सलीम बिन अली सैय्यद ने मोहम्मद वकील को 'द प्राइड ऑफ इंडिया' अवार्ड से सम्मानित किया। फिल्म वीर जारा में आया तेरे दर पर दिवाना... जैसे गीतों को अपनी मखमली आवाज से यादगार बनाने वाले पार्श्व गायक, मोहम्मद वकील सारेगामा के पहले सीजन के मेगा फाइनल के विजेता भी हैं। पुरस्कार मिलने के बाद गायक मोहम्मद वकील ने इस पल को यादगार बताते हुए कहा कि यह गर्व का पल है। मैं भारत की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त कर रहा हूं, जिसने मुझे इतना गौरवान्वित किया है। मुझे भारतीय होने पर गर्व है।

### मेघालयन एज में काव्य संग्रह ब्रिटल का विमोचन



**नई दिल्ली।** कनॉट प्लेस स्थित मेघालयन एज स्टोर में रिनिकी चक्रवर्ती मारवेंन की कविता संग्रह ब्रिटल को कलाकार बाह लू माजाओं का विमोचन किया। इस अवसर पर संगीत दीवानों की उपस्थिति में लू माजाओं ने ब्रिटल की कुछ कविताओं का पाठ भी किया। माजाओं ने कहा कि यह रिनिकी की दर्द में डूबी कविताओं की रंगीन कशिश और पिछली सर्दियों के जख्मों में डूबे शब्द हैं, जो सभी के लिए खास है। रिनिकी ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान अपनों की चिंता, देश में बीता बचपन और घर की यादें बहुत सताती थीं। आज इस किताब के प्रकाशित होने पर सुखद अनुभूति हो रही है।

### बुक फेयर की टिकट बीस मेट्रो स्टेशनों पर उपलब्ध

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार से शुरू विश्व पुस्तक मेला की टिकटें 20 मेट्रो स्टेशनों से भी खरीदी जा सकेंगी। विश्व पुस्तक मेला में करीब 30 देशों के एक हजार प्रकाशक हिस्सा ले रहे हैं। दिल्ली मेट्रो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, प्रगति मैदान में आयोजित विश्व पुस्तक मेले की टिकटें दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी के चुनिंदा स्टेशनों पर 25 फरवरी से पांच मार्च तक बेची जाएगी। टिकटों की बिक्री 20 स्टेशनों पर सुबह नौ बजे से दोपहर चार बजे तक होंगी। बच्चों के लिए 10 रुपये और वयस्क के लिए 20 रुपये की टिकट लेनी होगी जबकि स्कूली बच्चों, दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रवेश निशुल्क होगा। रेड लाइन पर दिलशाद गार्डन, रिठाला स्टेशन पर, येलो लाइन पर जहांगीरपुरी, जीटीबी नगर, विश्वविद्यालय, राजीव चौक, हौज खास और हुडा सिटी सेंटर, ब्लू लाइन पर नोएडा सिटी सेंटर, नोएडा सेक्टर 18, वैशाली, सुप्रीम कोर्ट, मंडी हाउस, राजेंद्र प्लेस, कीर्ति नगर और वॉयलट लाइन के आईटीओ मेट्रो स्टेशन पर टिकट उपलब्ध होगा।

# नए भारत, नए विश्व के निर्माण के लिए बड़े सपने देखें युवा : द्रौपदी मुर्मु

## राष्ट्रपति ने दिल्ली विश्वविद्यालय के 99वें दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




डीयू की छात्रा को डिग्री प्रदान करतीं महामहिम।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को युवाओं से नए भारत और विश्व के निर्माण के लिए नवीन और बड़े सपने देखने का आह्वान किया। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 99वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने युवाओं से कहा कि अगर उनका स्वप्न केवल करियर तक सीमित रहेगा, तब वे अपने और समाज के साथ न्याय नहीं कर पाएंगे।

राष्ट्रपति मुर्मु ने शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कहा कि मैं ओडिशा के छोटे से गांव से शहर जाकर पढ़ने वाली अपने गांव की पहली लड़की थी। आप सब के सहपाठियों में भी ऐसे कई विद्यार्थी होंगे जिनके परिवार या गांव से, उनसे पहले कोई विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा नहीं प्राप्त कर पाया होगा। ऐसे विद्यार्थी बहुत प्रतिभावान और संघर्षशील होते हैं। उन्होंने कहा कि कभी-कभी ऐसी स्थितियां उत्पन्न की जाती हैं, जिनके कारण ऐसे विद्यार्थियों में हीन-भावना घर कर जाती है। राष्ट्रपति ने कहा कि किसी भी संवेदनशील समाज में ऐसा नहीं होना चाहिए। ऐसे पहली पीढ़ी के छात्रों को सम्मान और प्रोत्साहन देना सभी अध्यापकों और छात्रों का दायित्व है।

उन्होंने कहा कि अपेक्षाकृत कम सुविधा-सम्पन्न परिवारों से आने वाले विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशील होने के साथ-साथ सभी का अपने आप से कुछ बुनियादी सवाल करने चाहिए। उन्होंने छात्रों एवं युवाओं से कहा कि यदि आपका सपना केवल अपने करियर तक सीमित रहेगा, तो आप सब अपने साथ और समाज के साथ न्याय नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि आपकी (छात्रों की) सोच का दायरा और आपकी जिम्मेदारी कहीं अधिक व्यापक होनी चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मू ने युवाओं से कहा कि आप सबसे मैं अनुरोध करती हूं कि नए भारत और नए विश्व के निर्माण के लिए आप नवीन स्वप्न देखिए और बड़े सपने देखिए। उन्होंने कहा कि बेहतर मनुष्य बनना शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य है, जीवन में बड़ा बनना अच्छी बात है लेकिन अच्छा होना इससे भी बड़ी बात है।

मुर्मू ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के लिए यह गौरव की बात है कि अकादमिक सत्र 2022-23 के लिए स्नातक स्तर पर प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों में 52 प्रतिशत संख्या हमारी बेटियों की है। इस बदलाव में हमें एक नए, विकसित और समावेशी भारत की तस्वीर दिखाई देती है। राष्ट्रपति ने कहा कि हम सभी भाषाओं और संस्कृतियों का आदर करें, स्वागत करें, लेकिन अपनी जड़ों से हमेशा जुड़े रहें।

### बौद्ध भिक्षुणी को मिली पीएचडी की डिग्री

*वियतनाम में जन्मीं गुएन थी थान अंदरुनी शांति की तलाश में 14 वर्ष की उम्र में घर छोड़कर निकल गई थीं। अब करीब 22 साल बाद उन्हें बौद्ध अध्ययन में दिल्ली विश्वविद्यालय से पीएचडी की डिग्री मिली है। अंदरुनी शांति की तलाश में निकलीं गुएन बाद में एक बौद्ध भिक्षुणी बन गईं, जिन्होंने कई देशों की यात्रा की है। वह कई भाषाएं धाराप्रवाह बोलने में सक्षम हैं। गुएन (36) उन 910 छात्रों में शामिल हैं, जिन्हें शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में पीएचडी की डिग्री दी गई। इस दौरान वह भारतीय पोशाक में नजर आईं।*

# मिलकर लड़ेंगे या लड़कर मिलेंगे बीजेपी, जेजेपी

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

## नगर निगम चुनावों को लेकर अभी नहीं हो पाया है कोई समझौता

## निगम चुनावों को लेकर तैयारियों में जुटी बीजेपी, जेजेपी




**आगामी** नगर निगम चुनावों को लेकर कांग्रेस का तो रुख साफ है कि वह अकेले चुनाव मैदान में उतरेगी, लेकिन बीजेपी, जेजेपी में अभी यह तय नहीं हो पाया है कि आखिर किस तरह से वे चुनाव मैदान में आएंगे। यानी वे मिलकर चुनाव लड़ेंगे या अलग-अलग चुनाव लड़कर बाद में मिलेंगे। जैसा गुरुग्राम जिला परिषद के चुनाव में हुआ।

नगर निगम गुरुग्राम और फरीदाबाद के चुनावों की तैयारियां राजनीतिक दलों द्वारा जोर-शोर से की जा रही हैं। गुरुग्राम व फरीदाबाद दोनों ही जिले महत्वपूर्ण हैं और यहां से सरकार को बाकी के हरियाणा के बराबर राजस्व मिलता है। स्वाभाविक है कि यहां नगर निगमों में मेयर की कुर्सी पर विराजमान होने के लिए ऐसे नेताओं का भी मन है, जो विधायक की टिकट पाने की दौड़ में रहे हैं और आगे भी दावेदारी जता सकते हैं। बात करें गुरुग्राम नगर निगम की, तो यहां इस बार 40 वार्ड बनाए गए हैं, जो कि 2017 के चुनाव में 35 थे।

बीजेपी और जेजेपी में गठबंधन होने की बात करें तो अभी इस पर अंतिम निर्णय नहीं हो पाया है। दोनों ही दल अपने-अपने नेताओं, कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलते फिर रहे हैं। बीजेपी की तरफ से अभी ऐसा कोई ठोस बयान नहीं आया है कि निगम चुनाव जेजेपी के साथ लड़ा जाएगा। हालांकि जेजेपी के नेताओं ने ऐसे बयान दिए हैं। फिर भी जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं इनसो संस्थापक डा. अजय सिंह चौटाला और उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला कार्यकर्ताओं से लगातार रूबरू हो रहे हैं। यहां तक कि जेजेपी ने गत माह (24 जनवरी 2023) ही अपनी युवा टीम इंडियन नेशनल स्टूडेंट्स आर्गेनाइजेशन (इनसो) को सक्रिय कर दिया। बकायदा इस युवा संगठन की प्रदेश की टीम का गठन करके अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने के प्रयास शुरू किए। जेजेपी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला युवाओं को संभाल रहे हैं।

**पहली बार कांग्रेस सिंबल पर लड़ेगी निगम चुनाव :** भाजपा ने पिछली बार भी गुरुग्राम नगर निगम का चुनाव सिंबल पर लड़ा था और इस बार भी सिंबल पर चुनाव लड़कर नगर निगम पर काबिजल होना चाहती है। वर्ष 2017 में चुनावी माहौल से दूर रही कांग्रेस इस बार सिंबल पर चुनाव लड़ेगी। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा यह बात कह चुके हैं। 2023 के निगम चुनाव में इस बार आम आदमी पार्टी की भी एंट्री हो चुकी है। ऐसे में मुकाबला कड़ा होने के कयास लगाए जा रहे हैं। बीजेपी के अपने दावे हैं तो जेजेपी, कांग्रेस और आप भी खुद को मजबूत बताते हुए अपना मेयर बनाने का दावा कर रही हैं। इस बार 4 राजनीतिक दल निगम चुनाव में अपनी किस्मत आजमाएंगे।

## चुनाव एक साथ लड़ने या अलग-अलग लड़ने पर चले रहे हैं विचार-विमर्श

## मिलकर लड़े तो दोनों दलों में कई नेताओं को मिलेगी मायूसी

**बीजेपी की अधिक सक्रियता नजर आ रही :** निगम चुनावों को लेकर सक्रियता की बात करें तो बीजेपी की अधिक सक्रियता नजर आ रही है। राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का गुरुग्राम में प्रवास कराकर बीजेपी ने चुनावी माहौल बनाना शुरू कर दिया है। कभी पीएम मोदी के मन की बात के बहाने तो कभी कोई नया प्रारूप तैयार करके भाजपा लगातार जनता से जुड़ाव बना रही है। बीजेपी बैक-टू-बैक कार्यक्रम आयोजित करके जनता के बीच अपनी बेहतर छवि बनाने का प्रयास कर रही है। महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दों को लेकर विपक्ष द्वारा की जाने वाली बयानबाजी को बीजेपी अपनी योजनाओं का बखान करके खुद को ऊपर ले आती है। इन सब बातों के बीच यह बात समय के गर्भ में है कि नगर निगम के चुनाव में बीजेपी और जेजेपी मिलकर चुनाव लड़ेंगी या चुनाव लड़कर मिलेंगी यानी अलग-अलग चुनाव लड़कर समर्थन से एक होंगी। जिला परिषद के चुनाव में गुरुग्राम सीट पर ऐसा ही हुआ। यहां एससी महिला के लिए आरक्षित सीट से जेजेपी की कार्यकर्ता निर्दलीय चुनाव जीतकर जिप चेयरपर्सन की कुर्सी पर काबिज हुई। बाद में जेजेपी के साथ बीजेपी ने भी जिप चेयरपर्सन को अपना मानते हुए स्वागत किया।

# नवीन गोयल के जन्मदिन पर 1100 यूनिट रक्तदान का आंकड़ा पार



गुरुग्राम में नवीन गोयल के जन्मदिन पर 1100 यूनिट रक्तदान के लक्ष्य को लेकर रक्तदान करते उनके बड़े भाई डा. डीपी गोयल व अन्य के साथ नवीन गोयल।

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

## भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुखविंद्र सिंह मांढी ने की सराहना

## महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी ने भी इस आयोजन को सराहा

**संभवतः** ऐसा पहली बार हुआ है कि गुरुग्राम ही नहीं हरियाणा में एक रक्तदान शिविर में 1100 यूनिट से अधिक रक्तदान हुआ है। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है। यह रक्तदान शिविर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के 40वें जन्मदिन पर यहां सिविल लाइन स्थित स्वतंत्रता सेनानी भवन में लगाया गया। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुखविंद्र सिंह मांढी ने इस कार्यक्रम में शिरकत की।

सुखविंद्र सिंह मांढी ने नवीन गोयल को उनके जन्मदिन की बधाई देते हुए उन्हें रक्तदान जैसे नेक कार्य को इतने बड़े स्तर पर करने के कार्य को सराहा। सुखविंद्र मांढी ने कहा कि नवीन गोयल पार्टी में अपने विभाग के माध्यम से समाज के लिए बेहतर काम कर रहे हैं। वे लगातार अपनी सक्रियता से पार्टी को मजबूती दे रहे हैं। महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी ने भी नवीन गोयल को यशस्वी भव का आशीर्वाद देते हुए कहा कि उन्होंने अपना जन्मदिन समाज के लिए समर्पित किया है। इतने बड़े स्तर पर रक्तदान लगातार उन्होंने एक कीर्तिमान स्थापित किया है। समाज को ऐसे ही समाजसेवियों की जरूरत है।

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के जन्मदिन पर उनके कार्यकर्ताओं की ओर से यह रक्तदान शिविर उन्हें तोहफे के रूप में लगाया गया। स्वयं समाजसेवा के क्षेत्र में जमीन से जुड़कर काम करने वाले नवीन गोयल ने भी युवाओं को यही संदेश दिया कि हमें समाज को अगर कुछ देना है तो ऐसा कुछ दें, जो किसी को जीवन दे सके। उन्होंने कहा कि वे सभी युवाओं के आभारी हैं कि उन्होंने 1100 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य लेकर यह बेहतरीन आयोजन किया।

कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल ने भी रक्तदान करते हुए लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरित किया। डा. डीपी गोयल ने कहा कि नवीन गोयल को जनता का यह प्यार उनके लिए बड़ी जिम्मेदारी भी है। आज का दिन इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। यह आयोजन समाज में एक आदर्श के रूप में स्थापित होगा।

नवीन गोयल को जन्मदिन की बधाई देने के लिए शहर की सभी संस्थाओं के प्रतिनिधि, समाजसेवी लोग, समाज के अग्रणी लोग, महिलाएं, पुरुष और बच्चे यहां स्वतंत्रता सेनानी भवन पहुंचे। सभी ने नवीन गोयल को जन्मदिन की बधाई देकर उनके लंबे जीवन की कामना की। सेक्टर-56 लाफ्टर क्लब की ओर से कवि केके वर्मा ने नवीन गोयल को जन्मदिन की बधाई देते हुए गीत पेश करके वाहवाही लूटी। शिविर में नागरिक अस्पताल की टीम हरियाणा राज्य रक्त संचरण परिषद् और रोटरी ब्लड सेंटर गुरुग्राम की टीमों ने रक्त संग्रहण किया।

# अमृत सरोवर कार्यक्रम से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

## डीसी ने अमृत सरोवर योजना की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

## गुरुग्राम के 24 तालाबों पर काम पूरा हुआ, शेष पर कार्य प्रगति पर



भारत सरकार में कैबिनेट सचिव राजीव गाबा की वीडियो कांफ्रेंस के दौरान उपस्थित विकास एवं पंचायत विभाग के महानिदेशक संजय जून व डीसी निशांत कुमार यादव।

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**आजादी** के अमृत महोत्सव श्रृंखला के तहत भारत सरकार ने जल संरक्षण, वर्षा के जल का संचयन व पारंपरिक जलाश्यों विकसित व पुनर्जीवित करने अमृत सरोवर योजना आरंभ की है।

गुरुग्राम जिला में इस कार्यक्रम के तहत 24 तालाबों पर काम पूरा हो चुका और शेष पर योजना के तहत कार्य प्रगति पर है। यह बात डीसी निशांत कुमार यादव ने शनिवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में अमृत सरोवर परियोजना के तहत जारी कार्यों की समीक्षा बैठक में यह बात कही। इससे पहले भारत सरकार के कैबिनेट सचिव राजीव गौबा ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर जल शक्ति अभियान के तहत अमृत सरोवर कार्यक्रम के तहत जारी कार्यों की राज्यवार समीक्षा। गुरुग्राम जिला से विकास एवं पंचायत विभाग के महानिदेशक संजय जून व डीसी निशांत कुमार यादव भी वीडियो कांफ्रेंस के जरिए बैठक में शामिल हुए। वीडियो कांफ्रेंस के उपरांत डीसी ने बताया कि हरियाणा मुख्य सचिव संजीव कौशल सोमवार को गुरुग्राम में योजना की प्रगति की समीक्षा करने के साथ-साथ सोहना ब्लॉक के गांव हरियाहेड़ा व गांव दोहला में साइट विजिट भी करेंगे।

डीसी ने अमृत सरोवर कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए बताया कि योजना के तहत जिला में 46 तालाबों का निर्माण कार्य विकास एवं पंचायत विभाग व 29 तालाबों का निर्माण कार्य शहरी स्थानीय निकायों द्वारा किया जाना है। जिसमें से 24 अमृत सरोवर का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। वहीं बाकी अन्य सरोवरों के निर्माण कार्य प्रगति पर है। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि वे भी पूर्व में कई बार अमृत सरोवर साइट्स पर जारी कार्यों का निरीक्षण कर चुके हैं।

# सीएम मनोहर लाल के नेतृत्व में खिलाड़ियों का खूब हो रहा मान-सम्मान: यशपाल बतरा

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



यशपाल बतरा।

**भाजपा** के प्रदेश प्रवक्ता यशपाल बतरा ने कहा कि दुनियाभर में हरियाणा व देश का नाम उंचा करने वाले खिलाड़ियों का मनोहर सरकार खूब मान-सम्मान करती है। खिलाड़ी देश व प्रदेश का गौरव होते हैं, इसलिए बीजेपी सरकार ने खिलाड़ियों को करोड़ों रुपये देकर उनका हौसला बढ़ाया है। आज हरियाणा पदक जीतकर लाने वालों में देश में पहले स्थान पर है। मुख्यमंत्री ने बजट में खेल अकादमी की घोषणा कर खिलाड़ियों का मन जीतने का काम किया है।

प्रदेश प्रवक्ता यशपाल बतरा ने बताया कि 10 से 14 मार्च को हरियाणा में 26वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता होनी है। इस प्रतियोगिता की मेजबानी हरियाणा कर रहा है। प्रतियोगिताओं में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 2500 से ज्यादा प्रतिभागी शामिल होंगे। बतरा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रतियोगिता का लोगो और मैस्कट लांच किया है। हरियाणा का राज्य पशु काला हिरण है, जो इन खेलों का मैस्कट है। उन्होंने बताया कि ज्यादातर प्रतियोगिताएं पंचकूला के ताउ देवीलाल स्टेडियम में होंगी। यशपाल बतरा ने कहा कि सीएम ने हरियाणा में खेल अकादमी की स्थापना, अंबाला व पंचकूला में 200 बिस्तर क्षमता वाले खेल छात्रावास, कुरूक्षेत्र में साइकिल वेलोड्राम और करनाल में एक वाटर स्पोर्ट्स सेंटर स्थापना की घोषणा कर खेल जगत से जुड़े युवाओं को गदगद कर दिया है।

# जी-20 की भारत को मिली अध्यक्षता सभी देशवासियों के लिए गर्व की बात

**प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम**



गुरुग्राम के वर्ल्ड मार्क मॉल में जी-20 सम्मेलन के लिए जागरुकता कार्यक्रम में शामिल डीसी निशांत कुमार यादव।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को इस वषज़ जी-20 की अध्यक्षता मिली है। यह उपलब्धि सभी देशवासियों के लिए गर्व की बात है। गुरुग्राम में जी-20 की पहली से चार मार्च तक होने वाली एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक को लेकर नागरिकों में गर्व की भावना जागृत करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से जागरूकता कार्यक्रम निरंतर जारी है। यह बात उन्होंने राहगिरी फाउंडेशन की ओर से वर्ल्ड मार्क मॉल में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में कही। डीसी ने जागरुकता प्रोग्राम में पहुंच कर जी-20 इवेंट के प्रोमोशन से जुड़ी एक्टिविटी में भागीदारी की। डीसी ने एडीसी विश्राम कुमार मीणा, एडिशनल लेबर कमिश्नर कुशल कटारिया व राहगीरी फाउंडेशन की ओर से सारिका पांडा सहित अन्य गणमान्य लोगों के साथ प्रोग्राम में पहुंचे लोगों को जिला प्रशासन की जागरूकता संबंधी गतिविधियों में भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में भी एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक पहली से चार मार्च को होगी।

# अरावली अंसल में बाउंसरों के दम पर हो रहे अवैध निर्माण

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**



रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी के कच्चे रास्तों में डाली गई कंक्रीट की पक्की फर्श।

**रायसीना** से लगती अरावली अंसल में फार्म हाउस मालिक बाउंसरों की ताकत से अवैध निर्माण को अंजाम दे रहे हैं। नगर परिषद प्रशासन को फार्म हाउसों की अवैध चार दीवारी से लेकर अवैध खनन और यहां के कच्चे रास्तों को कंकरीट से पक्का करके ठेंगा दिखा रहे हैं। फार्म हाउसों को आलीशान बनाने में अवैध निर्माण धड़ल्ले से किए जा रहे हैं।

रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी में फार्म हाउस मालिक एनजीटी के आदेशों की प्रवाह किए बिना धड़ल्ले से अवैध खनन और निर्माण कार्य दिन रात चला रहे है। नगर परिषद प्रशासन फार्म हाउस मालिकों की मनमर्जी के आगे बौना बना हुआ है। यही कारण है कि अरावली अंसल में फार्म हाउसों को आलीशान बनाने के लिए जमकर अवैध खनन और निर्माण कार्य किए जा रहे है। वर्तमान समय में 20 से 25 फार्म हाउसों में निर्माण कार्य जारी है।

**बाउंसरों का लिया जा रहा सहारा :** फार्म हाउस मालिकों ने अरावली में अवैध निर्माण को कराने के लिए बाउंसरों को अपने यहा चौकीदारा करने के लिए तैनात किए है। एक-एक फार्म हाउस पर 3 से 4 बाउंसर रखे हुए हैं। जिनके ऊपर फार्म हाउस मालिक एक माह में सवा से डेढ़ लाख रुपये वेतन के रूप में खर्च कर रहे हैं। बाउंसर फार्म हाउस में नौकरी के साथ-साथ मालिक से निर्माण कार्य कराने तक की जिम्मेदारी लेते हैं।

**रास्तों में बना लिए कंक्रीट के फर्श :** अरावली अंसल के कच्चे रास्तों को फार्म हाउस मालिक अपनी सुख सुविधा के लिए क्रंकीट की फर्श डालकर पक्का कराने में जुटे हैं। जिनकी चौड़ाई 10 से 12 फुट है। सड़क के साथ लगते फार्म हाउस के मुख्य दरवाजों के आस पास के क्षेत्र को पक्का किया जा रहा है।

**जंगली जानवर गिरकर घायल :** जानकारी के अुनसार अरावली पहाड़ी के रास्तों डाली जा रही कंक्रीट की फर्श को पार करने के दौरान जंगली जानवर फिसलकर घायल हो रहे हैं। जिसमें नील गाय, काला रोज और तेंदुएं भी शामिल है। इस संबंध में नगर परिषद का कोई भी अधिकारी कुछ भी बोलने बच रहे हैं। जिससे परिषद प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालियां निशान उठ रहे है।

# सीएसआर फंड को शिक्षा पर अधिक खर्च करें कंपनियां : सुंदर लाल



**गुरुग्राम।** शनिवार को बाटा कंपनी की ओर से सीएसआर फंड के तहत गांव सिकंदरपुर बढ़ा के राजकीय उच्च विद्यालय में पहली कक्षा से लेकर दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को जूते वितरित किए। इस सहयोग के लिए सरपंच सुंदर लाल यादव ने कंपनी के प्रतिनिधियों के समक्ष कंपनी का आभार जताया।

कंपनी का सहयोग गरीब, जरूरतमंद बच्चों के लिए उपहार है। सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि गुरुग्राम में हजारों कंपनियां हैं, जो कि अपने सीएसआर फंड से समाजसेवा के कार्यों को करके आमजन को लाभ पहुंचा रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी काफी काम कंपनियों की ओर से अपने सीएसआर फंड से करवाए गए हैं। यहां तक कि स्कूलों को गोद लेकर उनकी कायापलट की गई है। सुंदर लाल ने कहा कि बाटा कंपनी द्वारा सिकंदरपुर बढ़ा गांव के सरकारी स्कूल के बच्चों को सीएसआर फंड से जूते देकर उन्हें सहायता दी गई है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में सीएसआर फंड से कंपनियों ने काफी काम किए हैं। उन्होंने कंपनियों से आग्रह किया कि वे अपनी प्राथमिकताओं में सरकारी स्कूलों को जरूर रखें।

# आईआईएफएल ने 'सपना आपका लोन हमारा अभियान' लॉन्च किया

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**




**रिटेल** पर केंद्रित नॉन-बैंकिंग फाईनेंशल कंपनी, आईआईएफ्एल फाईनेंस ने 'सपना आपका लोन हमारा कैम्पेन' लॉन्च किया है। पूरे भारत में मार्केटिंग के प्रसार के लिए इस कैम्पेन में लोकप्रिय अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को पेश किया गया है। इस कैम्पेन द्वारा आईआईएफ्एल का उद्देश्य अगले छह महीनों में अपनी प्रस्तुतियां लेकर 350 मिलियन से ज्यादा ग्राहकों तक पहुंचना और गोल्ड लोन, होम लोन, बिज़नेस लोन, तथा माईक्रोफाईनेंस लोन के सेगमेंट्स में अपनी नेतृत्वकारी स्थिति को मजबूत बनाना है। यह विशाल देशव्यापी कैम्पेन टीवी, डिजिटल, सिनेमा, रेडियो, और प्रिंट मीडिया आदि में चल रहा है। इस कैम्पेन का उद्देश्य बैंकिंग सुविधाओं से वंचित और बैंकिंग सेवाओं की कमी वाले ग्राहकों तक पहुँचना है, जिनकी क्रेडिट की जरूरतें बढ़ रही हैं। आईआईएफ्एल फाईनेंस 8 मिलियन से ज्यादा ग्राहकों को सेवाएं देता है।

इस ब्रांड फिल्म के लॉन्च के बारे में मानव वर्मा, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, आईआईएफएल ने कहा, "हम भारतीय अर्थव्यवस्था चलाने में छोटे उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका में विश्वास करते हैं। उन्हें सही समय पर क्रेडिट दिए जाने की जरूरत है, जिसे आईआईएफ्एल फाईनेंस सबसे अच्छी तरह समझता है। 'सीधी बात' या 'स्ट्रेट टॉक' हमारे सभी व्यवसायिक सौदों और ब्रांड के सिद्धांत की मुख्य अवधारणा है।" ब्रांड कैम्पेन 'सपना आपका, लोन हमारा' लाखों छोटे उद्यमियों और व्यक्तिगत उधारकर्ताओं का पसंदीदा लोन प्रदाता बनने और उन्हें अपने सपने पूरे करने में मदद करने के हमारे उद्देश्य को प्रदर्शित करता है। ब्रांड के इसी सिद्धांत के अनुरूप हिमांशु तिवारी द्वारा निर्देशित यह कैम्पेन मनोरंजक और जानकारीवर्धक तरीके से 'सीधी बात' करता है। लोन लेने के विकल्पों के बारे में सोचते हुए उपभोक्ता पर ढेर सारी जानकारी की बौछार कर दी जाती है, जिसका अक्सर गलत संचार या गलत व्याख्या होती है। इसके कारण उपभोक्ता को लोन मिलने तक काफी मुश्किल और परेशानियों से गुजरना पड़ता है, जिसके कारण विलंब या फिर लोन अस्वीकृत हो जाता है, और उपभोक्ताओं को अपनी योजनाओं को छोड़ने या समझौता करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इस फिल्म में किसी भी तरह के लोन के लिए आईआईएफएल को सबसे पसंदीदा ब्रांड के रूप में स्थापित किया गया है। आईआईएफएल फाईनेंस महान उद्यमी निर्मल जैन द्वारा स्थापित वित्तीय समूह आईआईएफ्एल ग्रुप का हिस्सा है और यह अपने अनेक डिजिटल प्लेटफॉर्म्स एवं 4,000 शाखाओं के साथ पूरे भारत में मौजूद है। इस एनबीएफसी ने इस साल तमन्ना भाटिया को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया है।

# प्रॉपर्टी डीलर पर रंजिशन किया लोहे की रॉड से हमला

## डीलर ने आरोपियों को पहचाना, अपने की गांव के पांच आरोपियों पर कराया केस दर्ज

**सोहना।** सोहना की फ्रेंड्स कॉलोनी में प्रॉपर्टी डीलर पर तीन नकाबपोश युवकों ने लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आस पास से शोर सुनकर आए लोगों को देख हमलावर मौके से जाते समय डीलर को जान से मार देने की धमकी देकर गए। डीलर ने आरोपियों पर रंजिश में हमला करने का आरोप लगाया है।

जिला नूंह का गांव भिरावटी निवासी विजयपाल ने शहर थाना पुलिस को बताया कि उसने सोहना की फ्रेंड्स कॉलोनी में अपना कार्यालय बनाया हुआ है। मंगलवार की सायं 4 बजे वह अपने प्रॉपर्टी डीलर कार्यालय के बाहर रास्ते में खड़ा होकर फोन सुन रहा था। उसी समय तीन नौजवान युवक मुंह पर नकाब बांधकर आए। एक युवक ने उसे पीछे से पकड़ लिया तथा दो ने अपने-अपने हाथ में ली हुई लोहे की रॉढ़ से पैरों पर हमला करना शुरु कर दिया। दोनों युवकों ने उसके हाथ व पैरों में चोटें मारी। उसकी चीख-चिल्लाहट को सुनकर आस पास से लोग दौड़कर उसके पास पहुंचे। हमला होने के दौरान उसने हमलवरों को पहचान लिया। तीनों ही युवक उसके गांव भिरावटी के निवासी है। जिनकी पहचान मानसिंह, प्रकाश उर्फ कालू और सचिन बताई गई है। भीड़ को देख मानसिंह, प्रकाश उर्फ कालू व सचिन जाते समय उसे जान से मारने की धमकी देकर गए। ये लोग एक ही गाड़ी में सवार होकर आए थे। दो लोग गाड़ी में बैठे हुए थे।

**रंजिश में हुआ हमला :** हमले से घायल विजयपाल ने पुलिस को बताया कि उसका मानसिंह के साथ पहले से झगड़ा चल रहा है। इस झगड़े का मामला रोजका मेव थाना जिला नूंह में दर्ज है। उस पर गांव के ही विजय और हरीसिंह की मिलीभगत से हमले हो रहे है। यें लोग मानसिंह के साथ चल रहा झगड़ा में फैसला कराने के लिए उस पर एक बाद एक हमला कराने दबाव बना रहे है।

**पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज :** शहर थाना पुलिस ने विजयपाल की शिकायत पर भिरावटी निवासी मानसिंह, प्रकाश उर्फ कालू, सचिन, विजय व हरीसिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# रिवर ने लॉन्च किया द इंडी स्कूटर्स का एसयूवी

## प्रि-ऑर्डर शुरू हो चुके हैं; डिलीवरी अगस्त, 2023 में शुरू होंगी

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



**भारत:** बैंगलुरू स्थित इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) स्टार्टअप, रिवर ने स्कूटर्स के एसयूवी, इंडी का लॉन्च किया है। इस स्कूटर में क्रांतिकारी डिज़ाईन है, जो स्कूटर्स की ऐसी अत्याधुनिक विशेषताएं प्रस्तुत करता है, जिनके द्वारा इसे अनेक कामों के लिए इस्तेमाल किया जा सके। इंडी का डिजाइन और विकास बैंगलुरू में रिवर की शोध एवं विकास (आरएंडडी) की सुविधा में किया गया है, और इसका उत्पादन शहर के बाहरी हिस्से में रिवर के कारखाने में किया जाएगा। अरविंद मणि, को-फाउंडर एवं चीफ एग्ज़िक्यूटिव ऑफिसर, रिवर ने कहा, "रिवर का उद्देश्य डिजाइन पर केंद्रित रहते हुए लोगों के दैनिक जीवन में सुधार लाना है। हमारा पहला उत्पाद इंडी एक बोल्ड स्टेटमेंट प्रस्तुत करता है, जिसमें दो अलग-अलग प्रस्ताव-उपयोगिता और जीवनशैली हैं। यह व्यवहारिकता, क्षमता और स्टाईल के सही मिश्रण के साथ सबसे समझदार स्कूटर होगा।" इंडी में भारत में बिकने वाले किसी भी इलेक्ट्रिक स्कूटर के मुकाबले पहली बार 14 ईंच व्हील दिए गए हैं। बड़े व्हील्स के कारण विभिन्न तरह की सड़कों पर राईडिंग की प्रभावशाली पोजिशन और बेहतरीन अनुभव के साथ शानदार मैन्योवरेबिलिटी भी मिलती है। इस स्कूटर में अन्य किसी भी स्कूटर के मुकाबले ज्यादा स्टोरेज है। इसमें 43 लीटर का अंडर सीट स्टोरेज और 12 लीटर का फ्रंट ग्लोव बॉक्स है। साईड्स में स्थित एक्सक्लुसिव लॉक एंड लोड पैनियर विभिन्न तरह के कस्टमाईज़ेशन प्रदान करता है, ताकि इसे अलग-अलग उपयोगों में लिया जा सके। यह विशेषता किसी भी स्कूटर में पहली बार दी गई है। इसके सिग्नेचर ट्विन बीम हेडलैंप और अद्वितीय टेल लैंप डिज़ाईन स्कूटर को एक खास लुक प्रदान करता है, ताकि सड़क पर सर्वाधिक विज़िबिलिटी मिल सके। मोटरसाईकल से प्रेरित क्लिप-ऑन हैंडलबार बेहतर हैंडलिंग और स्थिरता प्रदान करता है। इंडी में "सेफगार्ड" भी है। यह इसका सिग्नेचर डिज़ाईन एलिमेंट है, जो स्कूटर के गिरने पर इसके बॉडी पैनल्स की सुरक्षा करता है। रिवर में को-फाउंडर एवं चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर, विपिन जॉर्ज ने कहा, "इंडी आधुनिक भारतीयों से प्रेरित है, जो सदैव गतिशील रहते हैं, और हर दिन का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना चाहते हैं। डिज़ाईन के तत्वों और टेक्निकल विशेषताओं के इस अद्वितीय मिश्रण ने इंडी को एक विशेष किरदार दिया है, जो आपको ज्यादा काम करने और ज्यादा परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा।

इंडी की राईडिंग पोज़िशन काफी आरामदायक है, और इसकी सीट पर अलग-अलग ऊंचाई के दो लोग आसानी से आ सकते हैं। इंडी की सीट अपने सेगमेंट में सबसे ज्यादा लंबी और सबसे ज्यादा चैड़ी है, जो सबसे ज्यादा आराम देती है। इस स्कूटर में फ्रंट के फुट पेग्स भी इसकी सबसे खास विशेषता हैं, जिससे फ्रंट बोर्ड पर सबसे ज्यादा स्टोरेज के साथ आरामदायक राईड मिलती है।

# बीके में कैम्प की सूचना पर भटकते रहे दिव्यांगजन

## दिव्यांगजन व परिजन बोले प्रशासन की सूचना पर पहुंचे हैं बीके, मिला ताला

कविता। फरीदाबाद


धौज में कैम्प न मिलने पर बीके पहुंची वकिला अपनी मां के संग डिसेबल प्रमाण पत्र बनाने वाले कक्ष के बाहर अपनी व्यथा सुनाते हुए।

**जिला** प्रशासन ने 26 फरवरी तक जिले के विभिन्न स्थानों पर दिव्यांगजनों के लिए विशेष कैम्पों का आयोजन करने के लिए 21 फरवरी को एक प्रेसनोट जारी किया था। जिसमें दिव्यांग होने के प्रमाण पत्र के लिए आवेदन कर सकता है। जिसमें जिला प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी विनय गुप्ता को आदेश दिए कि वे आगामी 26 फरवरी तक विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले कैम्पों के माध्यम से सभी दिव्यांगजनों को लाभ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। 26 फरवरी तक सिविल हॉस्पिटल बीके, सीएचसी खेड़ी कलां, पीएचसी मोहना, पीएचसी धौज, एफआरयू-1 सेक्टर-30, एफआरयू-2 सेक्टर-3 व यूएचसी एसजीएम नगर में दिव्यांगजनों के लिए विशेष कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। लेकिन शनिवार को बीके अस्पताल में दिव्यांगजन और उनके परिजन भटकते नजर आए। क्योंकि बीके अस्पताल में डिसेबल प्रमाण पत्र बनाने वाले कक्ष पर ताला लगा हुआ था।

**नहीं मिला कैम्प :** बीके सिविल अस्पताल में दिव्यांगजन और उनके परिजन यहां से वहां कैम्प के बारे में पुछते नजर आए। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा सूचना पर वे यहां आए हैं। लेकिन यहां चक्कर कटवाने के बाद पता चला कि यहां कोई कैम्प नहीं है। धौज में कैम्प है। दिव्यांग महिला वकिला और उनकी माता ने बताया कि धौज स्वास्थ्य केन्द्र में वे सुबह 10 बजे गए थे। लेकिन वहां कोई कैम्प नहीं था। वहां उनकी एक बेटी आशा वर्कर है, उसने भी बीके अस्पताल में जाने को कह दिया। ऐसे में वह यहां आए है, लेकिन अब यहां कहा जा रहा है कि धौज में कैम्प है। यहां ताला लगा हुआ है।

**हो रहा मजाक :** दिव्यांगजनों के साथ हर बार मजाक हो रहा है। जहां एक तरफ बीके अस्पताल में कैम्प नहीं मिला। वहीं गत 18 फरवरी को लगे कैम्प में दिव्यांगजनों के अंगूठे लगवाने के बाद भी उन्हें उपकरण नहीं मिले। दिव्यांगजन राजेश ने बताया कि उनका रजिस्ट्रेशन हुआ था। जब वह ट्राई साइकल लेने पहुंचे तो पता चला कि उनकी ट्राई साइकल किसी अन्य को जारी हो चुकी है। जबकि उन्हें ट्राई साइकिल मिली ही नहीं। रेनू ने बताया कि उनका बेटा दिव्यांग है। लेकिन उसका प्रमाण पत्र पांच साल का बना दिया है। जिसकी करेक्शन कराने को वह लगातार चक्कर काट रही है।

# उद्योगों की मूलभूत जरूरतों को पूरा करने का किया जाएगा प्रयास : उपायुक्त

## प्रशासनिक अधिकारियों और विभिन्न औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ किए समस्याओं के सुझाव भी किए साझा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


डीसी कॉन्फ्रेंस में औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए।

**डीसी** विक्रम सिंह ने कहा कि फरीदाबाद में उद्योगों के लिए मूलभूत जरूरतों को पूरा करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। औद्योगिक क्षेत्रों में सड़कों, बिजली आपूर्ति, पानी, बिजली मैन्टीनेन्स, सीवरेज व्यवस्था और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों व बिजली के बिलों सहित तमाम समस्याओं का एक-एक करके अधिकारियों और औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर आपसी तालमेल करके निश्चित तौर पर समाधान किया जाएगा।

डीसी विक्रम सिंह गत सायं फरीदाबाद औद्योगिक एसोसिएशन/एफआईए हाल में प्रशासनिक अधिकारियों और विभिन्न औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ आयोजित समस्याओं को दूर करने के लिए कान्फ्रेंस को सम्बोधित कर रहे थे। कॉन्फ्रेंस में विभिन्न औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ समस्याओं के सुझाव भी साझा किए गए।

वहीं डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि फरीदाबाद औद्योगिक क्षेत्र प्रदेश का बड़ा हब इसकी समस्याएं प्रशासन और उद्योगपति सकारात्मक सोच के साथ आपसी सहमति से सलाह मशविरा करके दूर करेंगे। यदि कोई इशू उद्योगपतियों का है तो वह आपस में सुझाव साझा करके उसे दूर करेंगे। डीसी ने विभागवार अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए जिम्मेदारी भी तय की। एमएसएमई के संयुक्त निदेशक दिग्विजय सिंह ने जिला प्रशासन की तरफ से कॉन्फ्रेंस में आए हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियों व उद्योगपतियों का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार ने आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में औद्योगिक क्षेत्रों में समस्याओं के समाधान के लिए फ्लैक्सिबल स्कीम दी है। इस स्कीम का उद्योगपति अधिक से अधिक फायदा उठाएं।

वहीं औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों की तरफ से फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र अग्रवाल ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि देश में आजादी के अमृत महोत्सव के 75 साल के बाद भी बिजली, पानी, सड़कों के हालात सुदृढ़ नहीं हुए हैं। इसके लिए हमें पॉलिसी मैटर पर बेहतर क्रियान्वयन के लिए सरकार के साथ आपसी सहमति से विचार विमर्श करने की जरूरत है। हमें अपनी सोच में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।

कॉन्फ्रेंस में औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों में रवि वासुदेवा, अजय जुनेजा, एफआईए के पूर्व चेयरमैन जीएल दहिया सहित अन्य औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सुझाव सांझे किए। वहीं एफआईए के जनरल सेक्रेटरी जसमीत ने अंत में एफआईए की तरफ सभी आभार व्यक्त किया। कॉन्फ्रेंस में सीटीएम अमित मान, एसइयूटी सोनू भट्ट, एचएसआईडीसी के जिला अधिकारी विकास चौधरी, सहायक मण्डल अग्निशमन अधिकारी सत्यवान सामरीवाल, एमसीएफ, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम व एचएसवीपी के कार्यकारी अभियंताओ सहित फरीदाबाद औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# वार्ड और ग्राम प्रहरी को लेकर गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक


गणमान्य व्यक्तियों के संग बैठक करते डीसीपी बल्लभगढ़।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के मार्गदर्शन में अब फरीदाबाद में बीट सिस्टम की तर्ज पर ग्राम व वार्ड प्रहरी व्यवस्था की हल में शुरुआत की थी। पुलिस ने यह बहुत ही सराहनीय पहल की है। जिसके माध्यम से पुलिस समाज के हर वर्ग-हर व्यक्ति तक पुलिस संबंधित सुविधाओं को पहुंचाने का प्रयास कर रही है।

पुलिस सुविधाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत डीसीपी बल्लभगढ़ कुशल पाल ने थाना सिटी बल्लभगढ़ में पुलिस टीम के साथ समाज के कुछ गणमान्य व्यक्तियों के साथ मीटिंग लेकर उनके सामने आने वाली समस्यायों की जानकारी ली है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि मीटिंग की अध्यक्षता डीसीपी बल्लभगढ़ ने की, मीटिंग में सिटी बल्लभगढ़ थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर सत्यवान, कम्युनिटी पुलिसिंग इंचार्ज इंस्पेक्टर सविता, पुलिस चौकी बस स्टैंड इंचार्ज उमेश कौशिक व आजाद सिंह सिखारा अध्यापक, चंद्रभान प्रधान समाजसेवी, प्रेम खट्टर व्यापारी, दीपक यादव पार्षद, वेद प्रकाश व्यापारी, प्रदीप शर्मा व्यापारी वह समाज के अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ मीटिंग में यातायात संबंधित समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। मीटिंग में बल्लभगढ़ मेट्रो पुल की पास लगने वाले जाम के साथ-साथ मेट्रो पुल के पास खाली स्थान पर बढ़ते हुए पोलूशन के संबंध में मीटिंग हुई जिसमें डीसीपी बल्लबगढ़ के द्वारा पुलिस चौकी बस स्टैंड प्रभारी को समस्या के समाधान के आदेश दिए। साथ ही गणमान्य लोगों से पुलिस के प्रहरी अभियान के तहत जुड़कर समाज में हो रहे क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस का सहयोग करने की बात कही।

# पेड़ होंगे तो इंसान का कल भी सुरक्षित होगा : अजय मिश्रा



पौधा लगाते हुए सदस्यगण।

**फरीदाबाद।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय डींग के प्रांगण में एलएनटी कम्पनी के सौजन्य से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीजेपी के प्रवक्ता बिजेंद्र नेहरा व एलएनटी कम्पनी के जीएम अजय मिश्रा का विद्यालय के मुख्याध्यापक समर देशवाल व गांव के गणमान्य लोगों ने फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बीजेपी नेता बिजेंद्र नेहरा ने कहा कि हमारा जीवन पौधो के बगैर अधूरा है, पौधे है तो जीवन है। एलएनटी कम्पनी के अजय मिश्रा ने कहा कि पेड़ है तो कल है। इस मौके पर जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के प्रधान संत सिंह हुड्डा ने कहा कि जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद हर वर्ष बड़े स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाकर आपसी सहयोग से पौधरोपण करती है। पौधरोपण के साथ-साथ इनकी परवरिश करना भी बेहद जरूरी है। हमें अपने-अपने जन्मदिवस पर जरुर एक पौधा लगाना चाहिए।पौधे बड़े ही परोपकारी होते है हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।इस अवसर पर विद्यालय के मुख्याध्यापक समर देशवाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें सांस लेने के लिए व शुद्ध वायु के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए।

# विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए करें प्रयास

## रेयान इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक उत्सव में बोले विधायक राजेश नागर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


रेयान इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक उत्सव पर पहुंचे विधायक राजेश नागर को स्मृति चिन्ह देते प्रबंधन के सदस्य।

**तिगांव** विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेश नागर ने सेक्टर 21बी स्थित रेयान इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक समारोह में शिरकत कर बच्चों और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन बेहतर कल के लिए आज अच्छे बीज बाएं ताकि हम एक अच्छे देश का निर्माण कर सकें।

इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा एवं स्कूल के अध्यक्ष डॉ एएफ पिंटो प्रमुख रूप से मौजूद रहे। विधायक नागर ने कहा कि एक देश का भविष्य उसके नागरिक बनाते हैं और एक नागरिक का निर्माण करने में एक स्कूल का महत्वपूर्ण किरदार होता है। एक स्कूल ऐसे नागरिक निर्मित करता है जिनका असर आने वाले दशकों तक और पीढ़ियों तक होता है। नागर ने कहा कि रयान इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षा का स्तर श्रेष्ठता के पैमाने का छूता है और हम उनको उत्कृष्ट शिक्षा देने के लिए बधाई देते हैं। विधायक राजेश नागर ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में नाम कमा रहे स्कूल के पूर्व छात्रों को भी बधाई दी।

स्कूल के वार्षिक उत्सव की थीम बेहतर कल के लिए अच्छे बीज बोएं रखी गई थी। इस अवसर पर स्कूल के किंडरगार्डन के छात्रों ने भव्य कार्यक्रमों के जरिए आनंद भर दिया जिससे सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे। उत्सव में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा जुम्बा नृत्य प्रस्तुति को सभी ने सराहा वहीं प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों ने भी हया हया और आशाएं नृत्य प्रस्तुत कर सभी की वाहवाही प्राप्त की।

इस अवसर पर बाइबिल पाठ, प्रार्थना, ईश्वर स्तुति और पूजा गीतों के माध्यम से कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल निशा शर्मा ने कहा कि उनका संस्थान शिक्षा में उत्कृष्टता के आदर्श वाक्य पर पूरी तरह से भरोसा करता है और उसे फलीभूत करता है। कार्यक्रम में हेप्पीनेस कोच पूजा गुप्ता, ब्रिगेडियर गांगुली, मॉडल और मिसेज इंडिया निधि नंदराजोग, लेखक डॉ मनजीत लेघा, अन्वेषा मित्रा संस्थापक द ब्रांड, कहानीकार अभय कौशिक, सामाजिक कार्यकर्ता शिखा त्यागी, रितु मोहंती, अंतर्राष्ट्रीय ताइक्कांडो जितेंद्र सिंह, एसीपी राजकुमार भारद्वाज, स्टर्लिंग ताइक्कांडो अध्यक्ष रेखा सिंह, आईएमए अध्यक्ष डॉ पुनीता हसीजा, रेड क्रॉस सचिव बिजेंद्र सौरोंत, कविता ठाकुर, संदीप, अमन बाथला, प्रिंसिपल एटीडीसी नीतू कपूर, झांसी क्रिस्टोफर, पूर्व छात्र सिल्विया चड्ढा, नर्तक गायक अनुपम धोनचक, क्रिकेटर आराध्या यादव, वासु रैना, आदि प्रमुख हस्तियों के बीच यह समारोह संपन्न हुआ।

# बिजली कट के फेक मैसेज के लिंक को न करें क्लिक: अमित खत्री

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद


अमित खत्री।

**दक्षिण** हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने सभी बिजली उपभोक्ताओं को ठगों से सावधान रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि यदि किसी बिजली उपभोक्ता को मैसेज आता है कि 'बिजली बिल जमा करें, अन्यथा कुछ घंटों में आपका बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा' तो सतर्क रहें।

इस तरह के लिंक को क्लिक न करें और साइबर अपराधों से सावधान रहें। ऐसे फेक संदेश में उपभोक्ता की खाता संख्या और बकाया राशि नहीं लिखी होती है। उन्होंने बताया कि साइबर ठग उपभोक्ताओं को ठगने के लिए प्रतिदिन नए नए तरीके अपना रहे हैं। इन दिनों साइबर ठगों द्वारा लोगों को नए तरीके से फांसने की कोशिशों के तहत बहुत से बिजली उपभोक्ताओं के पास मोबाइल पर एक मैसेज आ रहा है कि आपका बिजली का बिल बकाया है और इस एवज में आपका कनेक्शन काट दिया जाएगा। इतना ही नहीं बाकायदा कनेक्शन काटने का समय भी बताया जा रहा है कि आज रात कनेक्शन कटेगा। बाद में एक नंबर भेजा जा रहा है और उस पर बात करने की सलाह दी जा रही है। काफी उपभोक्ता मैसेज में दिए गए नंबर पर कॉल करके पूछते हैं कि ऐसा क्यों होगा तो बात करने पर ठगी का पता चलता है। प्रबंध निदेशक ने बताया कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम इस तरह का कोई भी मैसेज उपभोक्ता को नहीं भेजता है।

निगम किसी को भी बिजली कनेक्शन काटने की चेतावनी नहीं देता है और किसी भी नम्बर पर संपर्क करने को नहीं कहता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी बिजली उपभोक्ता का बिल बकाया है और उसे इस प्रकार का संदेश प्राप्त होता है तो वे सतर्कता बरतें और बिजली कटने के अनजान एवं फर्जी मैसेज के लिंक को क्लिक न करें और अपनी बैंक, कार्ड डिटेल, ओटीपी आदि किसी के साथ भी शेयर न करें। स्वयं सतर्क रहें और अपने संपर्क में आने वालों को भी जागरूक करें। खत्री ने बताया कि बिजली निगम द्वारा बिल के बनते ही उपभोक्ता को ईमेल पर बिल और रजिस्टर्ड मोबाइल पर मैसेज भेजा जाता है।

# विकसित भारत के संकल्प को समर्पित है बजट

**फरीदाबाद।** भाजपा नेत्री आशा रानी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा पेश किए आम बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट भारतीय संस्कृति को संजोए रखते हुए विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने की दिशा में अहम है।

उन्होंने कहा कि यह बजट सतत विकास, लक्ष्य, विजन 2030 के अनुरूप राज्य के विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को प्रकट कर रहा है। बजट में जहां बेहतर इंफ्रास्टक्चर के लिए विभिन्न विकासात्मक पहलुओं में बजट की राशि में बढ़ोत्तरी की गई है वहीं भारतीय संस्कृति व परंपराओं में पेड़-पौधों को पवित्र मानते हुए हर जिला में अशोक, वट, सीता, कदम, बड़, पीपल, नीम सहित अन्य पवित्र वृक्ष लगाने के लिए 5 से 10 एकड़ भूमि पर अमृत वन विकसित करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी प्रभावी कदम उठाए हैं।

# तीन दिवसीय ध्यान योग महोत्सव का समापन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**इंस्टिट्यूट** ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की फरीदाबाद शाखा ने आईसीएआई भवन ने 23, 24 और 25 फरवरी 2023 को रोजाना 5.00 बजे राम चंद्र मिशन, हार्टफुलनेस संस्था के साथ मिलकर धूमधाम से हर दिल ध्यान योग महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिदिन 250 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

जिसमें 23, फरवरी 2023 को डॉ राहुल मल्होत्रा (कार्डोलॉजिस्ट) आर्टमिस हॉस्पिटल, गुडगांव ने बताया की कैसे ध्यान (मेडिटेशन) के द्वारा शुगर और बीपी को कंट्रोल किया जा सकता है। 24, फरवरी 2023, शाम 5.00 बजे संजय उप्रेती ज्वांइट सचिव और वित्त सलाहकार ने बताया की तनाव ध्यान द्वारा कैसे दूर किया जाए और इस पर चर्चा हुई तथा 25, फरवरी 2023, शाम 5.00 बजे तुषार प्रधान मुख्य निवेश अधिकारी ***HSBC,*** योग और ध्यान (मैडिटेशन) द्वारा कैसे निजी जीवन पर प्रभाव पड़ता है। जिसका ***BRIGHTER MIND*** डेमो दिया गया जिसको चक्ष्ट मुम्बई ने भी सराहा। इसके बारे में उपस्थित लोगों को बताया और प्रत्येक दिन अंत में ध्यान (मैडिटेशन) विशेषज्ञ, प्रमाणिक प्रशिक्षक द्वारा ध्यान कराया गया, मुख्य अतिथि डॉ आरसी अग्रवाल (डिप्टी डायरेक्टर जनरल) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय उपस्थित रहे शाखा के चेयरमैन सी ए हर्ष कुमार मित्तल ने प्रत्येक दिन उपस्थित स्पीकर का ग्रोइंग प्लांट से स्वागत किया। उपस्थित लोगों को ध्यान (मैडिटेशन) को रोजाना अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रत्येक दिन अंत में डॉ राहुल मल्होत्रा (कार्डोलॉजिस्ट), संजय उप्रेती ज्वांइट सचिव और वित्त सलहाकार, तुषार प्रधान मुख्य निवेश अधिकारी को स्मृति चिन्ह सम्मानित किया।

# संक्षिप्त समाचार

## दो दिवसीय जेस्ट गूंज 2023 में फैशन शो का आयोजन



**फरीदाबाद।** नचौली गांव स्थित लिंग्याज विद्यापीठ में दो दिवसीय जेस्ट गूंज 2023 में शुक्रवार की शाम को फैशन शो मुख्य केंद्र बिंदु रहा। दिल्ली एनसीआर के कई कॉलेजों ने इसमें भाग लिया। जिसमें टीम.क लिंग्याज विद्यापीठ ने बेस्ट फैशन शो का खिताब जीता। रैंप पर पड़ती रंग-बिरंगी लाइट्स, फॉग और म्यूजिकल बीट्स दर्शकों का ध्यान खींच रही थीं। चमकती-दमकती एक्सेसरीज और आउटफिट्स से लैस पार्टिसिपेंट्स ने एक के बाद एक रैंप वॉक में फैशन का जलवा बिखेरा। तालियों की गूंज ने स्टेज पर उतरे प्रतिभागियों का हौंसला बढ़ाया और इससे उनका प्रफोमेंस और भी अच्छा रहा। बेस्ट वॉक, बेस्ट अटायर, बेस्ट स्माइल, मोस्ट पोपुलर, बेस्ट एटीट्यूड टैग से प्रतियोगिताओं को नजावा गया। इस दौरान लिंग्याज ग्रुप के चेयरमैन डॉ.पिचेश्वर गड्डे ने कहा कि फैशन शो में आए सभी प्रतियोगिताओं ने अपना बेस्ट दिया। मुझे बेहत खुशी है कि लिंग्याज ने जीत हासिल की। इस मौके पर प्रो चांसलर डॉ.एम के सोनी, वाइस चांसलर डॉ.एम.पी गुप्ता, रजिस्ट्रार प्रेमकुमार सालवान, डीन अकादमिक प्रो.(डॉ.) देवेंद्र पाल सिंह आदि सभी मौजूद रहे।

## रॉन्ग साइड पर वाहन चलाने वाले चालकों के काटे चालान



**फरीदाबाद।** पुलिस महानिदेशक पीके अग्रवाल, आईजी ट्रैफिक हरदीप सिंह दून तथा पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा के आदेशानुसार फरीदाबाद पुलिस ने रॉन्ग लेन तथा रॉन्ग साइड में गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर गलत दिशा व लेन बदलने वाले 673 वाहन चालकों के चालान काटे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस गलत दिशा व रॉन्ग लेन में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों का चालान काटकर उन्हें आर्थिक धन से दंडित कर रही है। डीसीपी ट्रैफिक नीतीश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश व एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस ने यह विशेष अभियान चलाया। पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान गलत लाइन में वाहन चलाने वाले 673 वाहन चालकों के चालान काटे जुर्माना लगाया है। काटे गए इन चालानों में रॉन्ग साइड के 459 तथा रॉन्ग लेन के 214 चालान शामिल है। वाहन चालकों को जागरूक करते हुए पुलिसकर्मियों ने बताया कि गलत दिशा में वाहन चलाने की वजह से सड़क दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ जाती है जिसमें कई व्यक्तियों की जान तक चली जाती है। इसलिए सभी वाहन चालक अपनी दिशा तथा अपनी लाइन में गाड़ी चलाएं ताकि अपने तथा अपने साथ चलने वाले दूसरे वाहन चालकों को भी सड़क दुर्घटना से बचाया जा सके। फरीदाबाद पुलिस द्वारा सर्दी के मौसम में वाहनों पर रिफ्लेक्टर भी लगाए जा रहे हैं ताकि धुंध और रात के अंधेरे में दृश्यता कम होने पर भी वाहनों को आसानी से देखा जा सके। पुलिस ने चालकों को सड़क सुरक्षा का महत्व बताते हुए यातायात नियमों का अनुसरण करने के लिए जागरूक किया।

## चोरी और झपटमारी करने वाले दो गिरफ्तार किए



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए आपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धर पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 प्रभारी की टीम ने चोरी व स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में बिलाल उर्फ बिल्ला और मुस्ताक का नाम शामिल है। दोनों आरोपी फरीदाबाद के सेक्टर 56 आशियाना फ्लैट्स के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपियों को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से फरीदाबाद के सेक्टर 56 कि कलंदरा कॉलोनी से चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने पूर्व में चोरी व स्नैचिंग की 4/5 वारदातों को अंजाम दे रखा है। दोनों आरोपी पूर्व में एक साथ चोरी के मामले में जेल जा चुके हैं। बिलाल ने पूर्व में अपने अन्य साथी के साथ मिलकर एक चैन लॉकेट स्नैचिंग की वारदात को दिसंबर में अंजाम दिया था। आरोपी मुस्ताक को पूछताछ के बाद जेल भेजा गया है। आरोपी बिलाल को पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

## शिव जयंती के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किए

**फरीदाबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर 21सी में शिव जयंती के उपलक्ष में शुक्रवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीमा त्रिखा (एमएलए बड़खल विधानसभा), एकॉर्ड सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के चेयरमैन युवराज सिंह उपस्थित रहे। सीमा त्रिखा ने सभी को शिव जयंती की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी और कहा कि मुझे ब्रह्मा कुमारीज विद्यालय में आकर बहुत अच्छा लगता है। यहां आकर मुझे पॉजिटिव ऊर्जा मिलती है और ब्रम्हाकुमारी बहनों से मेरा बहुत दिल का स्नेह है। डॉक्टर युवराज ने कहा यहां आकर तन मन की शांति मिलती है, खुशी मिलती है और इससे व्यक्ति बहुत स्वस्थ महसूस करता है तो सबको प्रतिदिन राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करना चाहिए। राजयोगिनी हरीश ने सभी को शिवरात्रि का महत्व बताया। परमात्मा शिव जो हम सबके पिता हैं उन पर हमें अपने अंदर के कमी कमजोरियों का दान करना है। उनसे गुण और शक्तियां प्राप्त करने हैं। विदर्भ महाराष्ट्र से पधारे बीके अविनाश ने इस सुरमय में संगीत संध्या में शिव के गीतों द्वारा सभी का मन मोह लिया। बीके मधु ने बताया आंतरिक खुशी कैसे प्राप्त करें। खुशी हमारा स्वभाव है यह हमारे अंदर है यह बाहर नहीं है। बीके प्रीति ने सभी को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया। बीके ज्योति बहन ने सभी मेहमानों का तिलक व गुलदस्तों से स्वागत किया। बच्चों ने सुंदर नृत्य द्वारा सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। राधे कृष्णा की झांकी सजाई गई व सभी ने रास भी किया। और अंत में सबने ईश्वरीय प्रसाद ग्रहण किया।

## दानवीर सम्मान से सम्मानित हुए सुरेन्द्र बबली



**फरीदाबाद।** पलवल ब्राह्मण सभा द्वारा आयोजित होली मिलन व सम्मान समारोह ब्राह्मण धर्मशाला पलवल मे आयोजित किया गया। आयोजन में जिन दान दाताओं ने ब्राह्मण धर्मशाला निर्माण मे दान दिया था। उन सभी को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में पं सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा को दानवीर अवार्ड से सम्मानित किया। इस सम्मान के लिए पं सुरेन्द्र शर्मा बबली ब्राह्मण सभा पलवल का आभार प्रकट किया और कहा सनातन परम्परा दान पुण्य का बहुत महत्व है। सभी अवश्य दान करना चाहिए। इस अवसर पर अमन भारद्वाज, हेतराम, शम्भु, पहलवान, तुहीराम, इन्द्रपाल, त्रिलोक, केडी भारद्वाज, मोतीराम, गिर्राज, विनोद, गोविन्द, विरेन्द्र, रवि, इन्द्रजीत, साहिल, अनुराग सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बरसाना में भारी सुरक्षा में मनेगी लट्ठमार होली



भाषा। मथुरा

**ब्रज क्षेत्र** के बरसाना में 28 फरवरी को लट्ठमार होली कड़ी सुरक्षा के बीच मनाई जाएगी। वहीं अगले दिन लट्ठमार होली नन्दगांव के नन्दभवन में होगी। जिला प्रशासन ने बरसाना में लट्ठमार होली का आयोजन सुचारूपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए तकरीबन 2750 सुरक्षाकर्मियों की तैनाती करने का निर्णय लिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पाण्डेय ने बताया कि पूरे कस्बे को छह जोन व चौदह सेक्टरों में बांटा गया है। उन्होंने बताया कि इनमें आगरा सहित झांसी, कानपुर, अलीगढ़, मेरठ व सहारनपुर क्षेत्र के 2750 के पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इनके अतिरिक्त खुफिया विभाग के पुलिसकर्मी भी सादे कपड़े में रहकर निगरानी करते रहेंगे।उन्होंने बताया कि इस अवसर पर देश-विदेश के श्रद्धालु यहां आते हैं, इसलिए इन श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कस्बे के प्रवेश द्वारों पर 77 बैरियर लगाकर 39 स्थानों पर वाहनों को पार्क करने के लिए पार्किंग स्थल बनाए गए हैं।उन्होंने बताया कि रविवार को बरसाना की तरफ जाने वाले सभी भारी वाहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगे। उन्होंने बताया कि गोवर्धन, छाता, कोसीकलां और राजस्थान के कामां से कोई भी भारी वाहन बरसाना की तरफ नहीं जा सकेगा। एसएसपी के मुताबिक सुरक्षा व्यवस्था के लिए 6 अपर पुलिस अधीक्षक, 14 उपाधीक्षक, 60 थाना प्रभारी निरीक्षक, 300 उप निरीक्षक, 1200 आरक्षी व मुख्य आरक्षी, 40 महिला उप निरीक्षक, 130 महिला कांस्टेबल, 4 यातायात निरीक्षक, 50 यातायात उप निरीक्षक, 200 यातायात आरक्षी, 5 पीएसी की कम्पनी, 2 पीएसी फ्लड प्लाटून, बम निरोधक दस्ता, अग्निशमन दल, श्वान दस्ता आदि भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि एक मार्च को फाल्गुन शुक्ल दशमी पर नन्दगांव, रंगभरनी एकादशी पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान प्रांगण में एवं ठा. बांकेबिहारी मंदिर में रंगभरी होली के अवसर पर भी पुलिस का भारी सुरक्षा प्रबंध रहेगा।

## फर्जी प्रवेश पत्र व आधार कार्ड बनाने वाले जन सेवा केन्द्र का संचालक गिरफ्तार

**बलिया।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई स्कूल व इंटर की परीक्षा में प्रिन्टर व स्कैनर को मदद से फर्जी प्रवेश पत्र व आधार कार्ड तैयार करने के आरोप में एक जनसेवा केन्द्र के संचालक को नगरा पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस विभाग द्वारा शनिवार को जारी एक बयान के अनुसार नगरा पुलिस ने शनिवार को नगरा थानाक्षेत्र के परशुरामपुर चट्टी से जनसेवा केन्द्र के संचालक नागेन्द्र वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की ओर से जारी बयान के अनुसार आरोपी वर्मा अपने जनसेवा केन्द्र से प्रिन्टर व स्कैनर की मदद से फर्जी प्रवेश पत्र व आधार कार्ड तैयार करके परीक्षा को प्रभावित कर रहा था। इसके अनुसार पुलिस ने वर्मा के कब्जे से एक लैपटाप, एक प्रिंटर, एक सीपीयू व एक मॉनिटर बरामद किया है। इस बीच पुलिस ने शनिवार को परीक्षा में किसी दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मुन्ना यादव, छोटू कुमार राजभर, आदित्य कुमार मिश्र व अभिषेक कुमार सिंह को दूसरे की जगह परीक्षा देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इसको लेकर पुलिस अपनने सस्तर से छानबीन में चुटी हुई थी।

# सत्संग का कोई जोड़ नहीं



## यदि स्वर्ग और मोक्ष के समस्त सुख को एक तरफरख दिया जाय तो प्रवचन की बराबरी नहीं हो सकती: राजन जी

**गाजीपुर।** अभक्त को भी जो अपने आचरण से भक्त बना दे वही भगवान का सच्चा भक्त होता है और यही प्रभु के प्रति सच्ची भक्ति उक्त बातें श्री सीताराम जनसेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में स्थानीय नगर के लंका मैदान में चल रहे नौ दिवसीय श्रीराम कथा में शनिवार को कथा विश्राम दिवस के अवसर पर सुंदर कांड व श्री राम राज्याभिषेक विषय पर अमृत मई संगीत में कथा रस की वर्षा करते हुए पवित्र व्यास पीठ पर आसीन अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पूज्य श्री राजन जी महाराज ने कही अपने कथा क्रम को आगे बढ़ाते हुए राजन जी महाराज ने कहा कि यदि स्वर्ग और मोक्ष के समस्त सुख को भी एक तरफ रख दिया जाए तो भी इनका लेश मात्र सत्संग से बराबरी नहीं हो सकता कथा पंडाल में दैनिक शपथ जजमाल के रूप मे उपस्थित लक्ष्मी कांत पांडे संस्थापक सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल वाराणसीए महेंद्र प्रताप सिंह प्रबंध निदेशक अमन प्रॉपर्टी गाजीपुरए प्रमुख व्यवसाय समाजसेवी राकेश कुमार जायसवाल एवं चिकित्सक दंपत्ति डॉ राजेश राय एवं स्त्री प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रजनी राय द्वारा संयुक्त रूप से व्यास पीठ के पूजन अर्चन एवं आरती उपरांत इस कथा में उपस्थित कथा प्रेमी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण के साथ देर शाम कथा को विश्राम दिया गया। इस कथा में अतिथि के रूप में पूर्व धर्मार्थ कार्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार विजय कुमार मिश्र पालिका परिषद की चेयरमैन सरिता अग्रवाल निवर्तमान चेयरमैन विनोद अग्रवाल सदर विधायक प्रतिनिधि अंकुर साहू उपस्थित रहे। इस कथा पंडाल में दैनिक रूप से वितरित किए जाने वाले प्रसाद का सहयोग राधे कृष्ण ज्वेलर्स के प्रोपराइटर दिलीप अग्रहरि ने किया।

## विकास भवन और सिंचाई विभाग चौराहा के नामकरण की फिर उठाने लगी मांग

**गाजीपुर।** जनपद में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय ब्राह्मण समिति ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित पत्रक जिला प्रशासन को सौंपा। इस दौरान भारतीय ब्राह्मण समिति ने जहां कानपुर की घटना के दोषियों पर कार्यवाही की मांग की। वहीं शहर के कई चौराहों का नाम बदलने की मांग भी उठाई। इस दौरान अध्यक्ष विजय शंकर तिवारी ने कहा कि आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग को दिये जाने वाले आरक्षण में जारी सर्टीफिकेट की समयावधि एक वर्ष से बढ़ाकर कम से कम 5 वर्ष तक कर दी जाय। पवित्र ग्रन्थ रामचरित मानस पर अभद्र टिप्पणी करने वालों तथा इसकी प्रतियां जलाने वालों के विरूद्ध कठोरतम दण्डात्मक कार्यवाही की जाय। कहा कि ब्राम्हण समाज एवं किसी भी जाति व धर्म के विरूद्ध जातिगत विद्वेष की भावना से अभद्र टिप्पणी करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जाय। जनपद कानपुर देहात अन्तर्गत ग्राम गड़ौलीए थाना.रूराए तहसील मैथा में कृष्ण गोपाल दीक्षित परिवार के साथ अत्यन्त हृदय विदारक घटित दुखद घटना की उच्च स्तरीय जॉच कराकर समस्त दोषीजनों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाय एवं पीड़ित परिवार को न्यायोचित मुआवजा दिया जाय । इसके साथ ही समिति ने सवर्ण आयोग का गठन की मांग किया। जनपद गाजीपुर शहर अन्तर्गत विकास भवन चौराहा को भगवान परशुराम के नाम पर परशुराम चौराहा और सिचाई विभाग चौराहा को भारत रत्न से अलंकृत स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी ;पूर्व प्रधानमंत्रीद्ध के नाम से घोषित करने की मांग उठाई। पत्रक सौंपने वालों में गौतम मिश्रए सतीश उपाध्यायए ओम प्रकाशए जयप्रकाशए भैरवनाथ समेत भारतीय ब्राह्मण समिति के कई सदस्य मौजूद रहे।

## इंजीनियरिंग कॉलेज की प्रशासनिक अधिकारी के उत्पीड़न के आरोपी कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज

**मुजफ्फरनगर।** जिले के नई मंडी क्षेत्र स्थित एक इंजीनियरिंग कॉलेज की महिला प्रशासनिक अधिकारी के यौन उत्पीड़न के आरोप में संस्थान के तीन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां दर्ज रिपोर्ट के हवाले से संवाददाताओं को बताया कि नई मंडी थानाक्षेत्र स्थित एक इंजीनियरिंग कॉलेज की 35 वर्षीय प्रशासनिक अधिकारी शुक्रवार को कॉलेज की इमारत का निरीक्षण कर रही थी। उन्होंने बताया कि आरोप है कि जोगेन्द्र, प्रदीप और संदीप सैनी नामक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने उन्हें एक कमरे में घसीट लिया और उनके साथ छेड़छाड़ की। उन्होंने बताया कि इस मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

## बिजनौर से पूर्व भाजपा सांसद को मार्ग जाम करने के मामले में एक माह कारावास की सजा

**बिजनौर।** बिजनौर जिले में सांसदाविधायक (एमपीएमएलए) अदालत ने पूर्व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद यशवंत सिंह को मार्ग जाम करने के एक मामले में एक माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 10 जनवरी 2015 को नूरपुर और जलीलपुर के 44 गांव अमरोहा जिले में मिलाए जाने के प्रस्ताव के विरोध में भीड़ ने गोहावर चौक पर लगभग 21 घंटे तक रास्ता जाम किया था। इस दौरान बिजनौर से पूर्व भाजपा सांसद यशवंत सिंह भी धरने पर बैठे थे। पुलिस ने इस मामले में सिंह सहित 27 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। नूरपुर के थाना प्रभारी नीरज शर्मा ने बताया कि विशेष न्यायाधीश एमपीएमएलए अदालत अभिनव यादव ने शुक्रवार शाम पूर्व सांसद को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 341 (किसी व्यक्ति को गलत तरीके से रोकना) के तहत दोषी करार देते हुए एक माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई।

# कम्पनी के नाम पर ठगी करने वाला गिरोह सक्रिय



**घाटमपुर।** शेत्र में हजारों रुपयें की पेंन्शन और अन्य सामान देने के नाम पर उनको लूटने वाले एक नही कई गिरोह सक्रिय है जो लोगों को सदस्य बनाने के साथ उनसे भारी रकम एठनें का काम कर रहे हैं, इसी तरह के एक चेन सिस्टम वाली एक कंम्पनी के कुछ सदस्यों को बीते शुक्रवार को जहानाबाद रोड पर स्थित एक गेस्ट हाउस में छापा मार कर पकड़ा था ये कार्यवाही कोतवाली पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर की थी। कोतवाली के चौबेपुर गांव की रहने वाली सुशीला पत्नी बिनोद कुमार ने शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि चेन सिस्टम वाली एक कंम्पनी में 15 हजार रुपये जमा कराने पर उसे 5 हजार रुपये प्रति माह पेंन्शन व अन्य लाम मिलेगा यही नही यदि वो 50 हजार रुपये कंम्पनी के खाते में जमा करेगी तो उसे 15 हजार रुपये प्रति माह मिलने का प्रलोभन देकर 51 रुपये तीने किस्तों में जमा कराये हैं। इसी तरह पतारा क्षेत्र के गांव तरगांव निवासी रेशमा और साबित्री से भी क्रमसा 45 और 40 हजार रुपये जमा कराये हैं। सुशीला की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने जहानाबाद रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में छापा मार कर कम्पनी के आरोपी लोगों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आयी थी। सुशीला ने आरोप लगाया है कि कोतवाली में उसे धमका कर कागज में हस्ताक्षर करा लिये है।

# किसानों का धरना जारी



**घाटमपुर**-भारतीय किसान यूनियन ( भानू ) की अगुवाई में तहसील प्रांगण में दिया जा रहा धरना आज शुक्रवार को भी जारी रहा, उधर धरना स्थल पर किसी बड़े अधिकारी के न आने से किसानों में रोष है। मालुम हो कि बिभिन्न सरकारी कार्यालयों के अलावा पुलिस महकमें में ब्याप्त रिस्वत खोरी जैसे आरोप लगा कर भा0कि0यू0 के लोग बीती 21 फरवरी से तहसील में धरना दे रहे हैं। धरने को आज संगठन के राष्ट्रीय महासचिव इन्द्रजीत सिंह फौजी, जिलाध्यक्ष रोहित सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजा सिंह, तहसील अध्यक्ष जीतेंन्द्र सिंह सेंगर, ब्लाक अध्यक्ष तुलसी राम प्रजापति, मुन्नीलाल प्रजापति गूलशेर मोहम्मद, शैलेंन्द्र सिंह और जगदीश आदि ने संवोधित किया और स्तर पर संघर्ष किया जायेगा। उधर देर शांम नवागंन्तुक तहसीलदार लक्ष्मी नरायन बाजपेयी घरना स्थल पर पंहुचे और उनकी शिकायतें सुनी।

## उत्कर्ष में 28 से तीन दिन मचेगा धमाल

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास एजूकेशनल ग्रुप का वार्षिकोत्सव का आयोजन 28 फरवरी से 2 मार्च की अवधि में आयोजित किया जा रहा है। इस उत्सव में बीबीडी एजूकेशनल समूह के लखनऊ कैम्पस के लगभग पच्चीस हजार छात्र.छात्राएं तथा लखनऊ के विभिन्न कॉलेजोंध्विश्वविद्यालयों के हजारो छात्र अपनी सहभागिता करेगें। उत्तर भारत के सर्वोत्तम प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने वाले इस उत्सव में तकनीकी, सांस्कृतिक, खेल, साहित्य, इनफॉरमल एवं ललित कला आदि प्रतियोगिताओं की विभिन्नता देखने को मिलेगी। यह तीन दिवसीय आयोजन बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप के शिक्षकों और छात्र.छात्रओं की टीम द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस वार्षिकोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में भाग लेने वाले सहभागियों से कैम्पस में जीवन्तता परिलक्षित होगी। उद्घाटन 28 फरवरी को मुख्य अतिथि प्रमुख सचिवए उच्च शिक्षाए उप्र शासन करेंगे। तीसरे दिन 2 मार्च को समापन समारोह होगाए जिसकी मुख्य अतिथि श्रीमती अलका दास गुप्ता, चेयरपर्सन, बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप एवं विराज सागर दासए प्रेसीडेंट बीबीडी ग्रुप होगें।

## हादसे में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत, एक गंभीर

**बिजनौर।** बिजनौर जिले के बढ़ापुर थाना इलाके में शनिवार की सुबह दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। नगीना क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) संग्राम सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह लगभग पौने 11 बजे थाना बढ़ापुर के गांव नूरपुर अरब में गगन ईंट भट्टे के सामने दो बाइक की टक्कर में नफीस (48), उसके पुत्र शाहरुख (22) और दूसरी बाइक पर सवार तहसीम (42) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तहसीम का साथी सलीम गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगीना में उपचार के लिए भेजा गया है और आगे की कार्वाई की जा रही है।

# ओवरलोडिंग के बोझ से दम तोड़ रहीं सड़कें

## बुंदेलखंड किसान यूनियन ने लगाई कमिश्नर-डीएम से गुहार, कहा-अब हम लड़ेंगे आरपार की लड़ाई

आलोक निगम। बांदा




**बुंदेलखंड** को अब खनिज परिवहन को लेकर बड़े पैमाने पर हो रही ओवरलोडिंग से जूझना पड़ रहा है। गुहार-मनुहार और प्रशासन से शासन तक दरबार में इस मामले को लेकर सख्त दिदशा -निर्देशों के बावजूद हालात और बदतर हो गए हैं। आलम यह है कि बुंदेलखंड की ज्यादातर सड़कें तबाह हो चुकी हैं और राजमार्ग व अन्य मार्गों पर स्थित पुल भी डगमगाने लगे हैं। मुख्यमंत्री के सख्त तेवरों के बावजूद रोजाना बेहिसाब खनिज सामग्री ढो रहे सैकड़ों वाहन धड़ल्ले से अपनी मुहिम को अंजाम दे रहे हैं। इस मामले में अब बुंदेलखंड किसान यूनियन ने बड़े पैमाने पर अभियान चलाने की चेतावनी दी है।

पिछले पांच साल में खराब सड़कें ठीक करने के लिए करोड़ों खर्च हो गए, लेकिन हालात नहीं सुधरें। बांदा में अवैध मौरंग खनन और ओवरलोडिंग सर्वविदित है। खनिज के इसस खेल में ज्यादातर सड़कें अब नजजर आती ही नहीं। हर सड़क और हर मोड़ हादसे को लेकर तैयार है। ओवरलोड वाहन क्षेत्रीय जनता के लिए बड़ी समस्या हैं। इनसे सड़कें ध्वस्त हो जाती हैं। ट्रैफ्कि लोड की वजह से सड़कें मानक के अनुरूप बनाने के बाद भी ज्यादा दिन नहीं टिक पाती हैं। उत्तर प्रदेश राज्य की नो ओबरलोड पॉलिसी में मध्यप्रदेश भयंकर ओबरलोड पॉलिसी के चलते बाँदा में बालू से भरे भारीभरकम ट्रक सड़क और पुलों को जर्जर और ध्वस्त करते जा रहे हैं।

### होल हुआ और पुल बोल गया, आवागमन भी डोल गया

**बांदाः बेंदा** घाट यमुना पुल क्षतिग्रस्त हो चुका है। ये सब मध्य प्रदेश के ओबरलोड बालू ट्रको का कमाल है। इसीक्रम में बांदा बहराइच मार्ग पर आवागमन घंटों पूरी तरह बाधित रहा। सूचना पर तमाम आला अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं इसी बीच उस ससमय हालात और गगंभीर हो गए जब पुल के बीचो बीच आर पार बड़ा होल हो गया। यह मामला तिंदवारी थाना अंतर्गत बांदा बहराइच मार्ग यमुना नदी बेंदा घाट पुल का है। उधर, सड़कों की दुर्दशा और बदहाली को लेकर बुंदेलखंड किसान यूनियन के तेवर उग्र हो गए है। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल शर्मा ने मंडलायुक्त और जिलाधिकारी से अपील की है कि खनिज परिवहन को लेकर हो रही ओवरलोडिग के कहर पर फौरन अंकुश लगाएं अन्यथा किसान यूनियन इससससे निपटेगी।

## वाणिज्य संकाय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ भव्य शुभारंभ

**शाहजहांपुर** । स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय में भारत मे बौद्धिक संपदा अधिकार कानून और व्यवहार के उभरते हुए मुद्देष् नामक शीर्षक पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आज भव्य शुभारंभ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. जी सी त्रिपाठी ने पुष्पांजलि अर्पित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ त्रिपाठी ने कहा कि शक्ति का स्वरुप अब इंसान में परिवर्तित हो गया है। और वह स्वरूप बौद्धिक संपदा के एकीकरण, अहंकार रहित विद्या का ज्ञान के रूप में इस ब्रह्मांड को प्राप्त है प्रयागराज सके एस पी एम कॉलेज की प्रो डॉ मंजुला सिंह ने कहा कि जो राष्ट्र अपनी बौद्धिक संपदा का दुरुपयोग करता है वह राष्ट्र कभी भी आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक रूप से उन्नति नहीं कर सकता। डॉ रानी त्रिपाठी ने कहा की बौद्धिक संपदा दो दैवीय और असुर संपदा में विभाजित है। दैवीय संविदा हमेशा राष्ट्र में सुख और समृद्धि का सूचक होती है और एक असुरी बौद्धिक संपदा यह संपदा हमेशा राष्ट्र में दुख और अहंकार को जन्म देती है। प्राचार्य डॉ आर के आजाद ने हाल ही में भारत ने अपने समग्र अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा स्कोर में 38.4: से 38.6: तक सुधार किया है और इसके परिणामस्वरूप भारत अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक में 55 देशों में से 43वें स्थान पर है। उप-प्राचार्य व वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ अनुराग अग्रवाल ने कहा कि भारत बौद्धिक संपदा का सबसे ज्यादा सृजन करने वाला देश है। आजकल युवा व्यवहारिक रूप से पश्चिमी सभ्यता का अनुकरण करते हैं लेकिन उनको भारतीय बौद्धिक संपदा को अपने भीतर विकसित कर देश को आर्थिक रूप से समृद्धशाली बनाने के लिए प्रयासरत होना चाहिए। बौद्धिक संपदा अधिकार पर प्रकाशित पुस्तक व बीबीए की शिक्षिका महिमा सिंह की श्स्पर्शश् पुस्तक का विमोचन किया गया व वाणिज्य विभाग में अच्छे कार्य के लिए डॉ के के वर्मा को सम्मानित किया गया। व 13 प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया।

## नवागत एडीएम अभिनव रंजन ने लिया पद का चार्ज



**संतकबीरनगर।** नवागत अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने अपने पद का कार्यभार ग्रहण किये। श्री श्रीवास्तव ने इस दौरान अधीनस्थों से भेंट किये। शासन ने जनपद संतकबीरनगर में तैनात एडीएम वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह का स्थानान्तरण गत 20, फरवरी को अपर आयुक्त वाराणसी के लिए किया था और इनके स्थान पर ओएसडी प्रयागराज प्राधिकरण अभिनव रंजन श्रीवास्तव को जनपद संतकबीरनगर में एडीएम वित्त एवं राजस्व पद पर तैनाती दी थी। श्री श्रीवास्तव ने देर शाम अपने पद का कार्यभार ग्रहण किये। ज्ञात हो कि अभिनव रंजन श्रीवास्तव बतौर ट्रेनी एसडीएम के रूप में जनपद संतकबीरनगर में 8 साल पूर्व रह भी चुके है।

# निवर्तमान एडीएम को दी गई विदाई

## सभी के सहयोग से शासकीय कार्य आसानी हो जाता है पूरा-मनोज सिंह



**संतकबीरनगर।** निवर्तमान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह के विदाई समारोह का आयोजन शनिवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ। राजस्व एवं विकास विभाग सहित विभिन्न विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मोमेन्टो व बुक्के देकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। विदाई समारोह में उपस्थित अधिकारियों ने निवर्तमान एडीएम मनोज कुमार सिंह के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनसे सभी को बहुत कुछ सीखने को मिला है। इनके कार्यकाल में कोरोना दूसरा लहर, राष्ट्रपति कार्यक्रम, मुख्यमंत्री आगमन, पंचायत चुनाव, विधानसभा चुनाव सहित कई विशेष कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न हुए है। कही कोई व्यवधान नही उत्पन्न हुआ। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए निवर्तमान एडीएम मनोज कुमार सिंह ने कहा कि सभी के सहयोग से शासकीय कार्य आसानी से पारदर्शिता के साथ सम्पन्न होता है। उन्होने कहा कि दो वर्षो के कार्यकाल में जनपद संतकबीरनगर में तैनात रही जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के कार्यशैली से उन्होंने बहुत कुछ सीखा है और सभी अधिकारियों को एक अनुभव मिला है। विदाई समारोह में नवागत अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एडीएम न्यायिक, सीडीओ संत कुमार, एसडीएम योगेश्वर सिंह, रमेश चन्द्र, डॉ0 रविन्द्र कुमार, अपर उप जिलाधिकारी नवीन श्रीवास्तव, बीएसए अतुल तिवारी, डीआईओएस मनमोहन मिश्रा, एआरटीओ अन्जनेय सिंह सहित राजस्व एवं विकास विभाग के अधिकारी व कलेक्ट्रेट कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पेपर देकर लौट रहे छात्र की सड़क दुर्घटना में मौत तीन घायल


**शाहजहांपुर।** पेपर देकर लौट रहे बाइक सवार दसवीं के छात्रों को ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी। जिससे छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्रों को जिला अस्पताल भिजवाया जहां इलाज के दौरान एक छात्र की मौत हो गई तथा दो छात्रों का उपचार चल रहा है। शनिवार को सरदार पटेल हिन्दू इंटर कॉलेज के दसवीं छात्र प्रज्ञान, रमन, सचिन और प्रिंस रस्तोगी का सेन्टर भावलखेड़ा गांव स्थित रामदत्त पंचायत इंटर कॉलेज में पड़ा है। चारों छात्र दो बाइकों पर स्कूल से पेपर देकर घर को लौट रहे थे। इसी बीच रौजा थाना क्षेत्र के ग्राम सल्लिया में ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइकों को टक्कर मार दी। जिससे छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारों छात्रो को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान घण्टाघर निवासी प्रिंस रस्तोगी की मौत हो गई। एवं प्रज्ञान, रमन, सचिन का उपचार चल रहा है। वही परिजनों का रो रोकर बुरा है।

## मजदूरों को ले जा रही ट्रॉली पलटी, एक की मौत

**बदायूं** । बिसौली क्षेत्र में मजदूरों को ले जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली टायर पंचर होने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसके चलते 14 वर्षीय किशोर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और दो दर्जन से ज्यादा मजदूर घायल हो गए। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। कोतवाली बिसौली के निरीक्षक संजीव शुक्ला ने बताया कि बिसौली कस्बे के रहने वाले मजदूर ट्रैक्टर ट्रॉली से गदगांव गए थे। शुक्रवार देर शाम वहां से वापस लौटते समय सहसवान मार्ग पर स्थित रानेट गांव के मोड़ पर अचानक ट्रॉली का टायर पंचर हो गया, जिसके चलते वह अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गई। इस हादसे में ट्रॉली के नीचे दबकर अजय कुमार (14) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि कई मजदूर घायल हो गए।

## शांति कमेटी की बैठक

**फर्रुखाबाद।** शान्ति कमेटी की बैठक नगर क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में सदर कोतवाली में आयोजित की गई।बैठक में 7 और 8 मार्च को होली व शब्बेबारात त्योहार में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने का निश्चय किया गया। नगर क्षेत्राधिकारी पुलिस प्रदीप सिंह ने कहा कि होली पर शराब पीकर हुड़दंग न मचाएं।बुजुर्गो व महिलाओ पर जबरदस्ती रंग न डाले।त्योहार को हंसी खुशी व भाईचारा से मनाए।प्रभारी निरीक्षक बिनोद कुमार शुक्ला ने कहा कि दुकानदारों ने अपनी दुकानें सड़को पर लगा रखी है जिससे नगर की सड़को पर जबरदस्त जाम लगा रहता है।




## सम्मान भी खतरे में

भगवा सरकार में लगातार पांच साल मंत्री रहे। जब दोबारा भगवा सरकार बनी तो फिर वह मंत्री बन गए। मंत्री होने के बावजूद पहले भी वह खाली घूमते आज भी खाली घूम रहे हैं। उनका सिर्फ एक ही काम है। घर से निकलना, कार्यालय आना, कार्यालय से निकलना, वापस घर जाना। सही मायने में उनके पास मात्र एक ही चीज है। वह है केवल मंत्री पद का सम्मान। लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि अब उनका यह सम्मान भी खतरे में आ गया है। बैट बॉल खेलने वाले अल्पसंख्यक बिरादरी के मंत्री रह चुके एक महोदय ने तो हद ही कर दी। भगवा सरकार के बड़े मुखिया के बगल में खड़े होने के चक्कर में इन महोदय ने उन मौजूदा मंत्री को ऐसे धक्का दिया जैसे खेल के मैदान में अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ी को धक्का दिया जा रहा है। धकका लगते ही मंत्री जी बेचारे अपना सम्मान बचा के धीरे से निकल लिए। उनकी भी मजबूरी। कर कुछ सकते नहीं। यही सम्मान ही बचा है उनके पास जिसे वह बीते छह सालों से बचाए चले आ रहे हैं।



## यह क्या चल रहा है

अभी हाल ही में पेश हुए बजट में सूबे की तीन यूनिवर्सिटी की स्थापना को लेकर 150 करोड़ का बजट आवंटित हुआ है। आवंटित बजट को शिक्षण जगत से जुड़े लोग हास्यास्पद बता रहे हैं। उनका कहना है कि 50 करोड़ में एक यूनिवर्सिटी कैसे खुल सकती है। योजना बनाने वालों ने किस आधार पर योजना बनायी उन्हें समझ नहीं आ रहा है। उनका कहना है कि यदि केवल एक बिल्डिंग बने तो 50 करोड़ या उससे ऊपर का बजट लग जाता है। ऐसे में किस आधार पर यह प्रपोजल बनाया गया है। उनका कहना है कि प्रपोजल देख कर लगता है कि सरकार की छवि खराब करने के लिए बनाया गया है। यदि ऐसा नहीं रहता तो इससे अधिक बजट तो सरकार खाली एक यूनिवर्सिटी के वेतन मद में हर माह दे देती है। ऐसे में इस बजट का कोई मतलब नहीं निकल रहा है। आखिर यह चल क्या रहा है।

## फलदायी बिजली

खाकी महकमे वाले मुख्यालय के जिम्मेदार अफसरान इस समय एक नई समस्या से परेशान चल रहे हैं। देखने में तो समस्या कोई बड़ी नहीं है लेकिन उसकी गहराई का अनुभव वही कर पा रहे हैं। दरअसल इधर जब से भगवा सरकार ने बिजली चोरी पर सख्त रवैया अख्तियार किया है तभी से पावर वाले महकमे की विजिलेंस विंग का महत्व बढ़ गया है। इस विंग में खाकी महकमे के ही धुरंधर प्रतिनियुक्ति पर जाते हैं जो धरपकड़ और पूरी कानूनी कार्रवाई के दौरान अहम भूमिका निभाते हैं। समस्या यह है कि थानों, चौकियों में नौकरी बजा रहे खाकी कर्मियों के बीच विजिलेंस में जाने की होड़ सी लग गई है। जिसे देखो वह वहां जाना चाहता है। इसके लिए मुख्यालय में प्रार्थना पत्रों का अंबार लग गया है। खाकी कर्मी अपनी इस तैनाती के लिए सिफारिशी फोन भी खूब करा रहे हैं। प्रतिनियुक्ति पर भेजने के लिए पद तो निर्धारित संख्या में ही हैं। फिर इतने लोगों को वहां कैसे भेजा जा सकता है। अचानक मची इस होड़ के पीछे कारण जानकार यह बताते हैं कि फील्ड में नौकरी के दौरान धनलक्ष्मी के चक्कर में खाकी कर्मी तुरंत लोगों की निगाह में आ जाते हैं और निलंबन व लाइन हाजिरी झेलते हैं मगर विजिलेंस में ऐसा कुछ नहीं है। छापा मारो, एफआईआर दर्ज करो और फिर बिजली महकमे के अधिकारियों, कर्मचारियों की मदद से जुट जाओ खेल में। दो-चार मामलों में कार्रवाई कर दो और शेष में बिना एफआईआर दर्ज किए मनमुताबिक सौदा करके अपने वारे-न्यारे कर लो, वह भी किसी की निगाह में आए बिना। ऐसे ही लेनदेन कर निपटाए गए एक मामले का वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसके पश्चात अधिकारी जांच कराकर कार्रवाई की बात कर रहे हैं।

## ऑनलाइन का तिलस्म

अब ऑनलाइन हाउस टैक्स जमा भी होगा और ऐसेसमेंट भी होगा। इस पर नये साहब ने बड़ी खुशी मनाई और कई लोगों ने इसे ऐतिहासिक बताया। लेकिन असेसमेंट और हाउस टैक्स का आन लाइन होना कई साल पहले ही कर दिया गया था लेकिन जिसका लाभ जनता को नहीं मिल सका। आलम यह कि आनलाइन के नाम पर स्मार्ट सिटी की 60 प्रतिशत योजनाएं अधूरी पड़ी हैं जिसका पुरसा हाल कोई नहीं है। बस स्मार्ट सिटी शहर का ठप्पा लगाने की होड़ में अफसर लगे हुए हैं। नये साहब ने आनलाइन की ये सेवाएं दे दीं लेकिन हकीकत से साहब अंजान हैं। पांच वर्ष पूर्व ऑनलाइन की सेवाएं नगर निगम ने शुरू की थीं पर अभी तक शिकायतों का ऑनलाइन निस्तारण नहीं हो पा रहा है। सफाई में भारी खामियां देखी गयी हैं। झूठे निस्तारण का खेल शुरू हो जाता है । सेल्फ असेसमेंट हो गया तो नगर निगम के बाबुओं का क्या होगा, उनकी सारी दुकान ही इस पर चलती है जिसके कारण चाह कर भी ऑनलाइन सेवाएं सफल नहीं हो रही हैं।



## स्पीकर ने ली चुटकी

विधानमंडल के मौजूदा बजट सत्र के दौरान स्पीकर सदस्यों के साथ चुटकी भी ले लेते हैं जिससे सदन का माहौल थोड़ी देर के लिए हल्का हो जाता है। ऐसी कई घटनाएं हैं जब स्पीकर महोदय ने बीच में चुटकी ली और जब तक संबन्धित सदस्य समझ पाते सदन में ठहाके गूंजने लगते। दरअसल राम की नगरी से एक सपा सदस्य ने अपनी विधान सभा क्षेत्र में भू-माफियाओं का मामला उठाते हुए कहा कि जिनकी जमीन है वह म्यांमार बर्मा में रहते हैं और सदस्य महोदय ने यह बात कई बार कही। इस पर स्पीकर महोदय ने कहा कि बर्मा, बर्मा जी तो यहां बैठे हैं आप किस बर्मा की बात कर रहे हैं? इस पर सदन में लोग ठहाके मार के हंसने लगे लेकिन सदस्य महोदय समझ नहीं पाएं कि माजरा क्या है। ऐसे ही एक सत्ता पक्ष की महिला सदस्य ने नोटिस को पढ़ते हुए उनका नाम लिया लेकिन उन्हें स्पीकर महोदय देख नहीं पाएं और उन्होंने फिर उनका नाम लिया तब महिला सदस्य ने अपना हाथ खड़ा किया इस पर स्पीकर महोदय से हंसी लहजे में कहा कि आप खड़ी है कि बैठी हैं यह पता ही नहीं चल पा रहा है। इस पर भी सदन का माहौल हल्का हो गया।

# सिर्फ घोटालों के खेल में माहिर थी पिछली सरकार

## अच्छे खिलाड़ी होते तो खेल पुरस्कार के लिए भेज देते नाम



**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**राज्यपाल** के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए सीएम योगी ने विपक्ष के हर हमले का करारा जवाब दिया। उन्होंने नेता विपक्षी दल अखिलेश यादव को उनके खेल पर दिए गए बयान पर उनके समय की याद दिलाते हुए कहा कि इनके समय में बहुत खेल होते थे। लैपटॉप घोटाले का खेल, खाद्यान्न घोटाले का खेल, गोमती रिवर फ्रंट का खेल। कैग की रिपोर्ट अभी आई है उन्होंने इनके कार्यकाल का 97 हजार करोड़ के घोटाले का उल्लेख किया है। भर्ती घोटाले का खेल भी प्रदेश में हुआ है। भर्तियों में जमकर भ्रष्टाचार और प्रतिभा के साथ छल, ये भी खेल होता था और मुजफ्फरनगर के दंगे, मथुरा में रामवृक्ष कांड का खेल, पत्रकार को जिंदा जलाने का खेल समेत बुंदेलखंड क्राइसिस, भू माफिया के खेल चल रहे थे। यही नहीं आतंकियों पर मुकदमे वापस लेने का भी खेल चल रहा था। ये खेल कहां तक लेकर जाएंगे ये लोग। मुझे ऐसा कुछ नहीं खेलना। मैं एक सामान्य व्यक्ति हूं। हर एक के साथ सद्भावना के साथ पेश आता हूं। सम्मानजनक व्यवहार करता हूं। सबका साथ और सबके विकास की बात करता हूं।

### पहली बॉल में कैच आउट ये है इनका क्रिकेट

**सीएम** योगी ने अखिलेश पर चुटीले अंदाज में भी प्रहार किया। उन्होंने कहा कि यहां पर नेता विरोधी दल के मुख से एक नई चर्चा भी सुनने को मिली खेल के बारे में। वो कह रहे थे कि आप अकेले मैच क्यों देख रहे हैं। भाई मैं तो अकेला ही हूं, अकेले ही आया हूं और अकेले ही जाना है। मुझे लगा कि नेता विरोधी दल बड़े खिलाड़ी होंगे तो उनका नाम किसी पुरस्कार के लिए भेज देते हैं। मुझे लगा कि मेरे पूर्ववर्ती सीएम का नाम यदि मेजर ध्यानचंद्र खेल रत्न पुरस्कार में आ जाए तो अच्छी बात होगी।

### जनता को नहीं, अपने कारनामों को दोष दें नेता विरोधी दल

**उन्होंने** कहा कि ऐसा कोई दल नहीं है जो प्रदेश की सत्ता में ना रहा हो। मगर विपक्ष के कारनामों को देखकर जनता ने उन्हें ठुकरा दिया। सीएम ने कहा कि नेता विरोधी दल को अपने कारनामों को दोषी ठहराना चाहिए ना कि जनता को। उन्होंने कहा कि यूपी जिन जिन उपलब्धियों में नंबर एक स्थान प्राप्त किया, उन उपलब्धियों के बारे में हमें गौरव होना चाहिए। मगर विपक्ष को इस बात में गौरव की अनुभूति होती है कि कैसे ये बताया जाए कि यूपी पिछड़ा है, बीमारू है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब इनका शासन था तब ये कुछ कर नहीं पाए। आज डबल इंजन की सरकार ने स्पीड के साथ योजनाओं को बिना भेदभाव धरातल पर उतारा है। हर सदस्य को प्रदेश की उपलब्धि पर गौरव की अनुभूति होनी चाहिए। मगर विपक्ष में सच्चाई को स्वीकार करने की हिम्मत नहीं है। मुख्यमंत्री ने एक-एक करके उन सभी क्षेत्रों को इंगित कियाए जिसमें प्रदेश पूरे देश में शीर्ष स्थान पर मौजूद है।

### लाखों करोड़ का निवेश हमारी पॉलिटिकल क्रेडिबिलिटी पर मुहर

**मुख्यमंत्री** ने यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को टीम वर्क का शानदार उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि टीम यूपी ने दुनिया के 16 देशों के 21 शहरों में और देश के नौ शहरों में रोड शो किया। यही कारण है कि यूपी में निवेश की एक भारी राशि आई है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर 2014, 2017, 2019 और 2022 में यूपी की जनता ने हमें जनादेश दिया। ये हमारी पॉलिटिकल क्रेडिबिलिटी का सबसे बड़ा उदाहरण है। आज आया 33.52 लाख करोड़ का निवेश हमारी पॉलिटिकल क्रेडिबिलिटी पर मुहर है। सीएम योगी ने सपा के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उस वक्त इन्वेस्टर्स समिट करने के लिए तब दिल्ली और मुम्बई में आयोजन करना पड़ता था। तब जो उद्यमी इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने यूपी में नहीं आना चाहते थे, वो यूपी में निवेश के लिए कैसे आते।

### विरासत में सत्ता तो मिल सकती है, बुद्धि नहीं

**उन्होंने** विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा कि शक्ति मिलना तो आसान है, मगर बुद्धि मिलना कठिन। विरासत में सत्ता तो मिल सकती है, मगर बुद्धि नहीं मिल सकती है। विपक्ष ने हमेशा से जातिए मत और मजहब के नाम पर लोगों को बांटा है। हम सबका साथ, सबका विकास की बात करते हैं तब विपक्ष जाति की बात करता है। हम शौचायल, मकान, रोजगार, सिंचाई, किसान की उपज, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, परंपरागत उद्यम की बात करते हैं, मगर विपक्ष केवल जाति की बात करता है। सपा शासनकाल को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि तब यूपीपीएससी की परीक्षा में एसडीएम के 86 पदों में से 56 पर एक जाति विशेष के लोगों की भर्ती की गयी। ऐसे लोग आज सामाजिक न्याय की बात कर रहे हैं। किसी से छिपा नहीं है कि उस समय युवाओं के साथ कितना भेदभाव होता था। पुलिस भर्ती और चयन आयोगों में क्या होता था किसी से छिपा नहीं है।

## कविताओं के जरिए रखी अपनी बात

**लखनऊ।** शनिवार से शुरू हुई बजट चर्चा में सपा सदस्य पूजा ने अपनी बात कविताओं के जरिए सदन में रखी, उन्होंने योगी सरकार के बजट की आलोचना करते हुए कहा कि हम वह समाजवादी हैं जिन्होंने इस देश के कमजोर, दलितों, पिछड़ों, शोषितों, पीड़ितों, बेसहारा और वंचितों के अधिकारों को हमेश बुलंद करने का काम किया। उनके हक और उनके न्याय के लिए समाजवादियों ने संघर्ष किया है और करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे नेता ने इस प्रदेश को जिस ऊंचाई पर ला दिया वहां पर कोई नहीं पहुंच सकता है। एक्सप्रेसवे, मेट्रो, वृद्धावस्था पेंशन, बेरोजगारी भत्ता, लैपटाप, कन्या विद्याधन, डायल 100, इकाना स्टेडियम जैसे कार्य सपा सरकार में ही हुए हैं। सपा सदस्य ने एक कविता के जरिए कहा कि सिस्टम का बुरा हाल क्यों, सच पर एफआईआर क्यों, बुलडोजर की मार क्यों, झूठ की जय जयकार क्यों, निष्ठर है सरकार क्यों, खाक हुए अरमानें क्यों, परेशान हैं नवजवान क्यों, बेहाल है किसान क्यों, बनते हो अन्जान क्यों।

## नवाजिश व मो. तारिक की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता। लखनऊ**

**अलाया** अपार्टमेंट के धाराशायी होने के मामले में निरुद्ध पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर के बेटे नवाजिश व भतीजे मो. तारिक की जमानत अर्जी सत्र अदालत ने खारिज कर दी है। एडीजे गौरव कुमार ने अपने आदेश में प्रथम दृष्टया मुल्जिमों के अपराध को गंभीर करार दिया है। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि मुल्जिमान अपार्टमेंट के स्वामी हैं। इन पर अन्य मुल्जिम बिल्डर के साथ मिलकर मानक के अनुरुप अपार्टमेंट का निर्माण नहीं कराने व अपार्टमेंट के भूतल में बिना जानमाल की परवाह किए खतरनाक ढंग से ड्रिल मशीन से अवैध गड्ढा कराने का इल्जाम है। परिणामस्वरुप अपार्टमेंट अचानक धाराशायी हो गई और कई लोगों की मौत हो गई। बीते 25 जनवरी को इस मामले की एफ आईआर थाना हजरतगंज में दर्ज हुई थी। विवेचना के दौरान मुल्जिमों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था।

## उमेश पाल की हत्या के विरोध में कल न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे वकील

**विधि संवाददाता। लखनऊ**

**प्रयागराज** की जिला अदालत से घर वापस आते समय वकील उमेश पाल की बर्बरता पूर्ण की गई हत्या से आक्रोशित राजधानी की अधीनस्थ अदालतों के वकील सोमवार को न्यायिक कार्यो से विरत रहेंगे। रविवार को लखनऊ बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी की एक आकस्मिक बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष सुरेश पांडेय की अध्यक्षता व महामंत्री कुलदीप नारायण मिश्र के संचालन में यह बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में वकील उमेश पाल की हत्या की निंदा की गई व विरोध स्वरुप न्यायिक कार्यो से विरत रहने का निर्णय लिया गया। बैठक में इस हत्या पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा गया कि वकीलों की लगातार हो रही हत्याओं व अत्याचार जैसे गंभीर मसलों पर 27 फरवरी को बार एसोसिएशन की बैठक में अग्रिम रणनीति तय की जाएगी।

## हिंदुओं को अपमानित किया गया, ताड़ना का मतलब देखने से होता है: सीएम योगी

- रामचरितमानस पर टिप्पणी को लेकर मुख्यमंत्री ने किया सपा पर हमला

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीरामचरितमानस के बारे में सपा के विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य की टिप्पणी और उससे उपजे विवाद को लेकर विधानसभा में सपा पर तीखे हमले किए और आरोप लगाया कि पार्टी इस पवित्र ग्रंथ को जलाकर देश और दुनिया में रहने वाले करोड़ों हिंदुओं को अपमानित कर रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज हमारे धर्मग्रंथों की गलत व्याख्या कर हिंदुओं को अपमानित किया जा रहा है। तुलसीदास रचित रामचरितमानस को फाड़ने का काम किया गया है। अवधी और बुंदेलखंडी में लिखे गए शब्द ताड़ना का अर्थ देखना होता है किसी को मारना नहीं। मुख्यमंत्री ने एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि मैं मॉरीशस में प्रवासी भारतीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए गया था। मैंने उनसे पूछा कि आपके पास भारत से लाई गई कोई धरोहर है तो उन्होंने रामचरितमानस दिखाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास का जन्म चित्रकूट में हुआ था। हमें इस बात का गर्व करना चाहिए कि यूपी राम की धरती है, कृष्ण की धरती है। संगम की धरती है लेकिन ग्रंथों में लिखे शब्दों की गलत व्याख्या कर हिंदुओं का अपमान किया जा रहा है। यह शर्मनाक है। योगी ने चर्चा में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी और राष्ट्र कवि दिनकर की भी कविताओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस के सुंदरकांड में एक प्रसंग आता है जिसमें श्रीराम समुद्र से लंका में जाने का रास्ता मांगते हैं। रास्ता नहीं मिलने पर वह भय बिन होई न प्रीत की बात कहते हैं और समुद्र को चेतावनी देकर आगे की कार्रवाई करते हैं। तब समुद्र श्रीराम के सामने अपनी बात कहता है। आदित्यनाथ ने सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा आपत्तिजनक बताई जा रही मानस की चौपाई की व्याख्या करने की कोशिश करते हुए सदन में कहा, महोदय यह वही पंक्ति है-प्रभु भल कीन्ह मोहि सिख दीन्हीं। मरजादा पुनि तुम्हरी कीन्हीं। ढोल, गंवार शूद्र, पसु, नारी। सकल ताड़न के अधिकारी। दरअसल, ढोल एक वाद्य यंत्र है। गंवार का मतलब अशिक्षित से है। शूद्र का मतलब श्रमिक वर्ग से है, किसी जाति विशेष से नहीं। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर भी इस बात को कह चुके हैं कि दलित समाज को आप शूद्र मत बोलो और नारी का मतलब स्त्री से, मातृ सत्ता से है। उन्होंने कहा कि आज जिसकी मर्जी आए वो हिंदुओं को अपमानित कर रहा है। रामचरितमानस को फाड़ने का काम किया गया। अगर यही किसी अन्य धर्म के ग्रंथ के साथ किया गया होता तो न जाने क्या हो जाता। उन्होंने कहा कि कोई इस प्रकार की अराजकता को कैसे स्वीकार कर सकता है, इसीलिए मुझे तो केवल एक पंक्ति याद आती है जाको प्रभु दारुण दुख देही, ताकी मति पहले हर लेही। यानी जो भी बचा खुचा था वह भी स्वाहा।

## योगी ने अखिलेश को दी चाचा को सम्मान देने की सलाह

**लखनऊ।** राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई बार सपा मुखिया व नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव का अपने चाचा शिवपाल सिंह यादव का उचित सम्मान करने की सलाह दी और चाचा शिवपाल को भी समझाया कि आप इधर-उधर मत भटका कीजिए सीधे एक ही दिशा में चला कीजिए। उन्होंने अखिलेश से कहा कि आप गुस्सा कम किया कीजिए क्योंकि आप पार्टी को एकजुट तो रख नहीं पाएं है तो कम से कम परिवार को तो एक जुट रखिए। सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव की ओर देखते हुए कहा कि मैं सबका साथ, सबका विकास की बात करता हूं लेकिन कम से कम इधर के बहाने आपने काका श्री को भी सम्मान देना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि और शिवपाल जी मैं जब आपको देखता हूं तो मुझे महाभारत का दृश्य याद आने लगता है। आप जैसे अनुभवी व्यक्ति सचमुच हर बार छले जाते हैं। बार-बार अपमानित होते हैं। हम आपका सम्मान करते हैं।

## भाजपा सरकार का काम पक्षपात पूर्ण है: लालजी वर्मा

**लखनऊ।** विधानसभा में बजट पर चर्चा की शुरुआत करते हुए सपा के सदस्य लालजी वर्मा ने कहा वर्ष 2017 से पहले यूपी में कुछ हुआ ही नहीं जैसे दावे बजट में किए गए हैं। लालजी वर्मा ने कहा कि सरकार दावा करती है सबका साथ सबका विकास लेकिन काम पक्षपात पूर्ण करती है। शिवपाल यादव जब इधर साथ आ गए तो सरकार ने उनकी सुरक्षा कम कर दी। ओम प्रकाश राजभर ने सपा का साथ छोड़ दिया तो सरकार ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी। भाजपा अगर लगातार चुनाव जीतने को ही राजनीतिक विश्वसनीयता मानती है तो फिर कांग्रेस तो देश में 1952 से 1974 तक लगातार देश में आम चुनाव जीतती रही। तो फिर भाजपा क्यों कहती है कि कांग्रेस ने कुछ नहीं किया। ममता बनर्जी बंगाल में लगातार जीत रहीं हैं। उनका भाजपा क्यों विरोध कर रही है। भाजपा तो 2017 के मुकाबले पिछले चुनाव में उसकी सीटें घट गईं। उन्होंने कहा कि इस सरकार में भ्रष्टाचार बढ़ा नहीं है बल्कि आसमान छू रहा है। कवि रामधारी सिंह दिनकर ने यह भी कहा था कि सिंहासन खाली करो, जनता आती है।

## अखिलेश सरकार में बजट का बड़ा हिस्सा खर्च नही किया गया था: सिद्धार्थनाथ

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि योगी सरकार का बजट सबका साथ सबका विकास वाला है। अच्छा होता विपक्ष सकारात्मक रुख अपनाते हुए बेहतर सुझाव देता। जहां तक बजट का पैसा खर्च न होने की बात है तो अखिलेश सरकार में बजट का काफी बड़ा हिस्सा खर्च नही किया गया था। उन्होंने सपा पर तंज करते हुए कहा कि 'आईना हूं तेरा, क्यूं इतना कतरा रहे हो, सच ही कहूंगा, क्यूं इतना घबरा रहे हो'। सिद्धार्थनाथ सिंह ने विधानसभा में शनिवार को बजट चर्चा पर कहा कि योगी सरकार ने अखिलेश सरकार के मुकाबले बजट में तीन गुना ज्यादा पैसा खर्च किया। उन्होंने कहा 2007 से 2017 तक कुल 467 किमी के एक्सप्रेसवे बने जबकि योगी राज में 2017 से 2022 तक कुल 733 किमी के एक्सप्रेसवे वे बने। 2017 में सरकारी मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस पाठयक्रम में 1990 सीटें व निजी में 2550 सीटें थीं जबकि 2022 सरकारी में 3628 सीटें व निजी में 4550 सीटें हो गई हैं।

## लविवि के छात्र-छात्राओं ने देखी विधानसभा की कार्यवाही

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



**लखनऊ** विवि के छात्र-छात्राओं के 25 सदस्यीय एक दल ने पूरे विधानसभा परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान विधानसभा की कार्यवाही देखी तथा अध्यक्ष सतीश महाना से भी मुलाकात की। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विधानसभा अध्यक्ष से कई सवाल किए।

विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा की कार्यवाही तथा इससे जुड़ी अन्य तकनीकी पहलुओं से उन्हे अवगत कराया। सतीश महाना ने जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन से जुडे छात्र-छात्राओं से कहा कि भावी पीढ़ी पत्रकारिता के क्षेत्र में उतरने से पहले इस बात का पूरा ख्याल रखें कि राष्ट्रहित में और सकारात्मक सोच के साथ उन्हे इस क्षेत्र में उतरना है। श्री महाना ने कहा कि पत्रकारिता का काम सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना और जनता की आवाज को सरकार तक पहुंचाना होता है। वह एक सेतु का काम करती है। इसलिए भावी पीढ़ी राष्ट्रहित में अपनी सार्थक भूमिका निभाने को तैयार रहे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चार स्तंभों में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए पत्रकारिता के मानकों का पूरा ख्याल रखना चाहिए। राष्ट्र को उच्चतम शिखर तक ले जाने में मीडिया अपनी बड़ी भूमिका निभा सकता है। यह एक जिम्मेदार स्तंभ है पर कई बार वो अपने रास्ते से भटकता दिखाई देता है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति अपनी पूर्व धारणा नही बनानी चाहिए। उन्होंने छात्र छात्राओं से यह भी कहा कि आप लोग लाइब्रेरी में जाकर खूब अध्ययन करें तथा सकारात्मक सोच रखकर ही इस क्षेत्र में उतरे क्योकि नकारात्मक सोच से न तो स्वयं का विकास होता है और न ही समाज का। इस मौके पर पत्रकारिता के छात्र छात्राओं ने विधानसभा अध्यक्ष से खूब सवाल किए। साथ ही विधानसभा कार्यवाही की तकरीकी बारीकियों को भी जानने का प्रयास किया। इसके बाद डिजिटल वीथिका, लाइब्रेरी, मुख्य गैलरी आदि को देखा तथा वहां फोटो भी खिंचवाई।

## महाना ने हरियाणा के स्पीकर को कराया विधानसभा का भ्रमण

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



**उप्र** विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना से हरियाणा विधान सभा के स्पीकर ने उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट की। सत्र के दौरान यहां पर पधारे हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष को उप्र विधान सभा अध्यक्ष ने पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री लाल जी वर्मा समेत कई अन्य विधायक भी उपस्थित रहे। महाना ने ज्ञान चन्द गुप्ता को विधानभवन का भ्रमण कराया एवं विधानसभा की कार्यवाही दिखाई। विधानसभा की सुंदरता देखकर हरियाणा के विधान सभा स्पीकर ने सतीश महाना के कार्य व्यवहार उनकी आधुनिक सोच एवं विधानसभा में किये गये परिवर्तन पर उनकी सराहना की।

# डीएम-सीडीओ ने किया श्रीअन्न मिलेट्स प्रदर्शनी का शुभारंभ

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**अन्तर्राष्ट्रीय** मिलेट (श्रीअन्न) वर्ष 2023 के अवसर पर आमजन को श्रीअन्न के बारे में जानकारी प्रदान करने, श्री अन्न से तैयार आटाए अन्य उत्पाद की उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकास भवन में मिलेट्स प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, शनिवार को मिलेट्स प्रदर्शनी का शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ फीता काटकर किया। डीएम ने श्रीअन्न प्रदर्शनी में लगाए गए स्टालों पर एक.एक मिलेट्स उत्पादों के संबंध में जरूरी जानकारी ली। उन्होंने मिलेट्स उत्पादों को न केवल स्वयं खरीदा बल्कि अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित किया। यह प्रदर्शनी 25 फरवरी से शुरू होकर 06 मार्च तक (राजकीय अवकाश को छोड़कर) रहेगी। स्टाल पर आर्यावर्त फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लि0 के डायरेक्टर लियाकत अली ने बाजरा, रागी, मक्का युक्त मल्टीग्रेन आटा, ग्राम- पहाड़ापुर विकास खण्ड-बेहजम में स्थापित प्रसंस्करण इकाई पर तैयार करके विक्रय किया जा रहा है। मनीश वर्मा के ग्राम . बिजौरिया, ब्लॉक-लखीमपुर में स्थापित प्रसंस्करण इकाई पर तैयार करके कुसुम ब्राण्ड के नाम से मिलेट (श्रीअन्न) युक्त मल्टीग्रेन आटा, सरसों का शुद्ध तेल का विक्रय किया जा रहा है। सतीश वर्मा द्वारा अपने फार्म ग्राम प्रसादपुर लन्दनपुर, विकास खण्ड-गोला पर उत्पादित शुद्ध शहद भी बिक्री हेतु उपलब्ध है। किसान हरप्रीत सिंह ने बिना किसी रसायनिक उर्वरक एवं कृषि रक्षा रसायन के प्राकृतिक कृषि पद्धति से गन्ना उत्पादन किया गया है। हरप्रीत जनपद में अन्न किसानों के लिए प्राकृतिक कृषि पद्धति से फसलों उत्पादन के लिए प्रेरणा का कार्य कर रहे। प्राकृतिक विधि से तैयार गन्ने से बिना किसी रसायन के प्रयोग के गुड़ तथा गुड़ उत्पाद स्टाल पर बिक्री के लिए उपलब्ध है। श्री अन्न (मिलेट्स) प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर सीडीओ अनिल कुमार सिंहए डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्राए जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी ए जिला कृषि रक्षा अधिकारी सतेंद्र कुमार सिंह आदि अधिकारी/ मर्चारी एवं कृषक उपस्थित रहे।

## शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ने की पैदल गश्त

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद खीरी में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखनेए आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज अपर पुलिस अधीक्षक महोदय सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष एवं चौकी प्रभारियों द्वारा भारी पुलिस बल के साथ क्षेत्र के विभिन्न मार्गों, व्यस्तम चौराहों, मिश्रित आबादी वाले स्थानों आदि पर पैदल रूट मार्च किया। भीड़भाड़ वाले स्थानों में भ्रमण करते हुए वहाँ पर मौजूद स्थानीय लोगों, दुकानदारों आदि से मुलाकात कर वार्ता की गयी तथा आमजनमानस से संवाद स्थापित कर आपस में प्रेम, सौहार्द बनाए रखने व अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील भी की गयी।

# सेना की जमीन पर बसी झुग्गी, झोपड़ियों को हटाए जाने की नोटिस से मचा हड़कंप

**संवाददाता।** सीतापुर

- सेना ने रविवार तक सारे कब्जों को हटा लेने का दिया है आदेश
- करीब 4 दशक पहले से गरीबों ने डाल रखी थी झुग्गी, झोपड़ियां
- नम आंखों से सामान समेट कर दूसरी जगहों को पलायन शुरू
- सौ से ज्यादा गरीब परिवारों का ठिकाना है यह बस्ती

**आशियाना** छूटने का गम कैसा होता है, यह महोली में हाईवे किनारे कोतवाली के सामने सेना की जमीन पर बसी झुग्गी, झोपड़ी बस्ती में साफ नजर आता है। पिछले 4 दशक से ज्यादा समय से सेना की इस जमीन पर गुजर-बसर कर रहे, करीब एक सैकड़ा गरीब परिवार सेना के एक नोटिस से असहाय से नजर आते हैं। बताते चलें कि महोली में कोतवाली के सामने सेना की काफी जमीन खाली पड़ी हुई है। नगर में ही विभिन्न घरों में चौका बर्तन करने वाली महिलाओं से लेकर ठेलिया चलाने और ठेला लगाकर सब्जी आदि बेचने वाले निहायत गरीबों ने इस भूमि पर घासफूस की झोपड़ियां डालकर अपनी गुजर बसर के ठिकाने बना रखे हैं। यहां पर इस बस्ती के बसने का सिलसिला करीब 4 दशक पहले शुरू हुआ था। शुरू में एक दो लोग आए फिर धीरे-धीरे संख्या बढ़ती गई, मौजूदा वक्त में करीब 100 से ज्यादा परिवार इन झोपड़ियों में आबाद हैं। इनमें से कई परिवार तो ऐसे हैं जिनकी तीन पीढ़ियां यहीं पर रहती आई हैं। यही नहीं कुछ लोगों ने हाईवे की तरफ करीब तीन दर्जन से अधिक अस्थाई दुकानें भी बना रखी हैं। सेना ने करीब एक साल पहले भी इन लोगों को अपनी जगह खाली करने का नोटिस दिया था, लेकिन तब नोटिस देकर भूल जाने जैसा हाल होने की वजह से ज्यादा समस्या नहीं खड़ी हुई थी। लेकिन इस बार मामला उलट है, सेना के मध्य कमान लखनऊ क्षेत्र के स्टेट आफिसर ने अपनी भूमि से अनाधिकृत कब्जों को हटाने का आदेश जारी कर दिया है, जिसकी मियाद कल रविवार को पूरी हो रही है। सेना का इतना साफ आदेश देखते हुए समूची बस्ती में हड़कंप सा मच गया है। लोग सामान समेट कर दूसरी जगहों को जाने पर मजबूर हैं, साथ ही सवाल भी करते हैं कि हम गरीब जाएं तो जाएं कहां। यह लोग सरकार से भी जमीन देने की मांग करते हैं, लेकिन कोई इनकी सुनेगा, इसका जवाब हाल फिलहाल मिलता नजर नहीं आ रहा है।

## बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का दावा बना चुनौती

**संवाददाता।** सीतापुर

**राजधानी** लखनऊ से बमुश्किल 100 किलोमीटर की दूरी पर बसे सीतापुर जिले में शनिवार को हैरान करने वाला नजारा सामने आया, जिसने बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर किए जाने वालों दावों की पोल खोलकर रख दी है। सरकार भले ही हेल्थ सिस्टम को पटरी पर लाने के दावे करती हो, पर जमीनी हकीकत कुछ और ही है। लाख कोशिशों के बाद भी व्यवस्थाएं बद से बदतर होती जा रही है। ये वही सीतापुर है, जहां पर कभी नसबंदी के बाद महिलाओं को फर्श पर लिटा दिया जाता है तो कभी जिला अस्पताल में मरीजों को स्टेचर तक नसीब नहीं होता है। दवाओं के लिए घंटों तक लंबी-लंबी कतारों में अच्छा भला इंसान बीमार पड़ जाए तो महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराने के लिए गर्भवती महिलाओं को कई दिन की भागदौड़ की कसरत करनी पड़ती है। सीतापुर के मरीजों के सामने ये दुश्वारियां कोई आज की नहीं हैं। सालों साल से समस्याएं चली आ रही हैं। जिले में मरीज नहीं बल्कि स्वास्थ्य सेवाएं वेंटीलेटर पर आ चुकी हैं और विभाग के दावे आईसीयू में दम तोड़ रहे हैं। शनिवार को सामने आए एक मामले ने इस बात को और भी बल दे दिया है। ताजा मामला सीतापुर के रामकोट इलाके के बबुरी गांव का है। गांव की रहने वाली एक महिला गर्भवती को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। डिलीवरी के लिए जिला महिला अस्पताल ले जाने के लिए परिवार ने तैयारी की। इसके लिए एंबुलेंस को बुलाने के लिए कई बार कॉल की। कॉल करने के बाद महिला के पति दीपू शर्मा ने करीब आधा घंटे तक एंबुलेंस आने का इंतजार किया, लेकिन इसके बाद भी मौके पर एंबुलेंस नहीं पहुंची। उधर, एंबुलेंस के इंतजार में गर्भवती की हालत बिगड़ती जा रही थी। ऐसे में परिवार को एंबुलेंस का इंतजार अब खलने लगा था। एंबुलेंस आने की नाउम्मीदी में दीपू ने फिर ई-रिक्शा किराये पर किया। गर्भवती पत्नी को लेकर वह जिला मुख्यालय पर स्थित महिला अस्पताल पहुंचा, जहां पर प्रसव के लिए पत्नी को भर्ती करा दिया।

## अब यूपी नंबर वन से वोटरों तक पहुंचने की तैयारी

**संवाददाता।** सीतापुर

**मिशन** 2024 में बड़ी जीत दर्ज करने के लिए भाजपा लगातार तैयारी करती जा रही है। कभी शासन के स्तर पर तो कभी संगठन के स्तर पर पेंच दर पेंच कसे जा रहे हैं। मतदाताओं को अपने पाले में करने के लिए पहले से ही अपनी उपलब्धियों का बखान कर रही भाजपा सरकार ने अब अपनी उपलब्धियों को आमजन के बीच पहुंचाना शुरू कर दिया है। शनिवार को इसी सिलसिले में सीतापुर शहर के महावीर पार्क में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, एसडीएम सदर गौरव रंजन श्रीवास्तव तथा वरिष्ठ भाजपा नेता विश्राम सागर राठौर ने किया। इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला, युवा कल्याण से लेकर रोजगार तक तमाम केंद्र व राज्य की योजनाओं को पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है।

# डीएम ने की विकास कार्यक्रमों की पड़ताल

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**शनिवार** को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ तहसील, ब्लॉक पलिया के सुदूरवर्ती क्षेत्र जनजातीय क्षेत्र चंदनचोकी पहुंचे, जहां उन्होंने एकीकृत जनजाति विकास परियोजना में अफसरों के साथ बैठक की। डीएम ने जनजातीय क्षेत्र में स्थलीय भ्रमण कर पड़ताल करते हुए विकास कार्यक्रमों की जमीनी हकीकत जानी। डीएम ने परियोजना से जुड़े जनजातीय क्षेत्र (गांवों) में केंद्र, प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन, बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट के तहत कराए विकास कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम के पूछने पर परियोजना अधिकारी यूके सिंह ने गांव वार जरूरी जानकारी दी। डीएम ने कहा कि अधिकारी टीम भावना से मिशन मोड में काम करते हुए जनजातीय क्षेत्र में विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएं। विकास कार्यक्रमों का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित हो, कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित ना रहने पाए। एडीएम संजय सिंह ने कहा कि विकास कार्यक्रमों में तेजी लाकर जनजातीय क्षेत्र को विकसित बनाए। बैठक में एसडीएम पलिया कार्तिकेय सिंह, तहसीलदार आशीष सिंह, परियोजना अधिकारी यूके सिंह, सहित अन्य अफसर मौजूद रहे। इसके बाद डीएम महेंद्र बहादुर सिंह चंदन चौकी स्थित प्रताप नारायण मिश्र स्मारक सरस्वती विद्या मंदिर पहुंचे, जहां दो दिवसीय श्रीगुरु गोरखनाथ यात्रा चिकित्सा शिविर के समापन पर नामचीन चिकित्सकों से संवाद किया। डीएम ने जनजातीय क्षेत्र में आयोजित दो दिवसीय चिकित्सा शिविर की सराहना की। बताते चले कि 24 फरवरी से शुरू दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में प्रदेश के नामचीन चिकित्सा संस्थानों के महिला रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, वरिष्ठ सर्जन सहित सैकड़ों चिकित्सक मौजूद रहे। सभी स्वास्थ्य शिविरों में लगभग हजारो की तादात में मरीजों का विभिन्न बीमारियों की जांच की गई।

## क्विक न्यूज

### सड़क दुर्घटना में दो मरे, एक घायल

**संडीला(हरदोई)।** सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कछौना के अंतर्गत ग्राम नैरा निवासी परेश्वराम का 20 वर्षीय पुत्र सोहन अपने चचेरे भाई सचिन पुत्र अर्जुनलाल निवासी बिराहीनपुर के साथ कोथावां में चल रहे 84 कोसी परिक्रमा मेले को देखने के लिए गया था। रात के समय दोनों लोग बाइक से लौट रहे थे तभी किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में सोहन की ट्रॉमा सेंटर ले जाते समय मौत हो गयी जबकि सचिन का इलाज चल रहा है। दूसरी दुर्घटना अतरौली भटपुर रोड पर ग्राम घेरवा के पास हुई। बताया जाता है कि 25 वर्षीय अतुल पुत्र मुनई अपने साथी गोविंद पुत्र मंगली के साथ बाइक से घर वापस लौट रहा था। जब बाइक के घेरवा के पास पहुंची तो सामने से आ रहे ट्रैक्टर को टक्कर मार दी जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जिलाचिकित्सालय भेजा गया जहां अतुल की मौत हो गयी। दूसरे घायल गोविंद का इलाज चल रहा है।

### बंदरों से डरकर भागी बच्ची छत से गिरी

**बरेली ।** घर की छत पर खेल रही बच्ची बंदरों को देखकर खुद के बचाने के लिए भागी जिससे वह छत से नीचे गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।कैंट थाना क्षेत्र के गांव क्यारा निवासी गंगा सहाय ने आज सुबह अपनी 4 वर्षीय बेटी गुनगुन को घायल अवस्था में इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां गंगा सहाय ने बताया कि गुनगुन आज सुबह एक बच्चे के साथ घर की छत पर खेल रही थी इसी दौरान उसने बंदरों को छत पर आते देखा और खुद को बचाने के लिए तेजी से भागने लगी इसी दौरान दहेज छत से नीचे गिर गई आंगन में मौजूद घर के लोगों ने उसे उठाया और एक स्थानीय डॉक्टर के पास ले गए जहां से हालत नाजुक देख कर वह उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### सूर्य स्नान से निखरती है त्वचा

**सीतापुर।** आजकल लोगों में खास तौर पर छात्र-छात्राओं में फास्ट एवं जंक फूड का बड़ा ही क्रेज है। दिन ढलते ही पक्की दुकानों से लेकर गली मोहल्लों में लगने वाले ऐसे ठेलों पर युवा वर्ग की भीड़ टूटना शुरू हो जाती है, लेकिन क्या आप जानते है कि यह फास्ट और जंक फूड क्या आपकी सेहत के लिए भी उतना ही अच्छा है, इसे लेकर किसी योग्य चिकित्सक से सलाह लें तो वह सबसे पहले इसे बंद करने की ही सलाह देते हैं, क्योंकि माना जाता है कि इनका सेवन सेहत के लिए ही नहीं सुंदर काया और घने बालों के लिए भी हानिकारक है। सीतापुर शहर में त्वचा एवं बाल को लेकर होने वाली समस्याओं पर चर्च रोड, सिविल लाइन स्थित ज्योति स्किन एंड हेयर क्लीनिक के डाक्टर ए.के. श्रीवास्तव अर्से से जागरूकता अभियान चला रहे हैं। हर महीने के एक दिन डा. श्रीवास्तव कैंप का भी आयोजन कर लोगों को इन समस्याओं से निजात पाने के उपाय बताते हैं।

### जन समस्याओं को लेकर यूथ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**बरेली।** यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने शहर की जन समस्याओं को लेकर प्रदेश सचिव साहिब सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर दिया ज्ञापन ।प्रदेश सचिव साहिब सिंह ने बताया शहर के अन्दर लम्बे समय से जगह-जगह सड़के खोद कर छोड़ दी गई है मेन मार्केट व मेन चौराहों, चौकी चौराहा, पटेल चौक, किला क्षेत्र आदि क्षेत्रों में लम्बे समय से विकास के नाम पर सड़कों पर गड्डे पड़े हुये है एक जगह खुदाई कर छोड़ दी जाती है जिस कारण पूरे शहर में जाम लग रहा है। जिससे स्कूल जाने वाले छोटे बच्चें और बीमार बुजुर्ग लोग प्रभावित हो रहे है। सड़को की खुदाई से कई जगह पानी की लाइने भी फटी है। जिस कारण किचड़ होने से दुर्घटनायें हो रही है। शहर में जगह जगह आवारा व छुटटा पशु टहल रहे है जब वो आपस में लड़ते है और दौड़ते है उससे लगातार लोग चोटिल हो रहें है उनको उचित स्थान पर भेजने की आजतक व्यवस्था नहीं हो पाई है।गर्मी की शुरूआत होने जा रही है लेकिन पूरे शहर में सफाई व्यवस्था आज भी गड़बड़ाई हुई है जगह-जगह घनी आबादी में कूड़े के ढेर नजर आ जायेंगे।

### एसपी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन

**लखीमपुर खीरी।** शनिवार को जनपद के प्रत्येक थाना स्तर पर १थाना समाधान दिवसश् का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना कोतवाली सदरए थाना ईसानगर व थाना धौरहरा पर उपस्थित रहकर थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता की गई। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया।

# सपा का डेलिगेशन पीड़ित परिवार से मिलने पंहुचा

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**सपा** के निवर्तमान जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान, जिला महासचिव रणंजय सिंह मृतक के आवास पर पहुंचे और परिवार वालों से मिलकर ढांढस बंधाया. इस दौरान सपाइयों ने पुलिस की ग्रामीणों पर अंधाधुध लाठी के वार तथा गंभीर धाराओं में मुकदमा के दर्ज किए जाने पर जमकर भड़ास निकाली। गौरतलब है बीते दिवस शाहजहांपुर के ब्लॉक कॉट के ग्राम जरावन निवासी सत्यभान सिंह यादव जी के बेटे के पी यादव का अभी हाल ही में रोड एक्सीडेंट में मृत्यु हो गई थी।

जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने परिवार वालों ने डेड बॉडी रखकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया तभी थाना कॉट की पुलिस ने डेड बॉडी (लाश) को खींचा और अपने कब्जे में कर लिया और थाना कांट पुलिस ने के.पी यादव जी के परिवार वालों व ग्रामीणों पर लाठी बरसा कर ग्रामीणों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा लिख दिए जिसमें कई नाम जर्द और कई नाम अज्ञात लिख दिए गए।

शनिवार को सपा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान, सपा के जिला महासचिव रणंजय सिंह यादव, सय्यद रिजवान अहमद,पूर्व सपा प्रत्याशी अनवर अली मृतक के आवास पर पहुंचे और परिवार वालों से मिलकर ढांढस बंधाया..इस अवसर पर पीड़ित परिवार को समाजवादी पार्टी की तरफसे पूरी मदद का भरोसा दिलाया और लिखे गए मुकदमों के मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर से वार्ता कर मुकदमे वापस कराने का प्रयास करेंगे, और सपा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि इस मामले से सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा.अखिलेश यादवको भी अवगत कराएंगे।

# उपचारात्मक प्रशिक्षण के प्रथम बैच का हुआ समापन

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**हिंदी** विषय से संबंधित उच्च प्राथमिक स्तरीय उपचारात्मक शिक्षण ;रिमेडियल टीचिंग द्ध का आज तीसरे दिन समापन हुआ। प्रशिक्षण उच्च प्राथमिक स्तर तथा कमपोजिट विद्यालय के हिंदी भाषा के शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान लखीमपुर खीरी में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का प्रारंभ नोडल एवं प्रवक्ता डायट श्रवण कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया ।प्रशिक्षण के इस अवसर पर डायट प्रवक्ता अतुल मिश्रा एमहेंद्र कुमार वर्माए धनंजय सिंहए अनिल यादव आदि उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का प्रारंभ वाणी वंदना और प्रेरक गीत के माध्यम से किया गया। तीन दिनों तक इस प्रशिक्षण में राज्य स्तर से प्रशिक्षित संदर्भ दाता ओम प्रकाश, कौशलेंद्र सिंह, निशी सिंह, दुर्गेश के साथ-साथ जनपद स्तर पर प्रशिक्षित संदर्भ दाता रामगोपाल मौर्य, डॉ नमिता, श्रीवास्तव दीपा शुक्ला, वैभव पांडे के द्वारा दिया गया। समय-समय पर अपना बहुमूल्य सुझाव एवं मार्गदर्शन डाइट के हिंदी के प्रवक्ता एवं इस प्रशिक्षण के नोडल श्रवण गुप्ता के द्वारा प्रतिभागियों को दिया गया। प्रशिक्षण की मुख्य विषय वस्तु यह है कि अपनी कक्षा से किसी भी कारण से पिछड़े हुए बच्चों के लिए 50 दिवसीय कार्य योजना आगामी सत्र 2023 में लागू की जानी है। किया जाए तथा उनको उपलब्ध कराए गए सामग्री जिनमें कार्यपुस्तिका ए शिक्षक संदर्शिका जोकि शासन स्तर से विद्यालयों को उपलब्ध कराई जाएंगीए के बारे में विस्तृत रूप से शिक्षकों के माध्यम से बच्चों तक दक्ष बनाने की कार्ययोजना के विषय में जानकारी देना है। प्रशिक्षण में आईसीटी का प्रयोग दृश्य सामग्रीए सहायक सामग्री, विभिन्न प्रकार के गतिविधियां प्रशिक्षकों द्वारा साझा की गई ।प्रतिभागी शिक्षकों के द्वारा भी विभिन्न प्रकार की गतिविधियां एवं सक्रियता सुनिश्चित की गई।

# पेज एक का शेष

## शांति प्रक्रिया...

के प्रति जर्मनी की रुचि से हम उत्साहित हैं। इससे पहले, भारत पहुंचने पर जर्मनी के चांसलर शोल्ज ने राष्ट्रपति भवन में सलामी गारद का निरीक्षण किया। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका स्वागत किया। रविवार सुबह चांसलर शोल्ज बेंगलुरु के लिए रवाना होंगे। जर्मनी के चांसलर शोल्ज ने दोपहर में राजघाट जाकर महात्मा गांधी की समाधि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भाजपा को...

समाजवादी ताकतों की एकता कांग्रेस पार्टी के लिए भविष्य की कसौटी होगी। इस राजनीतिक प्रस्ताव के मसौदे के अन्य खंडों के अनुसार, कांग्रेस ने वादा किया है कि वह घृणा अपराधों को रोकने और दोषियों को दंडित करने के लिए एक नया कानून पारित करेगी। मसौदा प्रस्ताव में न्यायपालिका के लिए खतरा होने की भी बात कही गई है। इसमें कहा गया है कि न्यायपालिका को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर धमकाया जाता है, जो मन में तमाम आशंकाएं पैदा करते हैं। दुर्भाग्य से न्यायपालिका पर खुलेआम हमलों का नेतृत्व स्वयं कानून मंत्री कर रहे हैं। कांग्रेस वादा करती है कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और अखंडता को हर कीमत पर बनाए रखा जाएगा और इसकी रक्षा की जाएगी। मसौदा प्रस्ताव में यह भी आरोप लगाया कि संसद और विधानसभाओं में मुक्त चर्चा और बहस पर विराम लगा दिया गया है। यहां सच्चाई और विपक्ष की आवाज को आए दिन दबाया जाने लगा है।

## अब भाजपा...

के हावी होने की आशंकाओं की ओर परोक्ष तौर पर इशारा करते हुए कहा कि पानी और तेल मिल नहीं सकते। इसलिए, यहां जो राजद है वह तेल की तरह सतह पर तैरता है जबकि जद (यू) पानी की तरह नीचे रहता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पिछले साल गठबंधन बनाने के समय, जद (यू) नेता ने राजद प्रमुख प्रसाद के साथ उनके बेटे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए एक गुप्त समझौतौ किया था। शाह ने परोक्ष तौर पर उपेंद्र कुशवाहा के हाल ही में जदयू छोड़ने की ओर इशारा करते हुए कहा, इससे जद (यू) में ही बहुत भ्रम उत्पन्न हो गया है। शाह ने कहा, लोगों के मन में भी संदेह उत्पन्न हो गया है। यदि उन्होंने (कुमार) इस तरह का समझौता किया है, तो उन्हें उस तारीख को सार्वजनिक करना चाहिए जिस दिन वह अपने कनिष्ठ को प्रभार सौंपना चाहते हैं और राज्य को जंगल राज में धकेलना चाहते हैं जिसे उन्होंने जड़ से उखाड़ने की कसम खाई थी।

## एमसीडी की...

यहां नियमों से यह प्रदर्शित होता है कि दिल्ली के महापौर के पास स्थाई समिति के चुनाव को अवैध एवं अमान्य घोषित करने की शक्ति है। उच्च न्यायालय ने पिछले चुनाव के परिणाम घोषित किए बगैर नए सिरे से चुनाव कराने के निर्णय को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं पर निर्वाचन अधिकारी और अन्य को नोटिस जारी किया। न्यायाधीश ने कहा कि इस बारे में नोटिस जारी किया जाए कि सुनवाई की अगली तारीख तक नए सिरे से चुनाव कराने पर रोक लगी रहेगी। इसी के साथ ही हाईकोर्ट ने मतपत्र, सीसीटीवी फुटेज और अन्य दस्तावेजों को सुरक्षित रखने का भी आदेश दिया है।

## माफिया कोई...

की गई, डबल इंजन की सरकार क्या कर रही है? वहां तो ऐसा लग रहा है जैसे फिल्म की शूटिंग हो रही हो, बम और गालियां चल रही हैं। इस घटना के बाद अगर इलाज मिल जाता तो शायद जान बच जाती। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि चर्चा के लिए कोई नोटिस नहीं मिली है। नेता सदन का राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर वक्तव्य पहले से तय है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रयागराज की घटना दुखद है, सरकार ने उसका संज्ञान लिया है। जीरो टॉलरेंस की नीति के परिणाम बहुत जल्द सामने आएंगे। इसमें किसी को संदेह नहीं होना चाहिए। उन्होंने विपक्षी दल सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आखिर ये अपराधी पाले किसके द्वारा गये हैं। जिस माफिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है, क्या ये सच नहीं है कि सपा ने उसे सांसद बनाया था। आप सारे अपराधियों को पालेंगे, उनका माल्यार्पण करेंगे, उसके बाद तमाशा बनाते हैं आप लोग।

## सोनिया के...

कहा कि सोनिया गांधी की टिप्पणी को राजनीति से संन्यास के रूप में नहीं लेना चाहिए। महाधिवेशन में सोनिया गांधी ने कहा, यह मेरा सौभाग्य रहा है कि 1998 में पहली बार अध्यक्ष बनी। इन 25 वर्षों में हमारी पार्टी ने बड़ी उपलब्धियां भी देखीं और गहरी निराशा भी देखी...आप लोगों के सहयोग से हमें ताकत मिली। उन्होंने कहा, पहले 2004 में जीत मिली और फिर डॉक्टर मनमोहन सिंह के नेतृत्व के साथ 2009 में जीत मिली, इससे मुझे व्यक्तिगत तौर पर संतोष मिला। लेकिन यह मेरे लिए सबसे सुखद है कि भारत जोड़ो यात्रा के साथ मेरी पारी का अंत हो सका।

## सोनिया गांधी...

कि यह ईमानदार शासन के कारण हुआ। उनके विचारों को दोहराते हुए भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी ने कहा कि कांग्रेस का महाधिवेशन उसकी हताशा, नकारात्मकता और द्वेष का प्रतीक है। बलूनी ने कहा कि कांग्रेस देश का संकटग्रस्त हिस्सा हो गई है, जबकि भारत मोदी के नेतृत्व में विश्व का आकर्षक देश बन गया है। प्रसाद ने कहा कि लोगों को कांग्रेस शासन के दौरान भष्ट्राचार, राजनेताओं-पूंजीपतियों की सांठगांठ और परिवार के शासन को बढ़ावा दिया जाना भी याद है, जिसने पार्टी को इसकी मौजूदा दयनीय हालत में पहुंचा दिया।

## आईएसआईएस के...

को ट्रेन में विस्फोट की घटना को लेकर गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि उससे पूछताछ के दौरान हुए खुलासे के आधार पर उसके सहयोगियों गौस मोहम्मद खान उर्फ करन खत्री , अजहर खान उर्फ अजहर खलीफा और आसिफ इकबाल उर्फ रॉकी को गिरफ्तार किया गया था। वे सभी उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। एनआईए प्रवक्ता के मुताबिक, मामले की जांच से यह स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हुआ है कि आरोपी आईएसआईएस के सदस्य थे और वे इस्लामिक स्टेट एवं इसके नेता अबू बकर अल बगदादी के प्रति निष्ठा रखते थे। प्रवक्ता ने कहा, मुजफ्फर, नेतृत्वकर्ता था और वह (इस्लामी उपदेशक) जाकिर नाइक के दुष्प्रचार से प्रभावित था। यह पाया गया कि वह आईएस से जुड़ी वेबसाइट अक्सर देखा करता था, जहां से वह वीडियो डाउनलोड करता था तथा उन्हें अपने समूह के अन्य लोगों के साथ साझा करता था। एनआईए ने कहा कि सभी आठों दोषी आईएसआईएस की गतिविधियों को भारत में बढ़ावा दे रहे थे। एजेंसी ने कहा, इस उद्देश्य की खातिर फैसल, गौस खान, मुजफ्फर, दानिश और सैफुल्ला ने स्थल मार्गों का पता लगाया।

## संस्थानों से...

और पहचानना है। उन्होंने कहा कि वह वकीलों के मानसिक स्वास्थ्य पर जोर देते रहे हैं और उतना ही महत्वपूर्ण छात्रों का मानसिक स्वास्थ्य भी है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि न केवल शिक्षा पाठ्यक्रम के जरिए छात्रों में करुणा की भावना पैदा करनी चाहिए, बल्कि अकादमिक विद्वानों को भी उनकी चिंताओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, 'मुझे लगता है कि भेदभाव का मुद्दा सीधे तौर पर शिक्षण संस्थानों में सहानुभूति की कमी से जुड़ा हुआ है।' उन्होंने कहा कि भारत के प्रधान न्यायाधीश का काम न्यायिक और प्रशासनिक कार्यों के अलावा उन संरचनात्मक मुद्दों पर भी प्रकाश डालना है जो समाज के सामने हैं। उन्होंने कहा, 'इसलिए, सहानुभूति को बढ़ावा देना पहला कदम होना चाहिए। शिक्षा संस्थानों को यह कदम उठाना चाहिए।'

## तेलंगाना में...

दे चुका था और शनिवार को एक अन्य पेपर देने वाला था। अधिकारी ने बताया कि छात्र को कुछ चिकित्सकीय समस्याएं थीं, लेकिन ये संभवत: गंभीर नहीं थीं। निजामाबाद पुलिस ने बताया कि उन्हें कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और मामले की जांच की जा रही है।

## मप्र में...

में तीन की हालत बेहद गंभीर है। इस हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मध्य प्रदेश के सीधी में हुई बस दुर्घटना दु:खद है। इस दु:ख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मध्य प्रदेश सरकार सभी प्रभावितों को हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मोदी के हवाले से ट्वीट किया, मध्य प्रदेश में हुए हादसे में प्रत्एक मृतक के परिजनों को प्रधान मंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रीवा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में घायलों से मिलने के बाद संवाददाताओं से कहा कि सीमेंट लदा ट्रक टायर फटने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी तीन बसों से टकरा गया। उन्होंने कहा कि टक्कर लगने से एक बस पलट गई और दूसरी बस दूसरी तरफ पलट गई जिसके कारण यात्रियों को चोटें आईं। चौहान ने इस घटना को बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना करार दिया।

# जी-20 की अगुवाई से विश्व में बढ़ा भारत का गौरवः जाटव

**● जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का शुभारंभ**

संवाददाता। चित्रकूट

**नेहरू** युवा केंद्र जिला इकाई द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भारत की जी- 20 की मेजबानी के क्रम में "पड़ोस युवा संसद" का आयोजन गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर डिग्री कॉलेज कर्वी मे किया गया। इसमें विभिन्न विकास खंडों के युवा मंडल सदस्यों, स्वयं सेवकों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रहे जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता मिलने पर पूरे विश्व में भारत का गौरव और सम्मान बढ़ा है।

नेहरू युवा केन्द्र की जिला युवा अधिकारी जागृति पाण्डेय ने कार्यक्रम विषय से सभी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पड़ोस युवा संसद का मुख्य उद्देश्य युवाओं को जी-20 के विषयों के लिए अपने विचारों को व्यक्त करने के लिए मंच उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव,मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर,भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे तथा प्राचार्य वी के0 चौधरी ने दीप प्रज्जवलन कर किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है यह प्रत्येक भारतवासी के लिए गर्व का विषय है।युवाओं को अपनी ऊर्जा का प्रदर्शन राष्ट्र निर्माण गतिविधियों में किया जाना चाहिए। इससे विश्व में एक अच्छा संदेश जाएगा।उन्होंने युवाओं से देश के विकास में ईमानदारी के साथ सहभागिता सुनिश्चित करने का आहवान किया।




वहीं सीडीओ अमृतपाल कौर ने तीन माह चलने वाले जल संचयन अभियान - कैच द रेन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अमृतपाल कौर ने युवाओं को राष्ट्र की मुख्य धारा में युवाओं को जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने चित्रकूट में नेहरू युवा केंद्र से जुड़कर जल संचयन, स्वच्छता जैसे अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाने का आहवान किया।कहा कि युवा ऊर्जा को अच्छी दिशा में मोड़कर समाज की विसंगतियों से लड़ा जा सकता है।युवा ही देश का भविष्य हैं।

इसके अलावा अनुभवी वक्ताओं ने मिशन लाइफ के उद्देश्यों को प्राप्त करने एवं ग्लोबल वार्मिंग से बचाव के लिए व्यावहारिक बदलाव के विषय मे जानकारी दी। पर्यावरणविद राम बाबू तिवारी ने जलवायु परिवर्तन तथा आपदा जोखिम नियंत्रण पर युवाओं को जागरूक किया। विद्वान संदर्भ व्यक्तियों डा0राजेश पाल, डा0 सीमा ने प्रतिभागियों को अपने विचारों से अभिसिंचित किया। कार्यक्रम में युवाओं ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। जिन्हे मुख्य अतिथि ने प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान कर उत्साहित किया। पुरस्कार वितरण सत्र में अति विशिष्ट अतिथि रहे कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत स्वामी मदन गोपाल दास महराज ने युवाओं को जी-20 के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए युवाओं को मार्गदर्शित किया । कार्यक्रम में प्रमुख प्रतिभागी भानुजा मिश्रा, दामिनी मिश्रा, विशालाक्षी, आकांक्षा मिश्रा ने पड़ोस युवा संसद में प्रतिभाग कर रहे युवाओं को नेहरू युवा केंद्र चित्रकूट के कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में लेखा एवं कार्यक्रम सहायक शुभम कुमार, समाजसेवी शंकर यादव, तथा स्वयंसेवक विकास द्विवेदी , कुलदीप और अमन , राजकरन, अनुपम का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन प्राध्यापक डॉक्टर वंश गोपाल ने किया।

# डीएम ने छात्रों से सवाल पूछ कर परखी शिक्षा की गुणवत्ता

**● अंग्रेजी माध्यम के प्राथमिक विद्यालय हुसैनगंज का डीएम ने किया निरीक्षण**

संवाददाता। फतेहपुर

**विकास** खंड भिटौरा के अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय हुसैनगंज का जिलाधिकारी श्रुति ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पठन-पाठन कक्ष में जाकर छात्र-छात्राओं से उनके पाठ्यक्रम से सवाल पूछकर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी परिषदीय विद्यालयों में कक्षावार व विषयवार शिक्षकों का शेड्यूल तैयार कर पठन-पाठन कराया जाये। साथ ही छात्र-छात्राओं को विषयवार शेड्यूल की जानकारी अवश्य दें। उन्होंने रसोघर में जाकर मध्यान्ह भोजन को देखा और कहा कि मेनू के अनुसार आलू-सोयाबीन की सब्जी व चावल बनाया जा रहा था। पीने योग्य पानी के बारे में जानकारी ली। साथ ही शौचालय को भी देखा। उन्होंने कहा साफ-सफाई की व्यवस्था निरन्तर कराते रहने की हिदायत दी। छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिए जाने की बात कही। जिससे बच्चे अपना उज्ज्वल भविष्य निर्माण कर सके। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुशवाहा, खण्ड शिक्षा अधिकारी भिटौरा सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे। तत्पश्चात हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं को सकुशल, नकलविहीन एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु प्रथम पाली में कृषि/चित्रकला विषय की चल रही परीक्षा के दृष्टिगत पंडित चंद्रिका प्रसाद इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र हुसैनगंज का जिलाधिकारी ने निरीक्षण कर जायजा लिया। स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को शान्तिपूर्ण, नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिये। परीक्षार्थियों की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति के बारे में भी जानकारी की। जिसमे 400 के सापेक्ष 27 अनुपस्थित पाये गये। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक दशा में नकल विहीन परीक्षा करायी जाये।

# प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई न होने से नाराज एबीवीपी का प्रदर्शन

संवाददाता। चित्रकूट

**एबीवीपी** के कार्यकर्ताओं ने अटल पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट , खोही के प्रबंधक द्वारा बी. फार्मा द्वितीय वर्ष की फीस जमा कराने के बाद परीक्षा न कराए जाने व मानक विहीन इंस्टीट्यूट चालने के विरोध में 6 माह पूर्व प्रदर्शन किया था। जिसमें दोषियों पर एफआईआर पंजीकृत हुई थी। जिसमें पुलिस की शिथिलता के कारण अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जिसके विरोध में शनिवार को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने शीघ्र कार्यवाही करने के लिए पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन क्षेत्राधिकारी सदर को सौंपा।ज्ञापन के माध्यम से मानक विहीन इंस्टीट्यूट को बंद कराने व दोषियों पर कठोर कार्यवाही की मांग की गई।




इस दौरान पीड़ित छात्र हरिओम शुक्ला ने बताया कि पी एम मेमोरियल स्कूल खोही के परिसर मे संचालित मानक विहीन अटल पैरा मेडिकल इंस्टीट्यूट में सत्र 2021-2022 में 26 छात्रों का डी फार्मा में प्रवेश लिया गया। डी. फार्मा में प्रवेश के दौरान अटल पैरामेडिकल एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के प्रबंधक सतीश कुमार पटेल व संचालक दिनेश कुमार पटेल द्वारा इंस्टिट्यूट की संबद्धता फार्मेसी कॉलेज सुंदरपुर सहारनपुर से होने की बात बताई गई। जिसके पश्चात छात्रों द्वारा डी. फार्मा में प्रवेश हेतु 70हजार प्रति छात्र की दर से इंस्टिट्यूट में फीस जमा कर प्रवेश लिया। इस दौरान कोरोना के चलते इंस्टिट्यूट में डी. फार्मा प्रथम वर्ष की परीक्षा ऑनलाइन संपादित करवाई व परीक्षा परिणाम आने के बाद भी छात्रों की मार्कशीट अभी तक निर्गत नहीं की गई। छात्रों को गुमराह करते हुए बी फार्मा द्वितीय वर्ष की फीस लेकर प्रवेश का झांसा दिया गया। परीक्षा के समय छात्रों को जब प्रवेश पत्र नहीं मिला तो यह विषय संज्ञान में आया कि छात्रों की बी फार्मा द्वितीय वर्ष की फीस अटल पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट द्वारा फार्मेसी कॉलेज सहारनपुर में जमा ही नहीं कराई गई तथा छात्रों को फर्जी फीस रसीद दी गई। जिस कारण छात्रों को ना ही छात्रवृत्ति मिली और ना ही शासन द्वारा लैपटॉप प्राप्त हो सके। छात्रों को प्रबंधक व संचालक द्वारा बार-बार झूठा आश्वासन दिया गया तथा कई बार छात्रों के साथ मारपीट व गाली-गलौज की गई।

इस दौरान एबीवीपी के जिला संयोजक रोहित पाण्डेय ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हमेशा से छात्र हितों के मुद्दों को लेकर मुखर रहा है। एबीवीपी मांग करता है कि ऐसे मानक विहीन इंस्टीट्यूट बंद होना चाहिए।अटल पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के प्रबंधक भ्रष्टाचारी सतीश पटेल पर कठोर कार्यवाही होना चाहिए। विगत छह माह से पुलिस की शिथिलता के कारण अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। अगर सात दिनों के अंदर दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो विद्यार्थी परिषद वृहद आंदोलन को बाध्य होगा। इस दौरान जिला सह संयोजक रोहन शुक्ला,जिला संगठन मंत्री प्रखर मिश्रा , प्रांत कार्यकारिणी सदस्य तेज प्रकाश, दीपक त्रिपाठी , नगर मंत्री नितेश त्रिपाठी,नीलमणि मिश्रा, राघव निषाद, धीरज पांडेय , कमल रंजन शुक्ला , अभिषेक अग्रहरी ,शिवेंद्र शुक्ला , अंकुश पयासी सलमान , हरिओम शुक्ला सहित अन्य कई छात्र व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# थाना समाधान दिवस में अफसरों ने सुनी फरियाद

**● जालौन देवी मंदिर में हुई चोरियां, पुजारियों को बदनाम करने की साजिश**

संवाददाता। उरई (जालौन)

**लाखों** भक्तों की आस्था का केंद्र जालौन देवी मंदिर आजकल चर्चा का विषय बना हुआ है। विगत कुछ माह में मंदिर में कई चोरियों की घटनायें भी घटित हुयी जिसमें मंदिर के पुजारियों को बदनाम करने का कुचक्र भी रचा गया। उक्त संबंध में मंदिर के पुजारी जर्नादन अवस्थी द्वारा कुठौंद थाना पुलिस को भी तहरीर दी गयी थी। जालौन देवी मंदिर के पुजारी जर्नादन अवस्थी द्वारा थानाध्यक्ष कुठौंद को दी गयी तहरीर में कहा गया था कि मां जालौन देवी मंदिर पर पूजा मंडल समिति का सदस्य है। पूर्व में आला अधिकारियों के निर्णय उपरांत मंदिर में पूजा मंडल समिति विधिवत तरीके से पूजा अर्चना कर रही हैं लेकिन जालौन खुर्द के कुछ लोगों द्वारा बार-बार गलत बयानबाजी की जा रही है। 22 फरवरी को ज बवह पूजन सामग्री खरीदने कुठौंद के बाजार गया था उसी दौरान दोपहर में जालौन खुर्द निवासी भगवान स्वरूप पुत्र भूरेलाल, लाल खां पुत्र बाबू खां हनुमान जी मंदिर पर आये तथा मंदिर पर आये और बगैर पुजारी मंडल तथा कर्मी को बताये हनुमान जी मंदिर पर रखी दो गोलकों के ताले तो तोड़ दिये और उसमें चढ़ौती के रखे हजारों रुपये पने साथ ले गये। इतना नहीं उक्त लोगों ने दोनों गोलकों में अपने ताले भी डाल दिये। पुजार जर्नादन अवस्थी ने बताया कि पूर्व के समय में भी मंदिर में जो चोरियां हुयी उनमें पुजारियों को बदनाम करने का कुचक्र रचा गया था। इस तरह की घटनाओं से पुजारियों का कोई वास्ता नहीं रहा। पुजारी का कहना था कि इस तरह की घटनाओं से मंदिर पर आपसी सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। मंदिर में हुयी चोरी के मामले में दोषी लोगों पर कार्यवाही की जाये ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर विराम लग सके।



## तहसीलदार ने थाना समाधान दिवस में सुनी शिकायतें

**जालौन (उरई)।** तहसीलदार की अध्यक्षता में आयोजित हुए थाना समाधान दिवस में मात्र 2 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। जिनमें एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। एक शिकायत का संबंधित विभाग को सौंप दिया गया।

तहसीलदार बलराम गुप्ता की अध्यक्षता में कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में जागरूकता के अभाव में मात्र दो ही फरियादी कोतवाली पहुंचे। जिसमें भवानीराम निवासी राजासिंह ने चाय के रुपयों को लेकर विपक्षी पर गाली, गलौज व मारपीट का आरोप लगाया। जिसका मौके पर ही निस्तारण किया गया। राजस्व से संबंधित एक अन्य शिकायत को निस्तारण के लिए संबंधित लेखपाल को सौंपा गया। तहसीलदार ने तीन दिनों में शिकायत का निस्तारण कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित लेखपाल को दिए। इस मौके पर कोतवाल कुलदीप तिवारी, एसएसआई आनंद सिंह समेत लेखपाल व पुलिस स्टॉफ मौजूद रहा।

# पीस कमेटी की बैठक में मंथन

**● सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं होली का त्यौहारः एएसपी**

संवाददाता। खागा (फतेहपुर)

**खागा** कोतवाली मे एडिशनल एसपी व तहसीलदार की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। प्रभारी निरीक्षक अरुण चतुर्वेदी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आपसी भाईचारे वा प्रेम एवम सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का त्यौहार मनाएं। एडिशनल एसपी ने कहा कि आराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायगी। बैठक में व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल ने कहा कि व्यापार मंडल हमेशा की भांति इस वर्ष भी प्रशासन के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर त्योहार का सकुशल संपन्न करवाने में साथ रहेंगे। उन्होंने सभी लोगों से भी अनुरोध किया अपने अपने मोहल्ले, गांव में खुद जागरूक होकर प्रशासन का साथ देते हुए होली के त्यौहार को सकुशल संपन्न करवाने में मदद करें।

इस मौके पर कोतवाल प्रभारी अरुण चतुर्वेदी, तहसीलदार ईवेंद्र कुमार, कुलदीप उत्तम, विद्युत खागा जेई मुरारी लाल दुबे, कस्बा इंचार्ज प्रमोद कुमार राव, एसआई धर्मेंद्र कुमार, एसआई सुरेंद्र कुमार यादव, एसआई अखिलेश यादव, एसआई देवेंद्र सिंह, चौकी इंचार्ज राजेंद्र त्रिपाठी, अध्यक्ष अमिताभ शुक्ल, वरि. उपाध्यक्ष विजय अग्रहरी, महामंत्री अनिल साहू, उपाध्यक्ष अतुल साहू, धीरज मोदनवाल, मनोज शुक्ल, राजेंद्र सिंह, संरक्षक कमलेश बाजपेई, महिला अध्यक्ष माया शिवहरे, मंत्री कुसुम साहू, गीता साहू, भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विमलेश पाण्डेय, समाजसेवी अजय त्रिपाठी, कांग्रेस युवा नेता कलीमउल्ला, रामलीला कमेटी अध्यक्ष के.के. मिश्रा, उकाथू प्रधान कुवंर बहादुर सिंह, जुगेश सिंह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### सड़क दुर्घटना में महिला समेत चार घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित चार लोग घायल हो गये, सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पड़ोसी जनपद महोबा धरौन निवासी रामप्रकाश अपने साथ में उसके माता पिता कमला पत्नी रघुवीर, रघुवीर पुत्र हरिराम बाइक में सवार होकर अपने गांव जा रहे थे तभी तब कपसा मौदहा मार्ग के बीच में चाट भट्टे के पास दो जानवर बीच सड़क में आपस में लड़ रहे थे तभी बाइक सवार ने अचानक बाइक का ब्रेक लगाया जिससे गाड़ी स्लिप हो गई सड़क सहित पर गिर उक्त तीनों लोग तड़पने लगे वहां से निकल रहे राहगीरों ने फोन करके बुलाया और सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां इलाज जारी है दूसरी घटना आशुतोष त्रिवेदी पुत्र चंद्रप्रकाश कस्बा निवासी अपने घर से बड़े चौराहा की ओर जा रहा था तभी स्टेट बैंक के पास बाइक स्लिप हो जाने से सड़क पर गिर घायल हो गया राहगीरों ने की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया इलाज जारी है।

### आत्महत्या का किया प्रयास

**मौदहा (हमीरपुर)।** अज्ञात कारणों के चलते एक अधेड़ युवक ने डाई पी कर जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की परिजनों ने आनन-फानन कस्बा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली क्षेत्र के पढोरी गांव निवासी रमेश कुमार पुत्र राम अवतार अज्ञात कारणों से डाई पीकर जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की रमेश को तड़पता देख परिजनों ने आनन फानन नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु भर्ती कराया।

### दबंग ने निर्माण कार्य तोड़ा

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी पवन प्रकाश पाठक की अध्यक्षता में थाना दिवस संपन्न हुआ। थाना दिवस में आई छह शिकायतो में मौके पर तीन शिकायत का निस्तारण किया। शनिवार को थाना दिवस में कोतवाली के सैदपुर गांव निवासी परशुराम उर्फ भूरा पुत्र गोविंदास ने बताया कि वह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास आवंटित हुआ था। अपनी निजी भूमि में मकान का निर्माण करा रहा है। बताया कि आरसीसी रोड को छोड़कर अपनी निजी भूमि में कॉलम भरकर बीम डाल चुका था। शनिवार की दोपहर करीब बारह बजे मोहल्ले का एक व्यक्ति आया और रोड से एक फुट छोड़कर अपने पिलर खड़े करने के लिए कहने लगा। जब उसने कहा कि सड़क छोड़कर ही वह निर्माण कार्य करा रहा है। आरोप लगाया कि इतना कहने पर उक्त व्यक्ति गाली गलौज करने लगा और उसकी बीम तोड़ दी। पीड़ित ने थाना दिवस में शिकायत कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। थाना दिवस में सीओ पीके सिंह, कोतवाल भरत कुमार, नायब तहसीलदार प्रमित सचान सहित कानूनगो, लेखपाल मौजूद रहे।

### मायके वालों ने ससुरालजनों पर लगाया बहन की हत्या का आरोप, पुलिस को दी तहरीर

**पुखरायां कानपुर देहात।** भोगनीपुर थाना क्षेत्र के सुजगवां गांव निवासी युवक ने अपनी बहन की हत्या का आरोप ससुराल जनों पर लगाते हुए थाने में तहरीर दी है पुलिस ने बताया कि मामले की जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। थाना क्षेत्र के सुजगमा गांव निवासी राजेंद्र पुत्र कैलाश नाथ दौहरे ने बताया कि उसने अपनी बहन सोनी की शादी मंगरोल निवासी सुशील के साथ की थी शादी 8 वर्ष पूर्व हुई थी सोनी के भाई राजेन्द्र ने बताया कि शादी के बाद से ही पति सुशील ससुर सरजू उर्फ बड़े सास गीता आए दिन सोनी को परेशान करते थे कई बार घर में जाकर पंचायत दिखी लेकिन बार.बार दहेज के लिए परेशान करते थे ।गाली गलौज करते थे वह आए दिन मारपीट करते थे 3 दिन पूर्व सोनी को पति सुशील ससुर सूरज उर्फ बड़े सास गीता ने कमरे में बंद कर तीनों ने हाथ पैर पकड़ कर गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी सोनी के छोटे बच्चों ने घटना की घटना को करते हुए देखा। बच्चों ने बताया कि तीनों ने मिलकर मां सोनी की हत्या की है मृता का सोनी के भाई राजेन्द्रे ने बताया कि पुलिस को तहरीर दी है लेकिन अभी तक एफआई आर दर्ज नहीं हुई है ।थाने के इंस्पेक्टर जीतेंद्र सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रेन की चपेट में आने से गोवंशों की हुई मौत

**फर्रुखाबाद।** थाना कमालगंज क्षेत्र में फर्रुखाबाद कानपुर रेल मार्ग पर शेखपुर गुमटी संख्या 138 सीके, के पास सुबह करीब 6. 00 बजे फर्रुखाबाद से कानपुर जा रही पैसेंजर ट्रेन टकराकर 4 गोवंशों की मौत हो गयीं। मृत गोवंशों के शरीर को कुत्तों ने अपना निवाला बनाया ,नोच नोच कर खाया। मौके पर पहुंचे अब्दुल जब्बार कानपुर मंडल अध्यक्ष अखिल भारतीय महासंघ गौ रक्षक दल ने मामले की सूचना अधिकारियों को दी। वही गौ रक्षक दल के अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि अभी तक यहां पर करीब 200 गाय की मृत्यु चुकी है लेकिन प्रशासन की तरफसे रेलवे ट्रैक पर बैरिकेडिंग नहीं कराई गई है। सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी वीडीओ कमालगंज को दी। सूचना मिलने पर खंड विकास अधिकारी कमालगंज आलोक आर्य ने जेसीबी मंगवाकर मृत गायों को जमीन में गड्ढा खोदकर दफनाया।

### डीएम ने सीएचसी हुसैनगंज का किया निरीक्षण, परखे हालत

**हुसैनगंज (फतेहपुर)।** समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हुसैनगंज का जिलाधिकारी श्रुति ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ने ओ0पी0डी0 रजिस्टर, उपस्थित रजिस्टर, एक्सरे कक्ष, इंजेक्शन कक्ष, प्रसव कक्ष, क्षय रोग कक्ष आदि को देखा। उन्होंने ने मौके पर उपस्थित मरीजो से केन्द्र में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली । मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि पंजीयन केंद्र में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत बनाये गये गोल्डेन कार्ड के लाभार्थियों की सूची व शेष बचे लाभार्थियों की सूची के साथ आयुष्यमान मित्र बैठाया जाय ताकि गोल्डेन कार्ड के लाभार्थियों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न रह सके साथ ही बचे हुये लाभार्थियों का गोल्डेन कार्ड बनाया जाय। साथ ही क्षय रोग के 53 मरीज पंजीकृत है, कि निरंतर निगरानी की जाय और मरीजो को मिलने वाली सभी स्वास्थ्य सुविधाओं को तत्परता के साथ मरीजो को मुहैया कराया जाय। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सहित सम्बन्धित उपस्थित रहे।

### टीकापुर गांव में बिजली आई नहीं, चार साल का बिल थमाया

**हमीरपुर।** मुस्करा क्षेत्र के टीकापुर गांव में विभाग ने विजली पोल,तार खीचे बिना ही ग्रामीणो को चार साल का बिल थमा दिया,बाद में विभाग ने अपनी त्रुटि स्वीकार करते हुये बिल की धनराशि कम की है। विभाग के अधीक्षण अभियंता(एसई) ने जांच कराने का आश्वासन दिया है। गांव के रामबली,सलामत,शिवमोहन,राजेश ,कृपाल ने बताया कि विजली बिभाग ने वर्ष 2014 में बजेहटा में कैम्प लगाकर ग्रामीणों को विद्युत कनेक्शन देने का आश्वासन दिया था मगर चार साल बाद भी विभाग ने कोई कार्यवाही नही की,बाद में वर्ष 2019 में विभाग ने ग्रामीणों को कनेक्शन दिया मगर पिछले चार साल का बिल भी उसी विल में जोड़ कर ग्रामीणों को लाखो रुपये के विल हाथ में थमा दिया जिससे ग्रामीणों ने घबराकर भाजपा नेता कृष्णा निषाद से मिलकर बिभाग के उच्चाधिकारियों से बात की,उच्चाधिकारियों ने मामला सुनकर अपना मत्था ठोक लिया। भाजपा नेता का कहना है कि विजली विभाग में ग्रामीणों के साथ धोखाधड़ी की जाती है हालाकि विभाग ने बाद में ग्रामीणों का बिल कम कर उनसे वसूली की है।

# प्रदर्शनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का संजीव चित्रण : जिलाधिकारी

संवाददाता। कानपुर देहात

**सूचना** एवं जनसंपर्क विभाग के द्वारा कानपुर देहात के कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का जिलाधिकारी नेहा जैन ने फीता काटकर उदघाटन किया। उदघाटन के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा राज्य व केन्द्र सरकार की लाभकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि प्रदर्शनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का संजीव चित्रण है। प्रदर्शनी से आम जनमानस को सरकार की योजनाओं की पूर्ण जानकारी मिल सकेगी और समस्त जनता को संदेश भी दिया कि जनता अधिक से अधिक आकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करे एवं अन्य व्यक्तियों को भी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी हमे प्रदेश के आर्थिक विकास के दर्शन कराती है। इससे जनसामान्य भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं में संबंध में जान सकेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन के केशव नाथ गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया, जिला सूचना अधिकारी नरेंद्र मोहन, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में पत्रकार बन्धु व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सौदान हत्याकांड में दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**थाना** मऊदरवाजा पुलिस ने सौदान सिंह यादव हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने थाना शमशाबाद के ग्राम चिलसरा निवासी विकास सिंह पुत्र वीरू उर्फ वीरेंद्र सिंह 24 उम्र वर्ष एवं महताब पुत्र कल्लू उर्फ शमसुद्दीन उम्-26 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। दोनो हत्यारोपियों को बीती रात 2.30 बजे ग्राम अर्राहपहाड़पुर के तिराहे से गिरफ्तारी किया गया है।



पुलिस ने हत्यारोपी विकास के पास 8600 रुपए एवं हत्यारोपी महताब के पास से 7030 रुपए एवं हत्या के दौरान लूटे गए विवो मोबाइल फोन की बरामदगी की है। पुलिस के अनुसार दोनो आरोपियों ने लोहा पानी गांव के स्कूल के पास सौदान यादव के साथ मारपीट की थी उसी समय उसके रुपए व मोबाइल फोन छीन लिया था। सौदान काफी नशे में था हम लोगों ने उसे मारकर स्कूल के सामने खड़ंजा के किनारे गड्ढे में फेंक दिया था। हम लोग सौदान की मोटरसाइकिल पैशन प्रो को लेकर बरेली चले गए थे। अधेड़ सौदान सिंह यादव की बेरहमी से हत्या की गई। 40 वर्षीय सौदान थाना मऊदरवाजा के ग्राम डाल का नगला निवासी था उसका शव सुबह पड़ोसी गांव लोहापानी की सड़क के किनारे खंती में पड़ा देखा गया। चेहरा बुरी तरह कुचला हुआ था चेहरे पर चोट के निशान से अनुमान लगाया गया था कि ईटों से चेहरे पर प्रहार किए गए। सौदान एक सप्ताह पूर्व घर से 30 हजार रुपए लेकर बाइक से थाना मेरापुर के ग्राम बीरबल नगला में भतीजी गुंजन के घर जाने की बात कह कर गया था। सौदान को तीन दिन पूर्व ग्राम संतोषपुर देसी शराब ठेके पर देखा गया। उसी दौरान सौदान ने मां रामवेटी को फोन किया था कि मैं आ गया हूं तभी से सौदान गायब था। थाना मऊदरवाजा पुलिस ने दो हत्या आरोपी लूटी गई नकदी व मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार कर सौदान सिंह यादव हत्याकांड का खुलासा कर दिया है।

## किशोरी के शव का कंकाल मिलने से पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं हो पायी स्पष्ट


**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली के औड़ेरा गांव में एक खेत पर मिले किशोरी के क्षत विक्षिप्त शव का दो चिकित्सकों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। क्षत विक्षिप्त हालत में शव मिलने से शरीर के अंदर के अधिकांश ओरगंस (अंग) गायब थे। शव पुराना होने के कारण सिर्फ हड्डियों का कंकाल ही बचा था। चिकित्सकों की टीम ने स्लाइड बना डीएनए टेस्ट भी कराया। जिसे जांच के लिए बाहर भेजा जाएगा। कंकाल मिलने से किशोरी के शव का ठीक से पोस्टमार्टम रिपोर्ट नही आ पाई है।

गांव निवासी किशोरी का शव शुक्रवार को गांव के बाहर एक खेत में झाड़ियों के किनारे मिला था। बताया जाता है कि शव पूरी तरह से क्षतविक्षित था। शरीर के अंदर के ओरगंस जंगली जानवरों द्वारा खा लिए गए थे। इससे यह सिद्ध नहीं हो पा रहा था कि किशोरी गर्भवती थी। शनिवार को दो चिकित्सकों के पैनल ने शव का वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम किया।

# छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षक ने योगा का गुर सिखाये

संवाददाता। उरई (जालौन)

**निदेशक** आयुर्वेद सेवायें लखनऊ, मिशन निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसाइटी, जिलाधिकारी चाँदनी सिंह के निर्देशन एवं डा. सत्येन्द्र पटेल क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी उरई के मार्गदर्शन में योग वेलनेस सेन्टर उरई नगर द्वारा जी 20- 2023 वसुधैव कुटुम्बकम के अंतर्गत एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन डीएवी इण्टर कॉलेज उरई में किया गया जिसमें योग प्रशिक्षक अरविन्द कुशवाहा, श्रद्धा दुबे द्वारा योगाभ्यास कराया गया। विद्यालय के छात्र, छात्राओं एवं शिक्षकों को जी 20- 2023 वसुधैव कुटुम्बकम को ध्यान में रखते हुए। योग शिविर हुआ जिसमें छात्र, छात्राओं को सूक्ष्म-व्यायाम, आसन, प्राणायाम का अभ्यास कराया गया आसन एवं प्राणायाम की विस्तृत रूप से जानकारी दी। योग प्रशिक्षक अरविन्द कुशवाहा, श्रद्धा दुबे ने बताया कि वसुधैव कुटुम्बकम सनातन धर्म मूलसंस्कार एवं विचारधारा है जिसके अंतर्गत पूरी दुनिया एक ही परिवार है। योग शिविर में 185 छात्र, छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार पाण्डेय एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।




## नेत्रहीन आवासीय विद्यालय में लगाया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**उरई।** निदेशक आयुर्वेद उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी चाँदनी सिंह एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सत्येन्द्र पटेल के मार्गदर्शन में शनिवार को राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बबीना द्वारा लुई ब्रेल नेत्रहीन आवासीय विद्यालय उरई में आयुष आपके द्वार के अंतर्गत आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्साधिकारी डॉ. सुलेखा वर्मा द्वारा 280 रोगियों का परीक्षण किया गया तथा पूर्व फर्मासिस्ट वीर सिंह ने 5 से 7 दिन की नि:शुल्क औषधि प्रदान की गई चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी चंद्रपाल का सहयोग रहा। शिविर में मुख्य रूप से ज्वर, कास, प्रतिश्याय, संधि शूल, उदर विकार, त्वचा रोग के रोगियों ने स्वाथ्य लाभ लिया।

# राष्ट्रपति चुनावः प्रचंड सरकार पर संकट

## नेपाली कांग्रेस के उम्मीदवार पौडेल को आठ दलों का समर्थन

भाषा। काठमांडू

**नेपाली कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता रामचंद्र पौडेल का राष्ट्रपति पद के लिए आठ राजनीतिक दलों ने समर्थन किया, जिससे उनका इस शीर्ष पद के लिए निर्वाचित होना लगभग तय हो गया है। हालांकि इस घटनाक्रम से प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की दो महीने पुरानी सरकार के लिए राजनीतिक संकट खड़ा हो सकता है। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की पार्टी सीपीएन–माओवादी सेंटर (सीपीएन–एमसी) ने गठबंधन सरकार में सहयोगी के पी शर्मा ओली के प्रत्याशी से किनारा कर विपक्षी नेपाली कांग्रेस के नेता पौडेल का इस शीर्ष पद के लिए समर्थन किया है। पौडेल नौ मार्च को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में सीपीएन (एमाले) के उम्मीदवार सुबास नेमवांग के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। पौडेल (78) और नेमवांग (69) ने शनिवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। पौडेल के राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी का उत्तराधिकारी बनने की प्रबल संभावना है क्योंकि आठ दलों, नेपाली कांग्रेस, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएन)–माओवादी सेंटर, सीपीएन–एकीकृत समाजवादी, राष्ट्रीय जनता पार्टी, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनमोर्चा, नागरिक उन्मुक्ति पार्टी और जनमत पार्टी ने उनके पक्ष में मतदान करने का फैसला किया है। पौडेल की उम्मीदवारी का प्रस्ताव नेपाली कांग्रेस अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा, सीपीएन (एकीकृत समाजवादी) के अध्यक्ष माधव कुमार नेपाल, माओवादी केंद्र के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण काजी श्रेष्ठ, जनता समाजवादी पार्टी के संघीय परिषद अध्यक्ष अशोक राय और जनमत पार्टी के अब्दुल खान ने रखा था। आठ राजनीतिक दलों के समर्थन से पौडेल की चुनाव में जीत लगभग तय है। मौजूदा राष्ट्रपति भंडारी का कार्यकाल 12 मार्च को समाप्त होगा। राष्ट्रपति चुनाव ने सात दलों के सत्तारूढ़ गठबंधन के भविष्य पर एक गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। पिछले साल नवंबर में संसदीय चुनाव हुए थे, लेकिन किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला था और इसके बाद प्रचंड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार बनी थी। नेपाल ने वर्षों से राजनीतिक उथल–पुथल देखी है क्योंकि कोई भी पार्टी स्थिर सरकार प्रदान करने में सफल नहीं हुई है।



प्रचंड (68) ने पिछले साल 26 दिसंबर को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी, जब उन्होंने नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले चुनाव पूर्व गठबंधन से बाहर निकलकर विपक्ष के नेता ओली से हाथ मिला लिया था। इस बीच प्रधानमंत्री प्रचंड को शनिवार को एक झटका तब लगा जब नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी ने शनिवार को घोषणा की कि वह पौडेल को प्रचंड के समर्थन के कारण सरकार से बाहर हो जाएगी। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) के अध्यक्ष और उप प्रधानमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री राजेंद्र लिंगडेन समेत पार्टी के चार मंत्रियों ने प्रधानमंत्री प्रचंड को अपना इस्तीफा भी सौंप दिया। दोनों पार्टियों ने गठबंधन सरकार से समर्थन वापस लेने की आधिकारिक घोषणा अभी नहीं की है। यदि वे ऐसा करते हैं, तो प्रचंड को एक महीने के भीतर संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल करना होगा। नेपाली राष्ट्रपति का चुनाव 882 उम्मीदवार करेंगे, जिनमें से 332 सदस्य संसद के हैं, जबकि बाकी 550 सदस्य सात प्रांतीय विधानसभाओं के हैं। संसद के एक सदस्य का मत मूल्य 79 है, जबकि प्रांतीय विधानसभा के एक सदस्य का राष्ट्रपति चुनाव में मत मूल्य 48 है।

## प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करता पाकिस्तानी नागरिक का वीडियो प्रसारित

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के एक यू ट्यूबर से बातचीत में वहां के नागरिक द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खुले दिल से की गई प्रशंसा का वीडियो दोनों देशों में तेजी से प्रसारित हो रहा है। सना अमजद के यू ट्यूब चैनल से बातचीत में पाकिस्तानी नागरिक ने कहा कि वह दुआ करता है कि उसके देश को भी मोदी जैसा नेता मिले। यह वीडियो प्रसारित होने के बाद उक्त पाकिस्तानी नागरिक ने एक दूसरे साक्षात्कार में यू ट्यूबर से कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री के साथ दोस्ती से उसके देश के हालात भी सुधरेंगे। उस व्यक्ति ने बताया कि पहले साक्षात्कार के बाद कुछ लोगों ने कहा कि पाकिस्तानी होने के नाते उन्हें ऐसा नहीं कहना चाहिए था, लेकिन उसने जोर देकर कहा कि वह मोदी की प्रशंसा के रुख पर अब भी कायम है। व्यक्ति ने कहा कि मोदी अपने देश को पिछले आठ साल में नई ऊंचाई पर ले गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले पाकिस्तान और भारत की तुलना की जाती थी लेकिन अब तुलना लायक स्थिति नहीं है। भारतीय विदेश में भी शानदार काम कर रहे हैं।

## ब्लिंकन भारत में जी20 के विदेश मंत्रियों व क्वाड की बैठकों, रायसीना वार्ता में हिस्सा लेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन अगले सप्ताह अपनी भारत यात्रा के दौरान रायसीना वार्ता में भाग लेने के अलावा जी-20 समूह के विदेश मंत्रियों और क्वाड की महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लेंगे, साथ ही वह अपने भारतीय समकक्ष विदेश मंत्री एस. जयशंकर से द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भारत ने पिछले साल एक दिसंबर को जी-20 समूह की अध्यक्षता संभाली है। शीर्ष अमेरिकी राजनयिक एक मार्च से तीन मार्च तक नई दिल्ली की तीन-दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। आर्थिक एवं कारोबारी मामलों के सहायक विदेश मंत्री रामिन टोलौई ने यहां संवाददाताओं से कहा, भारत की जी-20 की अध्यक्षता वर्ष के तहत ब्लिंकन दिल्ली की यात्रा को लेकर आशान्वित है। भारत की जी-20 की अध्यक्षता को सफल बनाने और इस उद्देश्य से उसके कार्य में हरसंभव मदद को लेकर हम आशान्वित है। साझा चुनौतियों की कोई कमी नही है और इनके समाधान के लिए हम अन्य जी-20 सदस्य देशों के साथ अपनी भागीदारी प्रगाढ़ करना चाहते है। दक्षिण एवं मध्य एशिया के लिए सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने कहा कि विदेश मंत्री नई दिल्ली मे अपने प्रवास के दौरान अपने भारतीय समकक्ष एस. जयशंकर से मुलाकात करेंगे।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान**
लेन नं0–1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड़, देहरादून–248001

पत्रांक : 5589/ई–निविदा सूचना/2022–23 — **ई–निविदा सूचना** — दिनांक: 25.02.2023

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के कार्यों हेतु ई–निविदा, टू–बिड सिस्टम (तकनीकी बिड एवं कॉमर्शियल बिड) के आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं :–

| निविदा क्रसं. | विकास खण्ड | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | डोईवाला | चक जोगीवाला पेयजल योजना में उर्ध्व जलाशय निर्माण, नलकूप अधिष्ठापन, राईजिंग मेन, पाइप लाइन बिछाने, पम्पिंग प्लांट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 490150.00 | 4000+GST | 09 माह | ए0 एवं उच्चतर |
| 2 | डोईवाला | साहब नगर पेयजल योजना में नलकूप अधिष्ठापन, उर्ध्व जलाशय निर्माण, राईजिंग मेन एवं वितरण पाइप लाइन बिछाने पम्पिंग प्लांट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 296250.00 | 4000+GST | 09 माह | सी0 एवं उच्चतर |
| 3 | चकराता | रायगी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 355100.00 | 4000+GST | 09 माह | बी0 एवं उच्चतर |
| 4 | चकराता | बृनाड़–बास्तिल पेयजल योजना में नलकूप अधिष्ठापन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 424250.00 | 4000+GST | 09 माह | बी0 एवं उच्चतर |
| 5 | चकराता | जोगियो पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 367500.00 | 4000+GST | 09 माह | बी0 एवं उच्चतर |
| 6 | चकराता | लोहारी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 343800.00 | 4000+GST | 09 माह | बी0 एवं उच्चतर |

निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् हैं।

| क्र0सं0 | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि। | 28.02.2023 at 11:00 Hrs |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि। | 28.02.2023 at 11:00 Hrs |
| 3 | प्री–बिड मीटिंग की तिथि। | 03.03.2023 at 11:00 Hrs |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि। | 09.03.2023 at 11:00 Hrs |
| 5 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 14.03.2023 upto17:00 Hrs |
| 6 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज। | 14.03.2023 upto17:00 Hrs |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि। | 15.03.2023 at 11:00 Hrs |
| 8 | वित्तीय निविदा खेलने की तिथि। | सूचना पृथक से दी जायेगी। |

ई–निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्तें उत्तराखण्ड राज्य की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाइन देखी/प्राप्त की जा सकती हैं।

"जल संचय–जीवन संचय" — अधिशासी अभियन्ता


## पाकिस्तान में तीन वाहनों के आपस में टकराने की घटना में 13 लोगों की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत मे मुल्तान-सुक्कुर राजमार्ग पर तीन वाहनो के आपस मे टकराने की घटना में कम से कम 13 लोगो की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक व्यक्ति घायल हो गए। बचाव कार्य मे शामिल एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि रहीम यार खान शहर के पास शुक्रवार की रात एक एसयूवी ने एक बस को टक्कर मार दी, जिसके कारण बस एक अन्य वैन से टकरा गई। उन्होने कहा कि दुर्घटना के दौरान वैन का एक टायर फटने के कारण वह राजमार्ग पर पलट गई, जिससे कई लोगो की जान चली गई।


## धोखाधड़ी के मामले में भारतीय–अमेरिकी को 51 महीने की जेल की सजा

**न्यूयॉर्क।** दक्षिण कैरोलिना मे 22 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी युवा को भारत में कॉल सेंटरों का उपयोग करके अमेरिका मे बुजुर्गों को मेल भेजकर धोखाधड़ी की साजिश रचने के लिए 51 महीने की जेल की सजा सुनाई गई। एक आधिकारिक बयान से इस बात की जानकारी मिली। वर्जीनिया के पूर्वी जिले के अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय के बयान मे कहा गया है दक्षिण कैरोलिना का जील पटेल फरवरी 2020 से जून 2020 तक एक अंतरराष्ट्रीय धोखाधड़ी की साजिश मे शामिल था और भारत मे कॉल सेंटरो का उपयोग कर बुजुर्गो को अनुचित रूप से निशाना बनाता था। बयान मे कहा गया है कि अदालती दस्तावेजो के अनुसार, ए कॉल सेंटर स्वचालित रोबोकॉल का उपयोग करके पीड़ितो से संपर्क करते थे।

## भारत, ब्रिटेन के वित्त मंत्रियों ने सहमति जताई

**लंदन।** भारत और ब्रिटेन ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए चल रही बातचीत को आगे बढ़ाने तथा अगला द्विपक्षीय आर्थिक और वित्त संवाद जल्द आयोजित करने पर सहमति जताई। ब्रिटेन की सरकार ने शनिवार को यह बात कही। ब्रिटेन के वित्त मंत्री जेरेमी हंट जी-20 की भारत की अध्यक्षता के तहत इस समूह के सदस्य देशो के वित्त मंत्रियो और केंद्रीय बैंक गर्वनरो की बैठक मे शामिल होने भारत आए थे।

# जी–7 देशों के नेताओं ने रूस से यूक्रेन में लड़ाई बंद करने का किया आह्वान



भाषा। वाशिंगटन

**जी–7 देशों के** नेताओं ने शुक्रवार को रूस से यूक्रेन में अपनी लड़ाई खत्म करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रों की संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता के मौलिक सिद्धांतों तथा मानवाधिकार के प्रति सम्मान पर हमला है। जी–7 में कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। जी–7 के नेताओं की वर्चुअल बैठक के बाद इस समूह ने एक संयुक्त बयान में कहा कि रूस की गैर जिम्मेदाराना परमाणु हमले संबंधी बयान अस्वीकार्य हैं तथा उसे रासायनिक, जैविक, विकिरण या परमाणु हथियारों के इस्तेमाल करने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। यह बैठक अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुलाई थी। जी–7 देशों के नेताओं ने इस समूह के बीच विभिन्न कदमों के अनुपालनाक्रियान्वयन तथा रूस को इस समूह के आर्थिक फायदों से रूस को वंचित रखने के लिए प्रवर्तन समन्वय तंत्र की स्थापना की घोषणा की। यह सुनिश्चित करने के लिए हम अपना प्रयास जारी रखेंगे कि रूस यूक्रेन के दीर्घकालिक पुनर्निर्माण का भार उठाए। रूस ने यूक्रेन के विरूद्ध जो लड़ाई छेड़ रखी है तथा वह अहम बुनियादी ढांचों पर और अन्य तरह का जो भी नुकसान उसे पहुंचा रहा है, उसकी पूरी जिम्मेदारी वह उठाए। यूक्रेन युद्ध के एक साल होने पर अमेरिका रूस के आय वाले कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की घोषणाएं कर रहा है। व्हाइट हाउस ने कहा, इसके परिणामस्वरूप रूस और रूस के बाहर के 200 से अधिक लोगों और संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाए जाएंगे जो रूस के युद्ध का समर्थन कर रहे हैं। अमेरिका रूस के कुछ वित्तीय संस्थानों, उससे जुड़े भागीदारों, रूसी अधिकारियों तथा यूक्रेन में अवैध तरीके से संचालित कई अन्य संस्थाओं के खिलाफ पाबंदी की भी घोषणाएं करेगा।

## जेलेंस्की चाहते हैं कि रूस पर और पाबंदियां लगे



**कीव,।** रूस के आक्रमण के सालभर बाद भी यूक्रेन में लड़ाई जारी है और यूक्रेनी अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि देश के पूर्वी और दक्षिण हिस्सों में शहरों पर रूस ने दर्जनों नए हमले किए। शुक्रवार को यूक्रेन में इस विषय पर लंबा संवाददाता सम्मेलन हुआ। उसके अगले दिन यूक्रेन के हार नहीं मानने वाले राष्ट्रपति ने वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्होंने कहा, रूस को यूक्रेन में हारना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि इस साल उसके सैनिकों को हार का मुंह देखना पड़ सकता है। एक अन्य ट्वीट में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस पर और प्रतिबंधात्मक दबाव बनाने की अपील की। उससे पहले ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ ने रूस के वित्त मार्ग को बंद करने के लिए नए कदमों की घोषणा की थी। जेलेंस्की ने कहा, रूसी आक्रांता पर दबाव बढना ही चाहिए। यूक्रेन रूस के सरकारी परमाणु निगम रोसाटोम और रूसी परमाणु उद्योग के खिलाफ निर्णायक कदम तथा उसके सैन्य एवं बैकिंग पर और दबाव देखना चाहता है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस सप्ताह कहा कि रोसाटोम और रक्षा मंत्रालय को यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है कि रूस , यदि जरूरी हो तो, परमाणु हथियार परीक्षण बहाल करे।


**सार्वजनिक सूचना**

मैं दिनेश कुमार गोयल पुत्र स्व. श्री तिलक चंद गोयल, निवासी 8/43, द्वितीय तल, साउथ पटेल नगर, नई दिल्ली–110008, ने अपनी अवयस्क पुत्री का नाम सभी भावी प्रयोजनों हेतु यशिका गोयल (YEASHIKA GOEL) से बदल कर यशिका गोयल (YASHIKA GOEL) रख लिया है।



**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

**I, Firoza Begum W/o Mohd** Naseem, R/o. 8949, Naya Mohalla, Pul Bangash, Delhi-110006 have declared that my name has been wrongly mentioned in my Passport as Feeroza and my correct name is Firoza Begum.

PD(90280)A

**I, Deepanshu Arora, S/o.** Sunder Lal, R/o. H no.9/2211, Gali no-10, Kailash Nagar, Gandhi Nagar, Delhi-110031, have declared that my father name has been wrongly mentioned in my 10th and 12th Marksheet /Certificate as Sunder Arora instead of Sunder Lal.

PD(90281)A



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
लेन नं0–1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून–248001
Phone No/Fax. 0135 2671940
Mail ID- eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक : 5588/ई–निविदा सूचना/2022–23 — **ई–निविदा सूचना** — दिनांक : 25/02/2023

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के कार्यों हेतु ई–निविदा, सिंगल बिड के आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है :–

| निविदा क्र.सं. | विकास खण्ड | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा का मूल्य (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कालसी | नराया पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 73000.00 | 2500+GST | 06 माह | डी0 एवं उच्चत्तर |
| 2 | कालसी | छटोऊ पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 60000.00 | 2000+GST | 06 माह | डी0 एवं उच्चत्तर |
| 3 | कालसी | खणी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 81000.00 | 3000+GST | 06 माह | डी0 एवं उच्चत्तर |
| 4 | कालसी | व्यास भूड, व्यास नहरी पेयजल योजना में नलकूप अधिष्ठापन, राजजिंग मेन, पाइप लाइन बिछाने एवं पम्पिंग प्लान्ट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 177800.00 | 4000+GST | 09 माह | सी0 एवं उच्चत्तर |
| 5 | चकराता | खबऊ पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 194700.00 | 4000+GST | 06 माह | सी0 एवं उच्चत्तर |

निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् है।

| क्र.सं. | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि। | 28.02.2023 at 11:00 Hrs. |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि। | 28.02.2023 at 11:00 Hrs. |
| 3 | प्री–बिड मीटिंग की तिथि। | 03.03.2023 at 11:00 Hrs. |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि। | 09.03.2023 at 11:00 Hrs. |
| 5 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 14.03.2023 upto 17:00 Hrs. |
| 6 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज। | 14.03.2023 upto 17:00 Hrs. |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि। | 15.03.2023 at 11:00 Hrs. |
| 8 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि। | सूचना पृथक से दी जायेगी। |

ई–निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्तें उत्तराखण्ड राज्य की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाइन देखी/प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता



**Piramal Capital & Housing Finance**

**पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड**
(पूर्वतः दीवान हाउसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के नाम से ज्ञात) सीआईएन : L65910MH1984PLC032639
पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई – 400 070–टी +91 22 3802 4000
शाखा पता : प्लॉट नंबर 6, ब्लॉक ए, सेक्टर–2, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201 301
सम्पर्क व्यक्ति : 1. निशांत गौतम – 9899216466 2. नवीन कपूर – 9810854841 3. रोशन सावंत – 9833143013

**ई–नीलामी बिक्री सूचना–नई बिक्री**

पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः डीएचएफएल के नाम से ज्ञात) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर्जदार/रों से बकाया राशि की वसूली के लिए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अधोहस्ताक्षरी द्वारा यहां नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति का कब्जा लिए जाने के अनुसरण में उसके "जैसा है जहां है आधार" "जो है जैसा है" तथा "जो भी है वहां है आधार" पर क्रय हेतु ऑफर्स आमंत्रित हैं। सम्पत्ति का विवरण नीचे दिया गया है।

| ऋण कोड/शाखा/कर्जदार(रों)/सह– कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम | मांग सूचना तिथि एवं राशि | सम्पत्ति पता–अंतिम | सुरक्षित मूल्य | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (आरपी की 10 प्रतिशत) | कुल बकाया राशि (15–02–2023) |
|---|---|---|---|---|---|
| (ऋण कोड संख्या 09600001035, नई दिल्ली वेस्ट (शाखा),राजेन्द्र गुप्ता (कर्जदार), सुमित्रा गुप्ता (सह कर्जदार 1) | 12–05–2021, रू. 11,26,350/– (रूपए ग्यारह लाख छब्बीस हजार तीन सौ पचास मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : लैट नंबर 32, तृतीय तल, ब्लॉक सी 3, पाकेट–2, सेक्टर जी 2, नरेला, दिल्ली, नई दिल्ली–110040 | रू. 12,30,000/– (रू. बारह लाख तीस हजार मात्र) | रू. 1,23,000/– (रू. एक लाख तेईस हजार मात्र) | रू. 11,58,011.44/– (रू. ग्यारह लाख अठ्ठावन हजार ग्यारह तथा पैसे चौवालीस मात्र) |
| (ऋण कोड संख्या 27300000096, द्वारका (शाखा), इमरान आलम (कर्जदार), आसिया परवीन (सह कर्जदार 1) | 12–05–2021, रू. 13,62,079/– (रूपए तेरह लाख बासठ हजार उनासी मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : लैट नंबर 47, प्रथम तल, ब्लॉक ई 6, पाकेट–3, सेक्टर जी 8, नरेला, दिल्ली, नई दिल्ली–110040 | रू. 9,90,000/– (रू. नौ लाख नब्बे हजार मात्र) | रू. 99,000/– (रू. निन्यानवे हजार मात्र) | रू. 13,73,771.14/– (रू. तेरह लाख तिहत्तर हजार सात सौ इकहत्तर तथा पैसे चौदह मात्र) |
| ऋण कोड संख्या : 26600001133, दिल्ली राजौरी गार्डन (शाखा) अनुज कुमार (कर्जदार) पुतुल कुमारी (सह कर्जदार 1) | 28–06–2021, रू. 21,02,252/– (रूपए इक्कीस लाख दो हजार दो सौ बावन मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : आरजैड–13 न, द्वितीय तल (बैक आरएचएस) खसरा नंबर 619, ग्राम नसीर पुर कैलाश पुरी, पालम कालोनी, दिल्ली, नई दिल्ली–110045 चौहद्दी – उत्तर : 14 फीट चौड़ी गली, दक्षिण : सम्पत्ति का हिस्सा और आगे अन्य सम्पत्ति, पूरब : सम्पत्ति का हिस्सा और आगे 20 फीट रोड, पश्चिम : अन्य की सम्पत्ति | रू. 15,10,000/– (रू. पंद्रह लाख दस हजार मात्र) | रू. 1,51,000/– (रू. एक लाख इक्यावन हजार मात्र) | रू. 21,24,070.14/– (रू. इक्कीस लाख चौबीस हजार सत्तर तथा पैसे चौदह मात्र) |
| ऋण कोड संख्या : 26600000690, दिल्ली राजौरी गार्डन (शाखा) सुनील नागर (कर्जदार) रितु देवी (सह कर्जदार 1) | 20–02–2020, रू. 19,48,348/– (रूपए उन्नीस लाख अड़तालीस हजार तीन सौ अड़तालीस मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सी–10 एवं सी–10 ए, तृतीय तल, मय छत, फ्रंट साइड, खसरा नंबर 836, ब्लॉक एच, आनंद विहार, उत्तम नगर, दिल्ली, नई दिल्ली–110059 चौहद्दी – उत्तर : 10 फीट गली, दक्षिण : 20 फीट रोड, पूरब : प्लॉट नंबर सी 11, पश्चिम : अन्य | रू. 14,90,000/– (रू. चौदह लाख नब्बे हजार मात्र) | रू. 1,49,000/– (रू. एक लाख उन्चास हजार मात्र) | रू. 21,58,889.48/– (रू. इक्कीस लाख अठ्ठावन हजार आठ सौ नवासी तथा पैसे अड़तालीस मात्र) |
| ऋण कोड संख्या : 24900001380, दिल्ली जनकपुरी (शाखा) नरेन्द्र कुमार चौरसिया (कर्जदार) दीपक कुमार चौरसिया (सह कर्जदार 1) | 21–10–2021, रू. 14,34,068/– (रूपए चौदह लाख चौंतीस हजार अड़सठ मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : डब्ल्यूजैड–1–ए, द्वितीय तल, छत नहीं, प्लॉट नंबर 33, गली नंबर 1, खसरा नंबर 16/24, ग्राम केशोपुर, न्यू साहिब पुरा, दिल्ली, नई दिल्ली–110018 चौहद्दी – उत्तर : अन्य सम्पत्ति, दक्षिण : गली एवं प्रवेश, पूरब : सम्पत्ति सं. डब्ल्यूजैड–1–ई, पश्चिम : प्लॉट का हिस्सा | रू. 13,20,000/– (रू. तेरह लाख बीस हजार मात्र) | रू. 1,32,000/– (रू. एक लाख बत्तीस हजार मात्र) | रू. 14,64,292.38/– (रू. चौदह लाख चौंसठ हजार दो सौ बानवे तथा पैसे अड़तीस मात्र) |

ई–नीलामी की तिथि : 29–03–2023, पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक (5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार के साथ) बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 28–03–2023, अप. 4.00 बजे से पूर्व

नीलामी के नियम और शर्तें :

बिक्री निम्नवर्णित नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी :–

1. सम्पति सुरक्षित मूल्य से नीचे नहीं बेची जाएगी।
2. एकल बोलीदाता के मामले में, बोलीदाता/क्रेता को 3 करोड़ तक आरपी की सम्पत्ति के लिए रू. 10,000/– की न्यूनतम बोली वृद्धि के साथ बोली लगानी होगी और 3 करोड़ से अधिक आरपी की सम्पत्ति के लिए न्यूनतम बोली वृद्धि रू. 1,00,000/– होगी।
3. नीलामी/बोलीदान केवल सेवा प्रदाता अर्थात कम्पनी नाम : सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, प्रतिनिधि का नाम : श्री धरणी कृष्ण ; सम्पर्क नंबर : 9948182222 ; साइट : https://www.bankeauctions.com के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड" द्वारा होगी।
4. यहां इसमें उपरोक्त अनुसूची में प्रतिभूत आस्तियों के पर्याप्त विवरण शामिल करने का ध्यान रखा गया है। इस उद्घोषणा में हुई या होनेवाली किसी त्रुटि, मिथ्या कथन या चूक के लिए प्राधि.त अधिकारी उत्तरदायी नहीं होंगे।
5. इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोलियां जमा करने और ई–नीलामी बिक्री कार्यवाहियों में भाग लेने से पहले ई–नीलामी बिक्री के लिए निर्धारित विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए पोर्टल https://www.bankeauctions.com देखें और सम्पत्ति के समक्ष यहां इसमें ऊपर वर्णितानुसार संबंधित सम्पत्ति हेतु संबंधित प्राधि.त अधिकारी से संपर्क करें।
6. नीलामी का प्रारंभ आरक्षित मूल्य से अधिक होनेवाले एक वृद्धिदान पर होगा और बोलीदातागण यहां इसमें ऊपर बताई गई न्यूनतम वृद्धिशील राशि के साथ अपने प्रस्ताव में सुधार करके पारस्परिक बोली लगाने के लिए स्वतंत्र होंगे।
7. 10 प्रतिशत धरोहर राशि जमा (ईएमडी) डीडी 28–03–2023 को या उससे पहले सायं 4:00 बजे से पहले, पद्नामित खाते में 'पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में केवाईसी– क) भारत सरकार द्वारा जारी फोटोग्राफ और आवासीय पता युक्त पहचान तथा पैन कार्ड की स्व–सत्यापित सत्यप्रति, दस्तावेज की मूल प्रति संबंधित प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सत्यापन के लिए उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ख) इच्छुक बोलीदता का मोबाइल नंबर और ई–मेल पता, परिपूरित बोली प्रपत्र और निर्धारित निविदा प्रपत्रों में निविदा/सीलबंद बोली/ऑफर के साथ जमा करना होगा।
8. जिन बोलीदाताओं को लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई–बोली प्रक्रिया पर प्रशिक्षण आदि में सहायता की आवश्यकता है, वे श्री धरणी कृष्ण ; सम्पर्क नंबर : 9948182222 ; हेल्प लाइन ई–मेल आईडीः https://www.bankeauctions.com से संपर्क कर सकते हैं और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान पीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी – निशांत गौतम – 9899216466 से किसी भी कार्यदिवस को कार्यालय समय में संपर्क कर सकते हैं।
9. सक्षम क्षेत्राधिकार के किसी भी उच्च न्यायालय द्वारा बिक्री या वसूली की कार्यवाही की रोक के मामले में, नीलामी ऐसे आदेश के अनुपालन में बिना किसी भावी सूचना के स्थगित/निरस्त की जा सकती है और बिक्री में भाग लेने वाले व्यक्तियों को इस तरह के स्थगन/निरसन इत्यादि के लिए हर्जाना, मुआवजा या लागत का दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा।
10. केवल वैध यूजर आईडी और पासवर्ड धारक और डिमांड ड्राट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान की पुष्टि करनेवाले बोलीदाताओं को ऑनलाइन ई–नीलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। प्राधि.त अधिकारी किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। इसके अलावा, प्राधि.त अधिकारी बिना कोई कारण बताए नीलामी प्रक्रिया के समापन से पहले किसी भी समय नीलामी को स्थगित करने या रद्द करने या मुल्तवी करने या बंद करने या नीलामी की शर्तों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं और इस संबंध में उनका निर्णय अंतिम होगा।
11. सफल बोलीदाता को खरीद राशि का 25 प्रतिशत राशि का भुगतान उसके पक्ष में बोली छूटने से 24 घंटे के भीतर (पहले से भुगतान की गई बयाना राशि सहित) ऊपर खंड 7 में निर्धारित अनुसार करना होगा। खरीद मूल्य की शेष राशि का भुगतान उसी तरीके से करना होगा जैसा कि ऊपर निर्धारित किया गया है, और उन्हें सूचित किए गए अनुसार बिक्री की स्वी.ति/पुष्टि के 15 दिनों के भीतर करना होगा। चूक के मामले में, तब तक जमा की गई सभी राशियों को धरोहर राशि सहित जब्त कर लिया जाएगा।
12. बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जमा करने मात्र से सफल बोलीदाता अपने पक्ष में बिक्री की पुष्टि करने का हकदार नहीं होगा। बिक्री इस ई–नीलामी नोटिस पर लागू नियमों और शर्तों के अधीन होगी और उस प्रभाव के लिए प्रतिभूत लेनदार द्वारा पुष्टि की जाएगी।
13. असफल बोलीदाता की ईएमडी (ब्याज के बिना) ई–नीलामी बिक्री कार्यवाही बंद होने के तीसरे दिन वापस कर दी जाएगी।
14. ई–नीलामी के दौरान, यदि नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में कोई बोली लगाई जाती है, तो समापन समय स्वतः ही 5 मिनट के लिए बढ़ा दिया जाएगा।
15. बिक्री, पीसीएचएफएल द्वारा पुष्टि के अधीन है। यदि कर्जदार/गारंटर इस नोटिस के प्रकाशन से पहले पीसीएचएफएल को देय पूरी राशि का भुगतान कर देता है, तो कोई बिक्री नहीं की जाएगी।
16. सभी वैधानिक देय/अनुषंगी प्रभार/पंजीकरण शुल्क, स्टांप शुल्क, कर इत्यादि सहित अन्य देय राशि का भुगतान क्रेता को वहन करना होगा।
17. बिक्री प्रमाणपत्र, उच्चतम सफल बोली लगाने वाले को और उसी नाम से जारी किया जाएगा जिसमें बोली प्रस्तुत की जाती है।
18. संपत्ति, "जैसी है जहां है" और "जैसी है जो है" आधार पर बेची जा रही है और प्राधि.त अधिकारी या पीसीएचएफएल ई–नीलामी संपत्तियों के संदर्भ में, सरकार या किसी अन्य को किसी भी शुल्क, ग्रहणाधिकार, भार, या किसी अन्य देय राशि के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि वे बोली जमा करने से पहले संपत्ति कर, बिजली बकाया इत्यादि की वैधानिक देनदारियों सहित संपत्ति से संबंधित भार, खोज परिणामों और अन्य राजस्व अभिलेखों के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच कर लें और खुद को संतुष्ट कर लें।
19. ऊपर वर्णित संपत्तियों का प्रस्तावित बोलीदाताओं द्वारा निरीक्षण संबंधित शाखा प्रबंधक या प्राधि.त अधिकारी या इस प्रयोजन के लिए चिन्हित किसी अन्य अधिकारी के साथ भेंट का समय पूर्व निर्धारित कर, 28–03–2023 से पहले किसी भी कार्य दिवस को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक साइट पर किया जा सकता है।
20. पीसीएचएफएल के पास इस प्रकार प्राप्त किसी या सभी प्रस्ताव(वों) या बोली(लियों) को स्वीकार/अस्वीकार करने या बिना कोई कारण बताए बिक्री को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
21. यदि हिंदी संस्करण या अंग्रेजी संस्करण के प्रकाशन में कोई विसंगति पाई जाती है तो ऐसी स्थिति में व्याख्या के उद्देश्य के लिए अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। अंतिम मिनट और सेकंड में बोली लगाने वालों को अपने हित में ऐसे बोली लगाने से बचना चाहिए। विक्रेता की ओर से किसी भी विफलता/चूक (बिजली की विफलता, इंटरनेट विफलता आदि) के लिए न तो पीसीएचएफएल और न ही सेवा प्रदाता जिम्मेदार होगा। ऐसी स्थिति को रोकने के लिए बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्थाएं/विकल्प जैसे बैकअप बिजली आपूर्ति आदि की व्यवस्था करें ताकि वे ऐसी स्थिति को रोकने में सक्षम हों और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग लें।
22. यह उत्तरदायित्व सफल बोलीदाता का होगा कि वह उस स्थिति में, धारा 194 1–ए के तहत लागू 1 प्रतिशत की दर से टीडीएस जमा करे, यदि इस तरह के प्रतिफल के लिए जमा या भुगतान की गई राशि का योग रु. 50 लाख या अधिक होता है। टीडीएस को फॉर्म 26क्यूबी भरकर और फॉर्म 16बी में जारी किए जाने वाले टीडीएस प्रमाणपत्र को ऑनलाइन दाखिल किया जाना चाहिए। क्रेता को ई–नीलामी के 15 दिनों के भीतर सरकारी खाते में आयकर जमा किए जाने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

कर्जदार/गारंटर/बंधकदाता को सरफासी ऐक्ट के तहत बिक्री के संबंध में 30 दिन कानूनी नोटिस

उपरोक्त उल्लिखित कर्जदार/गारंटर को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि वे धारा 13(2) सूचना में उल्लिखितानुसार राशि का नीलामी की तिथि से पूर्व दिनांक तक उपार्जित ब्याज के साथ संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान कर दें। भुगतान करने में विफल रहने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, की वसूली कर्जदार/गारंटर से ब्याज व लागत के साथ की जाएगी।

हस्ता./–
(प्राधिकृत अधिकारी)
दिनांक : 26–02–2023
स्थान : दिल्ली
पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 26 फरवरी 2023



# वर्षों से शिक्षा क्षेत्र रहा कठोरता का शिकार

● युवाओं की आकांक्षा के हिसाब से नई दिशा दी



**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने शनिवार को कहा कि वर्षों से हमारा शिक्षा क्षेत्र कठोरता का शिकार रहा और इसे बदलने का प्रयास करते हुए सरकार ने शिक्षा और कौशल को युवाओं की आकांक्षाओं और आने वाले समय की मांग के हिसाब से नई दिशा दी है। बजट के बाद युवा शक्ति का दोहन-कौशल और शिक्षा पर हुए वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, बजट में जो निर्णय लिए गए हैं, उनसे हमारी सरकार का सम्पूर्ण नजरिया भी स्पष्ट होता है। हमारे लिए शिक्षा और कौशल सिर्फ इनसे जुड़े मंत्रालय या विभाग तक सीमित नहीं है। हर क्षेत्र में इनके लिए संभावनाएं हैं। ये क्षेत्र हमारी अर्थव्यवस्था के बढ़ते आकार के साथ बढ़ रहे हैं। उन्होंने कौशल और शिक्षा से जुड़े पक्षकारों से आग्रह किया कि अलग-अलग क्षेत्रों में आ रहे इन अवसरों का अध्ययन करें,क्योंकि इससे इन नए क्षेत्रों के लिए जरूरी कार्यबल तैयार करने में आसानी होगी। वर्षों से हमारा शिक्षा क्षेत्र कठोरता का शिकार रहा, हमने इसको बदलने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि हमने शिक्षा और कौशल को युवाओं की आकांक्षाओं और आने वाले समय की मांग के हिसाब से नई दिशा दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी सीखने और कौशल, दोनों पर समान जोर दिया गया है। मुझे खुशी है कि इस प्रयास में हमें शिक्षकों का बहुत सहयोग मिला। इससे हमें अपने बच्चों को अतीत के बोझ से मुक्त करने का बहुत हौसला मिला है। इसने सरकार को शिक्षा और कौशल क्षेत्र में और सुधार करने के लिए प्रोत्साहित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अमृतकाल में कौशल और शिक्षा देश के दो सबसे महत्वपूर्ण उपकरण हैं और हमारे युवा ही विकसित भारत की दृष्टि को लेकर देश की अमृतयात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं। अमृतकाल के प्रथम बजट में युवाओं और उनके भविष्य को सबसे ज्यादा अहमियत दी गई है। हमारी शिक्षा प्रणाली व्यवहारिक हो, उद्योग उन्मुखी हो, ए बजट इसकी नींव मजबूत कर रहा है। नई प्रौद्योगिकी, नई तरह की कक्षाओं के निर्माण में भी मदद कर रही है, कोविड के दौरान हमने इसका अनुभव भी किया है, ऐसे में आज सरकार ऐसे उपकरणों पर ध्यान दे रही है जिससे किसी भी स्थान पर ज्ञान प्राप्त करना सुनिश्चित हो सके। आज देश में ऐसे अनेक डिजिटल और प्रौद्योगिकी आधारित पहल की जा रही है। सभी तरह की पहल को राष्ट्रीय डिजिटल यूनिवर्सिटी से और बल मिलेगा। ऐसे भविष्योन्मुखी कदम हमारी शिक्षा, हमारे कौशल और हमारे ज्ञान-विज्ञान के पूरे दायरे को बदलने वाले हैं। मोदी ने कहा कि अब हमारे शिक्षकों की भूमिका सिर्फ कक्षा तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि अब हमारे शिक्षकों के लिए पूरा देश, पूरी दुनिया ही एक कक्षा की भांति होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका मानना है कि उद्यमिता युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने में मदद करती है। उन्होंने कहा, हम भारत में उद्यमिता को भी बढ़ावा दे रहे हैं। इससे हमारे उद्योगों को भी उचित कौशल से जुड़े कार्यबल की पहचान करने में आसानी होगी।

## एदियुरप्पा ने वीरशैव लिंगायत समुदाय से भाजपा का समर्थन जारी रखने की अपील की

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक के पूर्व** मुख्यमंत्री बी. एस. एदियुरप्पा ने शनिवार को वीरशैव-लिंगायत समुदाय से आगामी विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अपना समर्थन जारी रखने और राज्य में जीत सुनिश्चित करने की अपील की। पत्रकारों के इस सवाल पर कि क्या उनके (एदियुरप्पा के) चुनावी राजनीति से संन्यास लेने के बाद भी समुदाय (वीरशैव-लिंगायत) का समर्थन भाजपा को जारी रहेगा, के जवाब में पूर्व मुख्यमंत्री ने यह बात कही। एदियुरप्पा (79) इसी समुदाय से आते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके घर बैठने का कोई सवाल ही नहीं है और वह विधानसभा चुनाव में पार्टी के वास्ते वोट मांगने के लिए पूरे राज्य का दौरा करेंगे। हाथ जोड़कर निवेदन करता हूं कि वह भाजपा का समर्थन करे।

# नक्सली मुठभेड़ में तीन पुलिसकर्मी शहीद

● सड़क की सुरक्षा में निकले थे जवान

भाषा। रायपुर

**छत्तीसगढ़ के सु**कमा जिले में शनिवार को नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में एक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) समेत जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के तीन जवान शहीद हो गए। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि सुकमा जिले के जगरगुंडा और कुंदेड़ गांव के मध्य सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में डीआरजी के सहायक उपनिरीक्षक रामुराम नाग, आरक्षक कुंजराम जोगा और वंजाम भीमा शहीद हो गए। सुंदरराज ने बताया कि शनिवार सुबह को जगरगुंडा थाना से डीआरजी के एक दल को सड़क निर्माण की सुरक्षा में गश्त पर रवाना किया गया था और यह दल जब सुबह नौ बजे जगरगुंडा और कुंदेड़ गांव के मध्य था तब नक्सलियों ने उसपर हमला कर दिया। उनके अनुसार इस हमले में एक सहायक उप निरीक्षक समेत तीन पुलिसकर्मी शहीद हो गए। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि जगरगुंडा (सुकमा) और बासागुड़ा (बीजापुर) के बीच सड़क निर्माण का काम चल रहा है। उनके मुताबिक सड़क की सुरक्षा के लिए हाल ही में कुंदेड़ गांव (सुकमा) और बेदरे (बीजापुर) में सुरक्षाबलों के लिए शिविर का निर्माण किया गया है। सुंदरराज ने बताया कि सुबह लगभग 150 की संख्या में डीआरजी के जवानों को जगरगुंडा से कुंदेड़ गांव की ओर गश्त पर रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि जब जवान गश्त पर थे तब नक्सलियों के बटालियन नंबर एक ने डीआरजी के दल पर हमला कर दिया, उसके बाद जवानों ने भी जवाबी कार्वाई की। नक्सलियों का बटालियन नंबर का नेतृत्व नक्सली नेता हिड़मा करता है। माना जाता है कि बस्तर क्षेत्र में बटालियन नंबर एक ने ही ज्यादातर नक्सली घटनाओं को अंजाम दिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि करीब एक घंटे तक मुठभेड़ के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए थे। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन और डीआरजी के संयुक्त दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया तथा जवानों के शवों को बाहर निकाला गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल में मौजूद जवानों के अनुसार मुठभेड़ में लगभग छह नक्सली मारे गए हैं, जिनके शवों को उनके साथी नक्सली घसीटकर जंगल में ले गए हैं। वर्ष 2021 में बस्तर क्षेत्र के टेकलगुडियाम गांव के करीब हमले के बाद यह नक्सलियों का बड़ा हमला है। बीजापुर जिले के टेकलगुडियाम गांव में नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर हमला कर दिया था। इस हमले में 22 जवान शहीद हो गए थे। इससे पहले 20 फरवरी को राज्य के राजनांदगांव जिले में नक्सली हमले में दो पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे।

# जलाई गई महिला प्राचार्य की मौत

● पुलिस बोली- आरोपी को फांसी की सजा दिलाने की कोशिश करेंगे

**भाषा।** इंदौर (मध्य प्रदेश)

**इंदौर के एक** निजी फार्मेसी महाविद्यालय के परिसर में पूर्व छात्र द्वारा पांच दिन पहले जलाई गई महिला प्राचार्य की शहर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार तड़के मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) भगवत सिंह विरदे ने संवाददाताओं को बताया कि सिमरोल थाना क्षेत्र स्थित बीएम कॉलेज ऑफ फार्मेसी के पूर्व छात्र आशुतोष श्रीवास्तव (24) ने महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विमुक्ता शर्मा (54) को इस संस्थान के परिसर में 20 फरवरी को दिनदहाड़े पेट्रोल डालकर बुरी तरह जला दिया था। उन्होंने बताया कि करीब 80 प्रतिशत झुलसीं महिला प्राचार्य अस्पताल में पिछले पांच दिनों से जिंदगी और मौत का जंग लड़ रही थीं और चिकित्सकों की तमाम कोशिशों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। विरदे ने बताया कि श्रीवास्तव को वारदात वाले दिन ही गिरफ्तार कर लिया गया था और फिलहाल वह पुलिस हिरासत में है। साजिश के तहत जघन्य वारदात को अंजाम देने के आरोपी के खिलाफ जिला प्रशासन ने शुक्रवार को सख्त रासुका के तहत मामला दर्ज किया और उसे जेल भेजने का आदेश दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महिला प्राचार्य के बयान के आधार पर श्रीवास्तव के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या के प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया था और प्राचार्य की मौत के बाद इसमें धारा 302 (हत्या) जोड़ दी गई है। हमारे पास आरोपी के खिलाफ पुख्ता सबूत और गवाहों के साथ ही महिला प्राचार्य का मृत्युपूर्व बयान है। हम अनुरोध करेंगे कि इस मामले को विशेष न्यायालय में चलाया जाए। हम उसे अदालत से फांसी की सजा दिलाने की कोशिश करेंगे। पुलिस अधीक्षक ने आरोपी श्रीवास्तव को शातिर बताया और कहा कि उसने पूछताछ में स्वीकार किया है कि उसने पेट्रोल डालकर लाइटर से महिला प्राचार्य को आग लगाई थी। पुलिस की पूछताछ के दौरान श्रीवास्तव ने अपने किए पर अब तक कोई अफसोस नहीं जताया है। बहरहाल, बुरी तरह जलाई गईं महिला प्राचार्य की मौत के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालों का घेरा बढ़ गया है।

## बांग्लादेश का मालवाहक पोत हुगली नदी में डूबा

**कोलकाता।** फ्लाई ऐश लेकर स्वदेश लौट रहा बांग्लादेश का मालवाहक पोत एक दूसरे पोत से टकराने के बाद हुगली नदी में डूब गया। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना कोलकाता से करीब 60 किलोमीटर दूर दक्षिण 24 परगना जिले के निश्चिंतपुर में शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात हुई। अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के पहुंचने के बाद पोत पर सवार चालक दल के नौ सदस्यों को बचाया गया। पुलिस ने बताया कि बाद में चालक दल के सदस्यों को पुलिस थाने लाया गया। पोत के प्रतिनिधि ने बताया कि पोत का एक हिस्सा डूब गया था और पानी तेजी से इंजन कक्ष में भर रहा था। उन्होंने कहा कि पोत को अब भी बचाया जा सकता है। आईडब्ल्यूएआई के अधिकारी ने बताया कि कोलकाता बंदरगाह पर पोतों की आवाजाही इस हादसे से प्रभावित नही हुई है क्योंकि दुर्घटनाग्रस्त मालवाहक पोत उस समय नौकायन मार्ग पर नही था। उन्होंने बताया कि निरीक्षण टीम मौके पर गई है और विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। अधिकारी के मुताबिक बचाए गए नाविकों को उनके देश भेजने के लिए बातचीत चल रही है।

## एचसीए पुरस्कारों में चार पुरस्कार आरआरआर के नाम

**मुंबई।** फिल्मकार एस.एस. राजमौली की फिल्म आरआरआर को एचसीए फिल्म पुरस्कार 2023 मे सर्वश्रेष्ठ अंतराष्ट्रीय फिल्म और सर्वश्रेष्ठ एक्शन फिल्म समेत चार पुरस्कारों से नवाजा गया। हॉलीवुड क्रिटिक्स एसोसिएशन (एचसीए) ने शुक्रवार रात लॉस एंजिलिस के बेवर्ली विलशायर में पुरस्कार समारोह का आयोजन किया था। फिल्म को सर्वश्रेष्ठ स्टंट के अलावा ऑस्कर के लिए नामित होने वाले गाने नाटू नाटू के लिए सर्वश्रेष्ठ गीत का पुरस्कार भी मिला।राजमौली ने सर्वश्रेष्ठ स्टंट पुरस्कार ग्रहण किया। अपने संबोधन में फिल्मकार ने फिल्म की टीम की प्रशंसा की। निर्देशक ने कहा, पूरी फिल्म मे असंख्य एक्शन शॉट्स में से मुश्किल से 2-3 शॉट ऐसे थे, जहां हमने बॉडी डबल्स (स्टंटमैन) का इस्तेमाल किया। हर स्टंट अभिनेताओं ने किया। वे कमाल के लोग है। राजमौली ने कहा, यह फिल्म पूरी टीम का संयुक्त प्रयास थी। इसके लिए मै अपनी पूरी टीम को धन्यवाद देता हूं। हमने इस फिल्म को बनाने के लिए 320 दिन कड़ी मेहनत की।

## शाह ने पटना साहिब गुरुद्वारे का दौरा किया

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पटना साहिब गुरुद्वारा पहुंचे। शाह, शहर में किसानों और मजदूरों के एक सम्मेलन को संबोधित करने के बाद गुरुद्वारे गए। उन्होंने ट्वीट किया, (मुझे) पवित्र तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। हर भारतीय के लिए यह एक पवित्र स्थान है। मैने देश और इसके लोगों की समृद्धि और कल्याण के लिए प्रार्थना की। पुलिस ने कहा कि यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। गुरुद्वारे का दौरा करने के बाद शाह बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की बैठक की अध्यक्षता करने के लिए राज्य अतिथि गृह गए। इस बैठक के बाद शाह नई दिल्ली लौट गए। इससे पहले दिन में उन्होंने वाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित किया।

# भारत में 70 वर्षों से थोपी गई पश्चिमी मानसिकता मोदी सरकार के दौरान बदली: अनुराग

**भाषा।** रायपुर



**केंद्रीय मंत्री** अनुराग सिंह ठाकुर ने शनिवार को कहा कि भारत में 70 वर्षों से थोपी गई पश्चिमी मानसिकता मोदी सरकार के दौरान बदली। रायपुर जिले के धनेली गांव स्थित रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में नेहरू युवा केंद्र संगठन छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा आयोजित युवा संवाद भारत ए2047 को संबोधित करते हुए ठाकुर ने स्वतंत्रता दिवस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पांच प्रणों (प्रतिज्ञा) को याद किया और देश के विकास की दिशा में काम करने का आग्रह किया।उन्होंने यह भी कहा कि अगले साल तक अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाया जाएगा। ठाकुर ने मोदी सरकार की सराहना करते हुए कहा, "हमें अपनी विरासत, इतिहास, कला, संस्कृति और परंपरा पर गर्व होना चाहिए। पश्चिमी देशों की मानसिकता 70 वर्षों से हमारे देश पर थोपी गई। पिछले आठ वर्षों में इस सोच को बदलने का काम किया गया है। उन्होंने कहा, आज हम सीना ठोक कर कह सकते हैं कि शानदार सोमनाथ धाम, काशी धाम, केदारनाथ धाम और महाकाल धाम बनाया गया और अगले साल अयोध्या धाम का निर्माण पूरा हो जाएगा। ठाकुर ने कहा कि केवल मंदिरों का निर्माण नहीं किया गया बल्कि वहां आने वाले पर्यटकों के कारण स्थानीय लोगों के लिए आजीविका कमाने का साधन भी बढ़ा है।

## क्विक न्यूज

### पंजाब प्रशासन को अजनाला प्रकरण को गंभीरता से लेना चाहिए : पूर्व पुलिस महानिदेशक

**चंडीगढ़।** पुलिस को अजनाला की घटना से निपटने के लिए बेहतर तरीके से तैयार रहना चाहिए था क्योंकि पंजाब ने आतंकवाद के काले दिन देखे हैं इसलिए प्रशासन को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। राज्य के एक पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने शनिवार को यह बात कही है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अगुआ रहे पंजाब के पूर्व डीजीपी एस.एस. विर्क ने कहा, भीड़ एकत्र करने वाली मानसिकता और इस तरह का खुला प्रदर्शन, लोकतंत्र और किसी भी राज्य की कानून व्यवस्था के लिए अच्छा संकेत नहीं है। कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह के समर्थकों द्वारा अजनाला में पुलिस थाने पर हमला करने के एक दिन बाद पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने शुक्रवार को कहा था कि प्रदर्शनकारियों ने पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब को एक ढाल के रूप में इस्तेमाल किया था और पुलिसकर्मियों पर कायरतापूर्ण तरीके से हमला किया था, जिसमें छह लोग घायल हो गए थे। उपदेशक के समर्थकों ने बृहस्पतिवार को प्रदर्शन के दौरान बैरिकेड तोड़ दिए थे और अजनाला में पुलिस थाना परिसर में हंगामा किया था। इस दौरान कुछ समर्थकों के हाथों में तलवारें और बंदूकें थीं। समर्थक मांग कर रहे थे कि लवप्रीत सिंह उर्फ तूफान को रिहा किया जाए। अमृतपाल सिंह के सहयोगी लवप्रीत सिंह को शुक्रवार को जेल से रिहा कर दिया गया। विर्क ने शनिवार को कहा कि ऐसी स्थिति से निपटने के लिए राज्य पुलिस को और अधिक तैयार रहना चाहिए था।

### स्वदेश विकसित तेजस विमान पहली बार किसी अन्य देश में वायुसेना अभ्यास में हिस्सा लेगा

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के पांच तेजस हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में एक बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास में हिस्सा लेंगे। स्वदेश विकसित लड़ाकू विमान किसी अन्य देश में हो रहे अभ्यास में पहली बार हिस्सा लेंगे। वायुसेना की एक टुकड़ी डेजर्ट फ्लैग अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए अपने 110 कर्मियों के साथ यूएई के अल दाफरा वायुसेना अड्डे पर पहुंची है। वायुसेना पांच तेजस और दो सी-17 ग्लोबमास्टर-3 विमान के साथ भागीदारी कर रही है। एक अधिकारी ने कहा, यह पहला मौका है, जब एलसीए तेजस भारत के बाहर एक अंतरराष्ट्रीय वायुसेना अभ्यास में हिस्सा लेगा। अभ्यास डेजर्ट फ्लैग एक बहुपक्षीय वायुसेना अभ्यास है, जिसमें यूएई, फ्रांस, कुवैत, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, बहरीन, मोरक्को, स्पेन, दक्षिण कोरिया और अमेरिका की वायुसेनाएं भी भाग ले रही हैं। यह अभ्यास 27 फरवरी से 17 मार्च तक होने का कार्यक्रम है। अधिकारी ने कहा, अभ्यास का लक्ष्य विभिन्न वायुसेनाओं की सर्वश्रेष्ठ तरकीबों को सीखना है। तेजस का विनिर्माण हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने किया है। यह एक इंजन वाला विमान है।

### भारत ने क्रिप्टो के नियमन पर आईएमएफ, एफएसबी से दस्तावेज तैयार करने को कहा

**बेंगलुरु।** जी-20 के अध्यक्ष भारत ने अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) और वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) को क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर तकनीकी दस्तावेज मिलकर तैयार करने को कहा है। इसका इस्तेमाल क्रिप्टो संपत्तियों के नियमन के लिए एक समन्वित और समग्र नीति बनाने में किया जाएगा। वित्त मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक, जी20 देशों के वित्त मंत्रियों एवं केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बेंगलुरु में जारी बैठक के दौरान आईएमएफ एवं एफएसबी इस संयुक्त दस्तावेज को पेश कर सकते हैं।वित्त मंत्रालय ने कहा, नीतिगत ढांचे की आवश्यकता पर चल रही बातचीत को पूरा करने के लिए, भारत की अध्यक्षता में जी-20 ने आईएमएफ और एफएसबी के संयुक्त तकनीकी दस्तावेज का प्रस्ताव दिया है, जो जो क्रिप्टो-परिसंपत्तियों के व्यापक आर्थिक और विनियामक मामलों को देखेगा।

# सभी विपक्षी दल एकसाथ लड़ें, तो भाजपा 100 से कम सीटों पर सिमट जाएगी: नीतीश कुमार



**भाषा।** पूर्णिया

**बिहार के** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी एकता के अपने आह्वान को दोहराते हुए शनिवार को कहा कि अगर कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल आगामी लोकसभा चुनाव एकसाथ लड़ते हैं, तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 100 सीटों से कम पर सिमट जाएगी।पूर्णिया में महागठबंधन की रैली को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा,अगर कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल आगामी लोकसभा चुनाव एकसाथ लड़ते हैं, तो भाजपा 100 सीटों से कम पर सिमट जाएगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी को इस बारे में जल्द फैसला लेना होगा...मैं चाहता हूं कि आप लोग (कांग्रेस) जल्द फैसला लें। यदि आप मेरे सुझाव को स्वीकार करते हैं और एकसाथ चुनाव लड़ते हैं, तो वे (भाजपा) 100 सीटों से नीचे तक सीमित हो जाएंगे ... लेकिन अगर वे मेरा सुझाव नहीं मानते हैं, तो आप जानते हैं कि क्या होगा। नीतीश ने दावा किया कि उनका एकमात्र लक्ष्य भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए विपक्ष को एकजुट करने के लिए काम करना है। मैं इसे एक वास्तविकता बनाने की कोशिश करता रहूंगा। भाजपा को पूरे देश से खत्म करने की जरूरत है।

## देश को बांटने की कोशिश कर रही है भाजपा : लालू प्रसाद

**पूर्णिया।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा देश को जाति और धर्म के आधार पर बांटने की कोशिश कर रही है। बिहार के पूर्णिया मे शनिवार को महागठबंधन एक रैली को दिल्ली से डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस देश के अल्पसंख्यकों के खिलाफ है। प्रसाद के नेतृत्व वाली राजद महागठबंधन की एक घटक है। लालू प्रसाद सिंगापुर मे सफल गुर्दा प्रतिरोपण कराने के बाद हाल ही मे देश लौटे है। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा और आरएसएस अल्पसंख्यको और समाज के कमजोर वर्गों के खिलाफ है। हम (महागठबंधन) 2024 के लोकसभा और 2025 के विधानसभा चुनावो मे भाजपा का सफाया कर देगे। भाजपा और आरएसएस दोनो आरक्षण के खिलाफ है और संविधान को बदलने और आरक्षण को समाप्त करने की कोशिश कर रहे है।

## जासूसी मामले में गिरफ्तार डीआरडीओ अधिकारी को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**बालासोर ( ओडिशा )।** पाकिस्तानी जासूस के साथ संवेदनशील सूचनाएं साझा करने के आरोपी डीआरडीओ के एक वरिष्ठ अधिकारी को शनिवार को ओडिशा के बालासोर जिले की एक अदालत ने चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की चांदीपुर (बालासोर) स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) में पदस्थ वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी बाबूराम डे (57) को को गिरफ्तार कर लिया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (शहर) साबित्री दास ने डे को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। वह कथित रूप से संवेदनशील रक्षा संबंधी जानकारी एक पाकिस्तानी एजेंट के साथ आर्थिक और यौन आनंद के लिए साझा कर रहा था। पुलिस अधीक्षक सागरिका नाथ ने कहा कि आरोपी की संपत्तियों की विस्तृत जांच की जाएगी। उसके फोन पर वॉट्सऐप चैट, यौन अभिव्यक्ति वाली तस्वीरें और वीडियो मिले हैं।

# मेघालय विधानसभा के लिए चुनाव प्रचार समाप्त, कल होगा मतदान

**भाषा।** शिलांग

**मेघालय** विधानसभा की 59 सीटों के लिए शनिवार को प्रचार का शोर थम गया। राज्य में 27 फरवरी को मतदान होगा और परिणाम दो मार्च को आएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एफ आर खारकोंगोर ने पीटीआई-भाषा को बताया, चुनाव प्रचार बिना किसी कानून व्यवस्था की समस्या के अपराह्न चार बजे समाप्त हो गया। आयोग ने 27 फरवरी को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने की तैयारी कर ली है। कुल 369 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत दांव पर है। उन्होंने बताया कि कुल 3,419 मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे जिनमें से 640 को संवेदनशील, 323 मतदान केंद्रों को अति संवेदनशील और 84 मतदान केंद्रों को अति जोखिम वाले केंद्र के तौर पर चिह्नित किया गया है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की 119 कंपनियों को पूरे राज्य में चुनाव के लिए तैनात किया गया है। खारकोंगोर ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित कराने के लिए 53 पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है जिनमें 20 आम पर्यवेक्षक, 21 व्यय पर्यवेक्षक और 12 पुलिस पर्यवेक्षक शामिल हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की गई है और बांग्लादेश से लगती 443 किलोमीटर सीमा को सील कर दिया गया है ताकि कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न नहीं हो। मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा की नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) दोबारा कार्यकाल हासिल करने की कोशिश कर रही है जबकि पूर्व मुख्यमंत्री मुकुल संगमा के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव जीतने के लिए एड़ी चोटी का बल लगा दिया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने राज्य में चुनाव प्रचार किया है और पार्टी को उम्मीद है कि वह सत्ता पर काबिज होगी। तृणमूल कांग्रेस संगमा सहित कांग्रेस के अधिकतर विधायकों को पार्टी में शामिल कर रातों-रात मेघालय विधानसभा में मुख्य विपक्षी पार्टी बन गई थी। एनपीपी नीत मेघालय लोकतांत्रिक गठबंधन (एमडीए) के तहत पांच साल सरकार चलाने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अकेले मैदान में है और इस बार विधानसभा में संख्या बल बढ़ने की उम्मीद कर रही है। मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने भाजपा के लिए यहां चुनाव प्रचार किया। पिछले विधानसभा में जीतने वाले कांग्रेस के सभी विधायकों के पाला बदल लेने के बाद पार्टी को उम्मीद है कि इस बार नए चेहरों के साथ चुनाव मैदान में उसकि स्थिति मजबूत रहेगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने शिलांग में रैली को संबोधित किया था और कहा था कि पूर्वोत्तर राज्य की संस्कृति, भाषा और परंपरा को बचाएंगे।



रैली के बाद वापस जाते लोग

## नगालैंड में भी शांत हो गए भोंपू

**कोहिमा।** नगालैंड विधानसभा चुनाव के वास्ते जनसभाओं, रोडशो और घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क बंद होने के साथ ही शनिवार शाम को प्रचार खत्म हो गया। राज्य में 13 लाख से अधिक मतदाता हैं तथा 60 सदर्स्‍य विधानसभा की 59 सीटों के लिए चार महिलाओं एवं 19 निर्दलीय समेत 183 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जुन्हेबोटो जिले में आकुलुटो सीट से भाजपा प्रत्याशी और निर्वतमान विधायक काजहेटो किन्मी निर्विरोध जीत गए हैं। राज्य में 27 फरवरी को सुबह सात बजे से अपराह्न चार बजे तक मतदान होगा। मतों की गिनती दो मार्च को होगी। सत्तारूढ़ नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपीपी) और भाजपा सीटों की साझेदारी के तहत क्रमश: 40 और 20 सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं। एनडीपीपी ने 2018 में इस पूर्वोत्तर राज्य में भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाई थी। उसे जनता दल यूनाईटेड और एक निर्दलीय प्रत्याशी का भी समर्थन मिला था। वर्ष 2021 में नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) भी एनडीपीपी नीत सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल हुआ था और उसे यूनाईटेड डेमोक्रेटिक एलायंस नाम दिया गया था। एनडीपीपी-भाजपा गठबंधन इस चुनाव में दूसरे कार्यकाल के लिए जद्दोजेहद कर रहा है। एनडीपीपी के नीफीयू रियो इस गठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा हैं। भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, केंद्रीय मंत्रियों सर्बानंद सोनोवाल, किरेन रीजीजू , जॉन बार्ला, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा एवं अन्य नेताओं ने पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार किया। मुख्यमंत्री रियो की अगुवाई में एनडीपीपी प्रचारकों ने करीब करीब सारे निर्वाचनक्षेत्रों में मतदाताओं को रिझाने का प्रयास किया।

## एमवी गंगा विलास क्रूज की यात्रा का मंगलवार को डिब्रूगढ़ में समापन

**नई दिल्ली।** दुनिया का सबसे लंबा रिवर क्रूज एमवी गंगा विलास मंगलवार को असम के डिब्रूगढ़ में अपनी यात्रा का समापन करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 13 जनवरी को हरी झंडी दिखाने के बाद एमवी गंगा विलास ने वाराणसी से अपनी यात्रा शुरू की। आईडब्ल्यूएआई ने एक बयान में कहा, एमवी गंगा विलास 28 फरवरी को डिब्रूगढ़ में अपनी यात्रा का समापन करेगा। उसी दिन डिब्रूगढ़ में भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण, बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय के तत्वावधान में एक स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल अन्य केंद्रीय और राज्य मंत्रियों के साथ शामिल होंगे। यह क्रूज पटना साहिब, बोधगया, विक्रमशिला, ढाका, सुदरबन और काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के रास्ते 28 फरवरी को डिब्रूगढ़ पहुंचेगा। क्रूज अपनी यात्रा के 50 दिनों में 3,200 किमी की दूरी तय करेगा।

# आईसीसी ट्रॉफी में हार पर मुझ पर हुआ था वार : कोहली

● असफल कप्तान माना गया

भाषा। नई दिल्ली



**भारत के पूर्व** कप्तान विराट कोहली ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का खिताब नहीं जीतने पर विशेषज्ञों और प्रशंसकों के एक वर्ग ने उन्हें विफल कप्तान करार दिया। कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम 2017 में चैम्पियन्स ट्रॉफी, 2019 में विश्व कप, 2021 में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अलावा 2021 में टी20 विश्व कप का खिताब जीतने में विफल रही थी। कोहली ने कहा कि इन सभी हार पर बात का बतंगड़ बनाया गया क्योंकि वह 2011 में विश्व कप और 2013 में चैम्पियन्स ट्रॉफी जीतने वाली उस टीम का हिस्सा थे जिसके कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी थे। कोहली से जब पूछा गया कि क्या टीम की अगुवाई करते हुए क्या उन्हें कभी आईसीसी ट्रॉफी नहीं उठाने का मलाल है तो उन्होंने कहा, देखिए आप टूर्नामेंट जीतने के लिए खेलते हैं। इससे काफी कुछ हुआ (कप्तान के रूप में आईसीसी ट्रॉफी नहीं उठाना)। मैंने 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी में कप्तानी की थी, मैंने 2019 विश्व कप टीम की कप्तानी की, मैंने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के पहले सत्र के फाइनल में भारत की कप्तानी की। कोहली ने आरसीबी पोडकास्ट के दूसरे सत्र में कहा, इन तीनों आईसीसी टूर्नामेंटों के बाद हम पिछला (2021) टी20 विश्व कप हार गए। हम क्वालीफाई (नॉकआउट चरण) नहीं कर सके। हम 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचे, विश्व कप (2019) के सेमीफाइनल, (विश्व) टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे और इसके बाद भी मुझे एक असफल कप्तान माना गया। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि उन्हें टीम में सांस्कृतिक परिवर्तन के लिए खुद पर गर्व है। उन्होंने कहा, मैंने खुद को उस दृष्टिकोण से कभी नहीं आंका (आईसीसी टूर्नामेंट में हार)। एक टीम के रूप में हमने जो हासिल किया और मेरे लिए एक सांस्कृतिक बदलाव है। यह हमेशा गर्व की बात होने वाली है क्योंकि एक टूर्नामेंट एक निश्चित अवधि के लिए होता है। लेकिन एक संस्कृति लंबी अवधि की होती है और उसके लिए आपको निरंतरता की आवश्यकता होती है। कोहली ने कहा, उसके (सांस्कृतिक परिवर्तन) लिए, आपको टूर्नामेंट जीतने की तुलना में अधिक जज्बे की आवश्यकता होती है। इसलिए, मैंने एक खिलाड़ी के रूप में (2011) विश्व कप जीता, मैंने एक खिलाड़ी के रूप में (2013) चैंपियंस ट्रॉफी जीती, मैं उस टीम का हिस्सा रहा जिसने पांच टेस्ट गदा जीते हैं। इस दिग्गज बल्लेबाज ने कहा, अगर आप आप इसे उस दृष्टिकोण से देखते हैं, तो ऐसे खिलाड़ी भी रहे हैं जिन्होंने कभी विश्व कप नहीं जीता है। मेरे पास जो कुछ भी है उसके लिए मैं हमेशा आभारी हूं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के साथ तुलना करते हुए कहा कि इस महान खिलाड़ी ने अपने छठे प्रयास में विश्व कप जीता था, जबकि वह उस टीम का हिस्सा थे जिसने विश्व कप को उनकी पहली मौजूदगी में ही जीता था।

## बुरे दौर में परिवार से बाहर सिर्फ माही ने दिया साथ



**नई दिल्ली।** दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि क्रिकेट के मैदान पर जब वह खराब दौर से गुजर रहे थे तब महेन्द्र सिंह धोनी इकलौते व्यक्ति थे, जिन्होंने उनसे बातचीत की थी। कोहली ने पिछले महीने चार-एकदिवसीय मैचों मे तीन शतकीय पारी खेल अपनी पुरानी लय हासिल की। कोहली और धोनी के बीच मजबूत रिश्ता है। कोहली की ए बाते इसका तस्दीक करती है। कोहली ने आरसीबी पोडकास्ट से कहा, उस समय अनुष्का मेरी सबसे बड़ी ताकत थी क्योंकि वह मेरे साथ रह रही थी और उसने बहुत करीब से देखा कि मैने कैसा महसूस किया है... इस दौरान मेरे बचपन के कोच और परिवार के अलावा एमएस धोनी इकलौते व्यक्ति थे, जिन्होने मुझसे संपर्क किया था। कोहली ने 2008 से 2019 के बीच 11 साल तक धोनी के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया है। उन्होने रांची के करिश्माई क्रिकेटर को अपना हमेशा का कप्तान बताया। उन्होने मुझसे खुद संपर्क किया, क्योंकि धोनी से संपर्क करना काफी मुश्किल है। अगर मै उन्हें किसी भी दिन फोन करता हूं, तो 99 प्रतिशत वह (फोन) नही उठा पाते है, क्योंकि वह फोन से दूर रहते है। उन्होने कहा, ऐसे मे उनकी तरफ से संपर्क किया जाना और वह भी दो बार (किया जाना), अच्छा रहा। उन्होने मुझे समझाया था, जब आपसे मजबूत होने की उम्मीद की जाती है और आपको मजबूत व्यक्ति के रूप मे देखा जाता है तो लोग यह पूछना भूल जाते है कि आप कैसे है? कोहली ने बताया, उनकी (धोनी की) बातों का मुझपर गहरा असर हुआ, क्योंकि मुझे हमेशा एक ऐसे व्यक्ति के रूप मे देखा गया है जो बहुत आत्मविश्वासी है, मानसिक रूप से बहुत मजबूत है, जो किसी भी परिस्थिति को सहन कर सकता है और रास्ता निकाल सकता है, साथ ही हमे रास्ता दिखा सकता है। इस दिग्गज बल्लेबाज ने कहा, कभी-कभी, आप जो महसूस करते है वह यह है कि जीवन मे किसी भी समय एक इंसान के तौर पर आपको कुछ कदम पीछे खीचने और यह समझने की जरूरत होती है कि आपकी खुद की भलाई किन चीजो से है। कोहली ने जब जनवरी 2022 मे दक्षिण अफ्रीका के दौरे के बाद अचानक टेस्ट कप्तानी छोड़ दी, तब भी उन्होने कहा था कि सिर्फ धोनी ने ही उन्हे संदेश (मैसेज) भेजा था। कोहली ने कहा, उन्होने मुझसे खुद संपर्क किया, क्योंकि धोनी से संपर्क करना काफी मुश्किल है। अगर मै उन्हें किसी भी दिन फोन करता हूं, तो 99 प्रतिशत वह (फोन) नही उठा पाते है, क्योंकि वह फोन से दूर रहते है। ऐसे मे उनकी तरफ से संपर्क किया जाना और वह भी दो बार (किया जाना), अच्छा रहा। उन्होने मुझे समझाया था, जब आपसे मजबूत होने की उम्मीद की जाती है और आपको मजबूत व्यक्ति के रूप मे देखा जाता है तो लोग यह पूछना भूल जाते है कि आप कैसे है? कोहली ने बताया, उनकी (धोनी की) बातो का मुझपर गहरा असर हुआ, क्योंकि मुझे हमेशा एक ऐसे व्यक्ति के रूप मे देखा गया है जो बहुत आत्मविश्वासी है, मानसिक रूप से बहुत मजबूत है, जो किसी भी परिस्थिति को सहन कर सकता है और रास्ता निकाल सकता है, साथ ही हमे रास्ता दिखा सकता है। इस दिग्गज बल्लेबाज ने कहा, कभी-कभी, आप जो महसूस करते है वह यह है कि जीवन मे किसी भी समय एक इंसान के तौर पर आपको कुछ कदम पीछे खीचने और यह समझने की जरूरत होती है कि आपकी खुद की भलाई किन चीजो से है। कोहली ने जब जनवरी 2022 मे दक्षिण अफ्रीका के दौरे के बाद अचानक टेस्ट कप्तानी छोड़ दी, तब भी उन्होने कहा था कि सिर्फ धोनी ने ही उन्हे संदेश (मैसेज) भेजा था।

# भारत से हार पर कंगारू टीम पर बिफरे चैपल

● ऑस्ट्रेलिया ने पहली गेंद पड़ने से पहले ही खुद के मुंह पर घूंसा जड़ दिया था : ग्रेग

भाषा। सिडनी



**आस्ट्रेलिया** के महान खिलाड़ी ग्रेग चैपल ने माइक टायसन का हवाला देते हुए भारत के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों में अपनी टीम के निराशाजनक प्रदर्शन की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि मेहमान टीम ने पहली गेंद पड़ने से काफी पहले ही अपने मुंह पर घूंसा जड़ दिया था। ऑस्ट्रेलिया चार टेस्ट मैच के पहले दोनों मैच हार कर पहले ही बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी गंवा चुका है। दोनों टेस्ट मैच तीन दिन के अंदर समाप्त हो गए जिसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम की पूर्व क्रिकेटरों ने कड़ी आलोचना की। चैपल ने कहा, वह माइक टायसन थे जिन्होंने इवांडर होलीफील्ड के खिलाफ मुकाबले से पहले कहा था, हर किसी के पास तब तक की योजना होती है जब तक कि उसके मुंह पर घूंसा न पड़ जाए। उन्होंने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड में लिखा, पहले दो टेस्ट मैच देखने के बाद मेरी चिंता यह है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहली गेंद पड़ने से काफी पहले ही अपने मुंह पर घूंसा जड़ दिया था। चैपल ने भारत के वर्तमान दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया की तैयारियों और योजनाओं पर सवाल उठाए। रणनीति तैयार करना एक बात है लेकिन उसे त्रुटिपूर्ण आधार पर तैयार करना बेकार की कवायद है। नागपुर में पहला टेस्ट मैच पारी और 132 रन से हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने दिल्ली में सिर्फ एक तेज गेंदबाज कप्तान पैट कमिंस के साथ उतरने का फैसला किया। उसने स्कॉट बोलैंड को बाहर कर दिया और बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुह्नमैन को पदार्पण का मौका दिया। ऑस्ट्रेलिया को इस श्रृंखला को जीतने के लिए अपने मजबूत पक्षों के साथ खेलने की जरूरत थी। स्पिन गेंदबाजी हमारी ताकत नहीं है। इसके लिए टीम में स्पिनरों को चुनना भारत में सफलता हासिल करने का तरीका नहीं है। हमें अपने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों को चुनना चाहिए था और उन पर भरोसा करना चाहिए था तथा बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करके उनका समर्थन करना चाहिए था।

### भारतीय एथलीटों को कोचिंग देने को तैयार हैं रूडिशा

**नई दिल्ली।** ओलंपिक 800 मीटर स्पर्धा मे दो बार स्वर्ण पदक जीतने वाले कीनिया के डेविड रूडिशा अपने शानदार करियर के खत्म होने के बाद भारतीय फर्राटा और मध्यम दूरी के धावकों को प्रशिक्षण देने के लिए तैयार है। आठ सौ मीटर स्पर्धा में दो बार के विश्व चैंपियन रूडिशा ने लंदन ओलंपिक मे स्वर्ण पदक जीतने के चार साल बाद रियो में अपने प्रदर्शन को दोहराया था।

### अल्कराज और नॉरी रियो ओपन के सेमीफाइनल में

**रियो डी जेनेरियो।** पिछले सप्ताह अर्जेंटीना ओपन के फाइनल मे एक-दूसरे का सामना करने वाले कार्लोस अल्कराज और कैमरून नॉरी रियो ओपन के फाइनल में फिर से भिड़ने से एक जीत दूर है। रियो ओपन के गत विजेता स्पेन के अल्कराज ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले मे दुसान लाजोविच को 6-4, 7-6 से शिकस्त दी। सेमीफाइनल में स्पने के इस खिलाड़ी के सामने निकोल्स जैरी की चुनौती होगी जिन्होंने सेबस्टियन बैज को 6-3, 7-6 से हराया।

### अहलावत संयुक्त चौथे स्थान पर, पॉल को बढ़त

**गुरुग्राम।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत ने इंडियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के तीसरे दौर मे शनिवार को यहां चार अंडर 68 का शानदार स्कोर बनाया जिससे वह संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गए। जर्मनी के यानिक पॉल ने खराब शुरुआत से उबर कर एक अंडर 71 का कार्ड खेला। वह अब भी एक शॉट की बढ़त से शीर्ष पर बने हुए है। अहलावत ने इस 20 लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता में 15 स्थान की लंबी छलांग लगाई।

### मरे पांच मैच प्वाइंट बचाकर कतर ओपन के फाइनल में

**दोहा।** ब्रिटेन के टेनिस खिलाड़ी एंडी मर्रे ने जिरी लेहेका को 6-0, 3-6, 7-6 से हराकर कतर ओपन के फाइनल मे जगह पक्की की। पैतीस साल के मर्रे ने इस दौरान पांच मैच प्वाइंट बचाए। वह जून (2022) के बाद पहली बार एटीपी टूर फाइनल मे पहुंचे है जहां उनका सामना पूर्व नंबर एक खिलाड़ी डेनियल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव ने दूसरी वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-एलियासेम को दो सप्ताह में दूसरी बार इस बार 6-4, 7-6 से हराया।

### भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका ए को बराबरी पर रोका

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका ए को शुक्रवार को यहां 4-4 की बराबरी पर रोक कर इस दौरे पर अपना अजेय अभियान जारी रखा। इस दौरे पर दक्षिण अफ्रीका ए टीम के खिलाफ यह पहला मैच था। इससे पहले भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका की अंडर-21 टीम को तीनों मैचो मे मात दी थी। दक्षिण अफ्रीका का मौजूदा दौरा एशिया कप अंडर-21 के लिए टीम की तैयारी का हिस्सा है।

### परसेल व जेम्स डकवर्थ बेंगलुरू ओपन के फाइनल में

**बेंगलुरू।** मैक्स परसेल ने शनिवार को यहां हमद मेद्जेदोविच को हराकर बेंगलुरु ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाकर लगातार दूसरे एटीपी चैलेंजर खिताब जीतने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। पिछले रविवार को चेन्नई ओपन का खिताब जीतने वाले परसेल ने सेमीफाइनल में सर्बिया के मेद्जेदोविच को 6-2 5-7 7-6 (4) से हराया। ऑस्ट्रेलिया के परसेल का फाइनल में सामना दूसरी वरीयता प्राप्त और हमवतन जेम्स डकवर्थ से होगा।

# भारतीय स्पिनरों के खिलाफ अपने फुटवर्क से संतुष्ट हैं हेड

● इंदौर में भी करेंगे आक्रामक बल्लेबाजी

भाषा। नई दिल्ली



**ऑस्ट्रेलिया के** वामहस्त बल्लेबाज ट्रेविस हेड एक मार्च से इंदौर में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में भारतीय स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक रवैया बनाए रखने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टेस्ट तीन के दिन के अंदर हार का सामना करना पड़ा था और टीम रविवार को मैच खत्म होने के बाद यही रुकी रही। कोहनी में फ्रैक्चर के कारण सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर स्वदेश लौट गए हैं ऐसे में एक मार्च से इंदौर में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में उस्मान ख्वाजा के साथ हेड पारी का आगाज करेंगे। वह नागपुर में खेले गए श्रृंखला के पहले टेस्ट में टीम का हिस्सा नहीं थे। नागपुर मे अंतिम एकादश में जगह नहीं मिलने के बारे में पूछे जाने पर हेड ने कहा, यह कुछ ऐसा था जिसकी यहां आने के बाद मुझे उम्मीद नहीं थी। इसको लेकर काफी चर्चा हुई। इस पर सबके अलग-अलग मत हैं। मैं कोचिंग स्टाफ और चयनकर्ताओं का सम्मान करता हूं। मेरा उनके साथ काफी मजबूत रिश्ता है। मैच शुरू होने के अगले दिन मैंने खुद से कहा कि मैं अब भी दौरे पर हूं और ऑस्ट्रेलिया के लिए खेल रहा हूं। मैं अब भी वहीं कर रहा हूं जो मुझे पसंद है। मैं प्रतिस्पर्धा करना और खेलना पसंद करता हूं। लेकिन एक और तरीका है जिससे मैं खिलाड़ियों का समर्थन कर सकता हूं और अपने मौके की बेहतर तैयारी कर सकता हूं। मुझे अब भी लगता है कि मैं एक बेहतरीन जगह पर हूं। यह सिर्फ एक सप्ताह था जो मेरे मुताबिक नहीं रहा। टेस्ट मैच में पहली बार पारी का आगाज करते हुए हेड ने आक्रामक बल्लेबाजी की और मैच के दूसरे दिन भारतीय स्पिनरों को दबाव में ला दिया। तीसरे दिन का खेल शुरू होने के बाद पहली ही गेंद पर उनके आउट होने के बाद भारत ने मैच पर शिकंजा कस दिया। ऑस्ट्रेलिया ने 52 रन के अंदर नौ विकेट गंवा दिए। हेड ने कहा कि कोटला में दूसरी पारी में 43 रन बनाकर उनका काफी आत्मविश्वास बढ़ा है। वे बेहद कुशल गेंदबाज हैं, लेकिन जिस तरह से मैं कदमों का इस्तेमाल कर आगे और पीछे जा रहा था उससे मैं वास्तव में खुश था।

# दक्षिण अफ्रीका के स्वप्निल अभियान की राह में खड़ा है अजेय ऑस्ट्रेलिया

● महिला टी20 विश्व कप फाइनल आज

भाषा। केपटाउन



**दक्षिण अफ्रीका** को अगर अपने स्वप्निल अभियान का सकारात्मक अंत करना है तो उसे रविवार को यहां होने वाले महिला टी20 विश्व कप फाइनल में अब तक अजेय रहे आस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती से पार पाने का तरीका ढूंढना होगा। दक्षिण अफ्रीका ने सेमीफाइनल में अपनी जुझारूपन का बेजोड़ नमूना पेश करके इंग्लैंड को उलटफेर का शिकार बनाया और उसे आस्ट्रेलिया पर जीत दर्ज करने के लिए इसी तरह के प्रदर्शन की जरूरत पड़ेगी। ऑस्ट्रेलिया को हराना किसी भी तरह से आसान नहीं होगा। वह रिकॉर्ड पांच बार का चैंपियन है और लगातार सातवीं बार फाइनल में पहुंचा है। दक्षिण अफ्रीका ने पिछले 12 महीनों में अच्छी प्रगति की है। उसकी टीम पिछले साल वनडे विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंची थी और अब उसने आईसीसी की किसी प्रतियोगिता के फाइनल में पहली बार जगह बनाई है। लौरा वूलफार्ट और ताज़्मिन ब्रिट्स के रूप में दक्षिण अफ्रीका के पास सर्वश्रेष्ठ सलामी जोड़ी है। ब्रिट्स भाला फेंक में पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन है लेकिन 2012 में कार दुर्घटना के कारण उनका ओलंपिक में खेलने का सपना टूट गया था। दक्षिण अफ्रीका की यह सलामी जोड़ी अभी शानदार फॉर्म में हैं और अगर उनकी टीम को ऑस्ट्रेलिया को हराना है तो फिर इन दोनों को उसे अच्छी शुरुआत देनी होगी। ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत को रोमांचक मुकाबले में हराकर फाइनल में पहुंची थी।

### किम, जैक्लीन महिला टी20 विश्व कप फाइनल में मैदानी अंपायर होंगी

**केपटाउन।** किम कॉटन और जैक्लीन विलियम्स रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप फाइनल में मैदानी अंपायर की भूमिका निभाएंगे। न्यूजीलैंड की रहने वाली कॉटन का यह लगातार दूसरा विश्व कप फाइनल होगा। कॉटन सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया की भारत के खिलाफ पांच रन की जीत मे भी मैदानी अंपायर थी जबकि विलियम्स ने दक्षिण अफ्रीका की इंग्लैंड के खिलाफ छह रन की रोमांचक जीत मे यह भूमिका निभाई थी। फाइनल के लिए सुजैन रेडफेरन टीवी अंपायर जबकि निमाली परेरा चौथे अंपायर की भूमिका निभाएंगी।

## रहाणे से बातचीत से मिली थी स्पिनरों को खेलने की मदद : हैंड्सकॉम्ब



**इंदौर।** ऑस्ट्रेलिया के मध्यक्रम के बल्लेबाज पीटर हैंड्सकॉम्ब ने भारत के पूर्व उप-कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ उस बातचीत को याद किया जिससे उन्हें उपमहाद्वीप में स्पिन गेंदबाजी का सामना करने में मदद की। हैंड्सकॉम्ब ने 2016 में आईपीएल के दौरान रहाणे के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया था। रहाणे ने इस दौरान हैंड्सकॉम्ब को स्पिनरों को बल्लेबाजी के दौरान पैर और कलाई के उपयोग करने के बारे में बताया था। हैंड्सकॉम्ब ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा, वह अपने पिछले पैर का इस्तेमाल करते हुए स्पिनरों को आसानी से मिडविकेट की ओर खेल रहे थे। इससे मैं आश्चर्यचकित हो रहा था। स्पिनरों के खिलाफ रहाणे की बल्लेबाजी देख कर मैं सोच रहा था कि मुझे यह सिखाने के लिए किसी की जरूरत है। मैंने उनसे स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजी में कदमों के इस्तेमाल के तरीके पर बातचीत की। हैंड्सकॉम्ब ने कहा, जब आप अपने पिछले पैर का इस्तेमाल करते है तो इससे रन बनाने में मदद मिलती है। अगर गेंद विकेट के करीब टप्पा खा रही है तो आप अगले पैर का इस्तेमाल कर सकते हैं। अच्छी गेंदों पर रक्षात्मक खेल के साथ आपको उसका सम्मान करना होगा। दिल्ली में खेले गए दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 142 गेंद में नाबाद 72 रन बनाने वाले हैंड्सकॉम्ब दूसरी पारी में स्वीप शॉट लगाने की कोशिश में बिना खाता खोले पगबाधा हो गए। हैंड्सकॉम्ब ने कहा, भारत ने इन परिस्थितियों में मुझे गच्चा खाने पर मजबूर कर दिया।

### महिला राष्ट्रीय हॉकी के फाइनल में पहुंचे महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश

**काकिनाड़ा।** महाराष्ट्र ने पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए हरियाणा को पेनल्टी शूटआउट में 2- । से जबकि मध्य प्रदेश ने झारखंड को 2-0 से शिकस्त देकर शनिवार को यहां 13वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप के फाइनल में जगह पक्की की। देविका सेन ने मैच के आठवें मिनट में गोलकर हरियाणा को बढ़त दिला दी लेकिन भावना खाड़े ने 43वें मिनट में गोल कर स्कोर।-। से बराबर कर दिया। आकांक्षा सिंह ने गोल करके महाराष्ट्र को फाइनल में पहुंचा दिया। दूसरे सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश ने आखिरी पांच मिनट में दो गोल कर फाइनल का टिकट कटाया।

# ऋचा महिला टी20 विश्वकप में प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट के दावेदारों में अकेली भारतीय

भाषा। दुबई



**युवा विकेटकीपर**-बल्लेबाज ऋचा घोष महिला टी20 विश्व कप प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट (टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी) के लिए चुने गई नौ खिलाड़ियों में अकेली भारतीय है। भारत गुरुवार को केपटाउन में खेले गए सेमीफाइनल मैच में पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच रन से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गया। टूर्नामेंट में 19 साल की विकेटकीपर ने बल्ले से फिनिशर की भूमिका में चमक बिखेरी। उन्होंने इस दौरान दो बार 40 रन से अधिक की पारियां खेली। इसमें इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 47 रन की उनकी पारी ने भारतीय टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया था। उन्होंने पांच पारियों में दो बार नाबाद रहते हुए 68 की औसत से 168 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट लगभग 130 का रहा। उन्होंने विकेट के पीछे भी अपने काम से प्रभावित किया। ऋचा ने शानदार कैच लपक कर इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज डैनी वायट को चलता किया था। आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की इस सूची में ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों का दबदबा है, जिसमें मौजूदा चैंपियन के तीन, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के दो खिलाड़ी शामिल हैं। भारत और वेस्टइंडीज के एक-एक खिलाड़ी इसका हिस्सा है।

# दीप्ति शर्मा को यूपी वॉरियर्स का उप कप्तान बनाया गया



**लखनऊ।** भारत की शीर्ष हरफनमौला दीप्ति शर्मा को आगामी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में शनिवार को यूपी वॉरियर्स का उप-कप्तान नियुक्त किया गया। इस 25 साल की खिलाड़ी को यूपी वॉरियर्स ने 2.6 करोड़ रुपए की बोली के साथ टीम से जोड़ा था। भारतीय महिला टीम की एक प्रमुख सदस्य दीप्ति देश की उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से एक है जिसके पास विदेशों की फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट में खेलने का अनुभव है। दीप्ति ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, हमें उम्मीद है कि कप्तान एलिसा हीली और अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों के साथ हम टीम को अच्छी तरह से काम करने और कुछ शानदार क्रिकेट खेलने में मदद कर सकते हैं। हमें उम्मीद है कि डब्ल्यूपीएल में हमारा प्रदर्शन उत्तर प्रदेश की युवा महिला खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा और हम टूर्नामेंट के शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### मुंबई इंडियंस की महिला टीम का अभ्यास शिविर शुरू

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस की टीम ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरुआती सत्र से पहले शनिवार को यहां अपना अभ्यास शिविर शुरू किया। टीम ने मुख्य कोच चार्लोट एडवर्ड्स की देखरेख में पहले अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। एडवर्ड्स ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, यह शानदार रहा। टीम का यहां एक साथ होना बहुत अच्छा है। यह हमारा घरेलू मैदान है और यहां टीम की खिलाड़ियों से मिलकर बहुत अच्छा लगा। मैंने इन खिलाड़ियों के बारे में बहुत कुछ सुन रखा है और आखिर मुझे उन्हें नेट पर अभ्यास करते हुए देखने का मौका मिल गया। मुंबई इंडियंस अपना पहला मैच गुजरात जॉइंट्स के खिलाफ चार मार्च को नवी मुंबई में डी वाई पाटिल स्टेडियम में खेलेगा।

## इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड पर शिकंजा कसा

भाषा। वेलिंगटन

**हैरी ब्रुक** और जो रूट की बड़ी शतकीय पारियों के बाद अनुभवी जेम्स एंडरसन की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। बारिश के कारण पहले दिन केवल 65 ओवर का खेल हो पाया था लेकिन तब भी इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 315 रन बना लिए थे। हैरी ब्रुक ने 186 रन की जबर्दस्त पारी खेली जबकि रूट ने नाबाद 153 रन बनाए। इन दोनों ने 302 रन की साझेदारी की जिससे इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 435 रन बनाकर समाप्त घोषित की। बारिश ने शनिवार को मैच के दूसरे दिन भी खलल डाला लेकिन तब तक न्यूजीलैंड 138 रन पर सात विकेट गंवा चुका था। वह अभी इंग्लैंड से 297 रन पीछे है और उस पर फॉलोऑन का खतरा मंडरा रहा है। जब दिन का खेल समाप्त करने की घोषणा की गई तब टॉम ब्लंडेल 25 और टिम साउदी 23 रन पर खेल रहे थे।

# दिल्ली में एक सत्र को छोड़कर, ऑस्ट्रेलिया का प्रदर्शन शानदार रहा है: मैक्सवेल




भाषा। मेलबर्न

**ऑस्ट्रेलिया** के हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल का मानना है कि भारत के खिलाफ दिल्ली टेस्ट की दूसरी पारी को छोड़कर उनकी टीम का प्रदर्शन पहले दो टेस्ट मैचों में शानदार रहा है। दिल्ली टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की टीम मजबूत स्थिति में थी लेकिन मैच के तीसरे दिन दूसरी पारी में महज 52 रन के अंदर नौ विकेट गंवाकर टीम बैकफुट पर आ गई। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के मुताबिक मैक्सवेल ने कहा, मुझे लगता है कि उन्होंने बहुत जज्बा दिखाया है। उस एक सत्र के अलावा मुझे लगा कि वे शानदार रहे है। वह बहुत मुश्किल जगह (टेस्ट मैच के लिए) है। वहां खेलना आसान नहीं है। हमारे लिए वहां की परिस्थिति काफी अलग है। इस दौरे की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम में वापसी करने वाले मैक्सवेल ने कहा, मुझे ऐसा लगता है, हमने बराबरी की टक्कर दी और हमरा प्रदर्शन भारत के बराबर ही रहा है। टीम ने काफी हौसला दिखाया। ऑस्ट्रेलिया के मौजूदा खिलाड़ियों में स्टीव स्मिथ के अलावा मैक्सवेल एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने भारत में टेस्ट शतक बनाया है। पैर में फ्रैक्चर के कारण पांच महीने तक खेल से दूर रहे मैक्सवेल ने कहा, यह बस थोड़ा और जज्बा दिखाने के बारे में है। भारत के खिलाफ जब हम मैच में हावी होंगे तो हमें उन पलों पर और अधिक देर तक पकड़ बनानी होगी। इस हरफनमौला ने कहा, तीसरे दिन (दिल्ली में) की शुरुआत में मुझे लगा कि हम मैच में बहुत आगे हैं, और टेस्ट में किसी भी समय भारत से आगे रहना एक संकेत है कि हम सही चीजों को सही तरीके से कर रहे हैं। इन चीजों को थोड़ी और देर तब बनाए रखने की कोशिश करनी होगी। मैक्सवेल को 17 मार्च से भारत में शुरू होने वाले तीन मैचों के लिए एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया है। पिछले नवंबर में एक जन्मदिन की पार्टी में चोटिल होने के बाद उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है।

## प्रणय राष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर

भाषा। पुणे

**शीर्ष वरीय** और भारत के नौवें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय शनिवार को यहां 84वें सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में किरण जॉर्ज से सीधे गेम में हार कर बाहर हो गए। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के जॉर्ज ने जहां दिन का सबसे बड़ा उलटफेर करके प्रणय को 21-12 21-15 से हराया, वहीं महिला एकल में आकर्षी कश्यप ने दूसरी वरीयता प्राप्त तान्या हेमंत को पराजित किया। पुरुष एकल के एक अन्य मैच में दूसरी वरीय किदांबी श्रीकांत को भी मणिपुर के मैसनाम मीराबा के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा। श्रीकांत ने आखिर में यह मैच 19-21 21-18 17-21 से जीता। महिला वर्ग में जहां आकर्षी ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया वहीं अदिति भट ने सातवीं वरीयता प्राप्त साद धर्माधिकारी को 21-11 21-5 से हराया जबकि 14वीं वरीय दीपशिखा सिंह को सूर्य करिश्मा तामिरी से 14-21 21-10 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।